राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 04, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 22 जूलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

मणिपुर की घटना ने पूरे देश की आत्मा को झकझोर दिया, मणिपुर हालात चिंताजनक बने हुए हैं
.... पेज 03

भदोही में ट्रक और कार की टक्कर में महिला की मौत, कार चालक घायल
.... पेज 05

मनिका बत्रा ने दिलाई बेंगलुरु स्मैशर्स को पहली जीत, चेन्नई लायंस को 8-7 से हराया
.... पेज 07

## 11 दिन मणिपुर पुलिस की कस्टडी में रहेंगे चारों आरोपी

**इंफाल ।** मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के 4 आरोपियों को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस ने गुरुवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया था। समाचार एजेंसी एएनआई ने मणिपुर पुलिस के हवाले से बताया कि सभी चार आरोपियों को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, चारों आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को एक ट्वीट में कहा, वायरल वीडियो मामले में चार मुख्य आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस स्टेशन के तहत अपहरण और सामूहिक बलात्कार के जघन्य अपराध में शामिल तीन आरोपियों के अलावा, मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

इस तरह अब तक कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने एचटी को बताया कि अभी और गिरफ्तारियां होनी हैं क्योंकि जांच टीम ने कम से कम आठ और लोगों की पहचान की है जो घटना में शामिल थे।

## राजस्थान : ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा बर्खास्त

### विधानसभा में सरकार को महिलाओं की सुरक्षा में फेल बताया, कुछ घंटे बाद हटाए गए

जयपुर। राजस्थान के ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा को शुक्रवार रात मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सिफारिश को राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंजूर कर लिया। राजेंद्र सिंह गुढ़ा लंबे समय से सीएम गहलोत और सरकार के खिलाफ बयान दे रहे थे। गुढ़ा ने शुक्रवार को विधानसभा में न्यूनतम आय गारंटी बिल पर बहस के दौरान अपनी ही सरकार पर महिला सुरक्षा में फेल होने का आरोप लगाया था। मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने तख्तियां लहराई थीं।

इस पर गुढ़ा ने कहा- राजस्थान में इस बात में सच्चाई है कि हम महिलाओं की सुरक्षा में विफल हो गए हैं। राजस्थान में जिस तरह से महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं, ऐसे में हमें मणिपुर की बजाय अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। गुढ़ा की बर्खास्तगी के बाद अब गहलोत मंत्रिपरिषद में एक मंत्री की जगह खाली हो गई है। अब कैबिनेट में फेरबदल की संभावना जताई जा रही है।



मंत्री गुढ़ा के आरोप पर नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा था- सरकार संविधान के आर्टिकल 164(2) के तहत सामूहिक जिम्मेदारी से चलती है। हमारे संविधान में लिखा है कि सरकार का एक मंत्री बोलता है तो इसका मतलब पूरी सरकार बोल रही है। मंत्री ने सरकार की कलई खोल दी है। मैं उनको बधाई दूंगा, लेकिन यह शर्मनाक बात है।

### हाईकमान से सलाह लेकर बर्खास्तगी का फैसला

राजेंद्र गुढ़ा पिछले करीब एक साल से पार्टी लाइन से अलग जाकर कई बार बयान दे चुके थे। पार्टी में एक्शन लेने के लिए शुक्रवार को सबसे बड़ा आधार तय हो गया था। गुढ़ा ने मणिपुर मामले की जगह राजस्थान सरकार को अपने गिरेबां में झांकने की सलाह देकर विवाद बढ़ा दिया। गुढा के विधानसभा में दिए बयान को बीजेपी ने आधार बनाकर मणिपुर के काउंटर में पेश करना शुरू कर दिया।

सूत्रों के मुताबिक प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने तत्काल दिल्ली रिपोर्ट भेजी, हाईकमान से बात की। साथ ही गहलोत ने भी हाईकमान से सलाह ली, इसके बाद ग्रीन सिग्नल मिलते ही गुढ़ा के विधानसभा में दिए बयान के कुछ ही देर बाद उन्हें बर्खास्त करने की फाइल राजभवन भिजवा दी।

## मोदी सरनेम केस में 4 अगस्त को अगली सुनवाई

### राहुल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का पूर्णेश मोदी और गुजरात सरकार को नोटिस

अहमदाबाद। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस बीआर गवई और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले पूर्णेश मोदी और गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। इस पर 10 दिनों में जवाब देना होगा। इस मामले में अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

दरअसल, राहुल गांधी ने 2019 में मोदी सरनेम को लेकर एक बयान दिया था। इसके खिलाफ भाजपा



विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में सूरत कोर्ट ने राहुल को 2 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी सांसदी चली गई थी।

सजा के खिलाफ राहुल सूरत सेशन कोर्ट और गुजरात हाईकोर्ट भी गए थे, लेकिन वहां से उन्हें राहत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने 15 जुलाई को सजा पर रोक लगवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। वहीं, पूर्णेश मोदी ने भी कोर्ट से अपील की थी कि उन्हें सुने बिना फैसला नहीं दिया जाए।

### राहुल के वकील ने की जल्दी सुनवाई की मांग

शुक्रवार को सुनवाई शुरू करने से पहले जस्टिस गवई ने कहा कि उनके पिता कांग्रेस से जुड़े हुए थे और भाई भी कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। ऐसे में उनके सुनवाई करने से किसी पक्ष को कोई आपत्ति तो नहीं है। इस पर दोनों पक्षों ने कहा कि उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है।

राहुल के वकील अभिषेक सिंघवी ने कोर्ट से राहुल गांधी एक संसद सत्र में शामिल नहीं हो पाए और मानसून सत्र भी निकला जा रहा है। वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए जल्द ही उपचुनाव भी घोषित किए जा सकते हैं। ऐसे में मामले में जल्दी सुनवाई की जानी चाहिए।

## मणिपुर सरकार ने सभी से आपत्तिजनक वीडियो हटाने की अपील की

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने शुक्रवार को आम जनता और मीडिया घरानों से दो महिलाओं को सड़कों पर नग्न घुमाने की भयावह घटना के बारे में सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो को हटाने की अपील की। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश फैल गया है। राज्य के गृह विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है क्योंकि घटना के वीडियो शरारती तत्वों द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर पोस्ट किए गए हैं।

## संसद की कार्यवाही 24 जुलाई तक स्थगित

### लोकसभा में मणिपुर को लेकर हंगामा; राजनाथ बोले- हम चर्चा के लिए तैयार



नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का दूसरा दिन। शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही कुल 19 मिनट चली फिर इसे 24 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया।

सुबह 11 बजे लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बयान दिया, सरकार मणिपुर पर चर्चा करने को तैयार है। कुछ दल हैं जो सदन चलने नहीं देना चाहते।

वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही कुल 18 मिनट चली फिर इसे भी 24 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने संसद के दोनों सदनों में मणिपुर हिंसा पर चर्चा करने के लिए नोटिस दिया है। विपक्षी पार्टियों ने लोकसभा में रूल 193 और राज्यसभा में रूल 176 और रूल 267 के तहत नोटिस दिए हैं। लोकसभा में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, मनिकम टैगोर और राज्यसभा में आप सांसद संजय सिंह और आरजेडी नेता मनोज कुमार झा सहित कई सांसदों ने नोटिस देकर मणिपुर हिंसा पर चर्चा करने की मांग रखी।

गुरुवार को मानसून सेशन के पहले दिन भी संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने मणिपुर घटना पर हंगामा शुरू कर दिया था।

इसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही अगले दिन के लिए स्थगित कर दी गई थी।

मानसून सत्र की शुरुआत होने से पहले पीएम मोदी ने कहा था- मेरा हृदय आज पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है। मणिपुर की घटना किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले कितने हैं और कौन हैं ये अपनी जगह है।

मानसून सत्र की शुरुआत होने से पहले पीएम मोदी ने कहा था- मेरा हृदय आज पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है। मणिपुर की घटना किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले कितने हैं और कौन हैं ये अपनी जगह है।

### केंद्र सरकार मानसून सत्र में 31 बिल लाएगी, सत्र में 17 बैठकें होंगी

मानसून सत्र 11 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 17 बैठकें होंगी। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 31 बिल ला रही है। इनमें 21 नए बिल हैं वहीं 10 बिल पहले संसद में पेश हो चुके हैं। उन पर चर्चा होगी। सबसे ज्यादा चर्चित बिल दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़ा अध्यादेश है।

## कोर्ट में यासीन मलिक को देखकर जज नाराज



नई दिल्ली। कश्मीरी आतंकी यासीन मलिक शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुआ। कोर्ट में उसे देख जज नाराज हो गए। जस्टिस सूर्यकांत और दीपांकर दत्ता की बैंच ने कहा कि हमने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया था, जिसमें कहा गया हो कि उसे व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होना है। इसके मामले में वर्चुअली सुनवाई होगी। टेरर फंडिंग केस में दोषी ठहराए जाने के बाद से यासीन तिहाड़ जेल में उम्र कैद की सजा काट रहा है। यासीन को आज जम्मू अदालत के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में पेश किया गया था। यासीन के केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस दीपांकर दत्ता ने इस केस से खुद को अलग कर लिया है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि इस केस की सुनवाई चार हफ्ते बाद की जाएगी। इसकी सुनवाई दूसरी बैंच करेगी, जस्टिस दत्ता उसके सदस्य नहीं होंगे। उन्होंने कहा, अगर यासीन को अपनी कोई बात रखनी होगी तो वो वर्चुअली जुड़ेगा। उसे कोर्ट में पेश नहीं किया जाएगा।

## मणिपुर संभल नहीं रहा और विश्व गुरु बनना है : राउत

मुम्बई। उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने मणिपुर में बीते ढाई महीनों से जारी हिंसा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि आप दुनिया भर की समस्याओं का समाधान करना चाहते हैं और आपके समर्थक विश्वगुरु कहते हैं, लेकिन मणिपुर ही जल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले तो आपको मणिपुर में ही शांति कायम करनी चाहिए। संजय राउत ने कहा कि मणिपुर का मुद्दा बेहद गंभीर है। इस मसले पर ब्रिटिश संसद तक में चर्चा



हुई है, लेकिन हमारे पीएम इस पर संसद में चर्चा की परमिशन ही नहीं दे रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है।

संजय राउत ने पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा, दो महीने के बाद भी मणिपुर जल रहा है। दो समुदायों के बीच चल रहे विवाद ने प्रदेश में आग लगा दी है। होम मिनिस्टर अमित शाह के दखल और प्रयासों के बाद भी शांति कायम नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद के बाहर बयान दिया, जब अंदर सदन चल रहा था। इसका मतलब है कि वह संसद का सम्मान नहीं करते हैं। यदि ऐसा ही है तो फिर नई संसद क्यों बनाई गई है? वह अडानी पर बात नहीं करते हैं और मणिपुर पर भी चर्चा नहीं करते।

## गोरखपुर यूनिवर्सिटी में कुलपति को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, कई घायल

### कार्यकर्ताओं ने रजिस्ट्रार और पुलिसवालों से भी की मारपीट; लाठीचार्ज

गोरखपुर। गोरखपुर में दीनदयाल उपाध्याय यूनिवर्सिटी में शुक्रवार शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने वाइस चांसलर के चैंबर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। दरवाजा उखाड़कर फेंक दिया। इसके बाद वाइस चांसलर और रजिस्ट्रार को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इतना ही नहीं, बीच-बचाव करने आए पुलिसवालों से भी मारपीट की।

बाद में पुलिसवालों ने लाठीचार्ज कर एबीवीपी कार्यकर्ताओं को खदेड़ा। बवाल में वाइस चांसलर, रजिस्ट्रार, 3-4, एबीवीपी कार्यकर्ता और कुछ



पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल भेजा गया है। अभी मौके पर हंगामा हो रहा है। 3 से 4 थानों की फोर्स तैनात की गई है। वहीं, 10 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है।

### क्यों हुआ बवाल

एबीवीपी कार्यकर्ता यूनिवर्सिटी में फैली अनियमितता के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों के मुताबिक वाइस चांसलर के आश्वासन के बाद भी किसी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद 13 जुलाई को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने मांगे पूरी न होने पर यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया।

उस दिन कार्यकर्ताओं ने तीन गेट के ताले भी तोड़ दिए थे। इसके बाद वाइस चांसलर ने एक-एक कर छात्रों की समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया था कि जल्द ही इन सभी का समाधान कर दिया जाएगा।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय सिद्धारमैया को अयोग्य ठहराने की याचिका पर करेगा सुनवाई

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के चुनाव को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर 28 जुलाई को सुनवाई करेगा। सिद्धारमैया वरुणा विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधि हैं।यह याचिका वरुणा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता के एम शंकर ने दायर की गई है।न्यायमूर्ति एस सुनील दत्त यादव ने शुक्रवार को कहा कि मामले पर 28 जुलाई सुनवाई होगी।याचिका में कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणापत्र को दोषी ठहराया गया है जिसमें पांच 'गारंटियों' का वादा किया गया था, जो रिश्वतखोरी के समान भ्रष्ट आचरण और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (2) के तहत अनुचित प्रभाव के कारक भी हैं।

## रोजगार की मुख्य प्रेरक-शक्ति प्रौद्योगिकी है और रहेगी : मोदी

### रोजगारों का सृजन करने में भारत की क्षमता बढ़ी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोजगार के आर्थिक और सामाजिक पहलुओं पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि दुनिया इस समय बड़े बदलावों की दहलीज पर खड़ी है तथा इनका सामना करने के लिए जवाबी एवं कारगर रणनीतियां तैयार करने की जरूरत है।

मोदी ने मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित जी-20 श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से सम्बोधित करते हुए कहा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के इस युग में रोजगार की मुख्य प्रेरक-शक्ति प्रौद्योगिकी है और भविष्य में भी बनी रहेगी। उन्होंने प्रौद्योगिकी के कारण होने वाले बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि रोजगारों का सृजन करने में भारत की क्षमता बढ़ी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे परिवेश में यह बदलाव स्वतंत्र कामगारों और



ठेके पर काम करने वालों तथा किसी एप्प या वेबसाइट के जरिये ग्राहकों के लिये काम करने वालों के नये वर्गों के पैदा होने के कारण संभव हुआ है। ये दोनों तरह की अर्थव्यवस्थायें महामारी के दौरान अस्तित्व में आई थीं। उन्होंने कहा कि यह लचीली व्यवस्था है और इससे आय के अतिरिक्त स्रोत मिलते हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में लाभप्रद रोजगार पैदा करने, खासतौर से युवाओं के लिये रोजगार पैदा करने की अपार क्षमता है। इसके जरिये महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण में भी बदलाव लाया जा सकता है।

मोदी ने नये युग के इन कामगारों के लिये नये युग की नीतियां और योजनायें बनाने में अपनी क्षमता पहचानने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि नियमित काम के लिये अवसर पैदा करने के सतत समाधान खोजे जायें तथा सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कुशलक्षेम सुनिश्चित करने के लिये नये तौर-तरीके तैयार किये जायें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में सामाजिक सुरक्षा के दायरे की सही तस्वीर समझने के लिये, सार्वभौमिक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, बीमा और पेंशन कार्यक्रमों के लाभों को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि हमें हर देश की अनोखी आर्थिक क्षमताओं, शक्ति और चुनौतियों को समझना होगा। हमें यह जानना होगा कि सबके लिये एकरूपी सोच सामाजिक सुरक्षा के अनवरत वित्तपोषण के लिये उपयुक्त नहीं है।

उन्होंने उन्नत प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं के प्रयोग से श्रमशक्ति को कुशल बनाने पर जोर देते हुये कहा,'स्किलिंग, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग' भावी श्रमशक्ति का मूलमंत्र है। उन्होंने 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' का भी उदाहरण दिया।

मोदी ने कहा कि भारत के पास विश्व में कुशल श्रमशक्ति के सबसे बड़े प्रदाता देशों में से एक बनने की क्षमता है तथा वैश्विक रूप से चलित श्रमशक्ति भविष्य में वास्तविकता बन जायेगी।

## जानकारी

### स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को संसद में यह जानकारी दी

## कोरोना के बाद युवाओं की अचानक मौत के मामले बढ़े

नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण के बाद से युवाओं की अचानक मौत के मामले दर्ज किए गए हैं और हम इसकी जांच करा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को संसद में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्डिएक अरेस्ट से युवाओं की मौत के मामले कोरोना काल के बाद देखे गए हैं, लेकिन इसके कारण क्या हैं, इसकी पुष्टि के लिए अब तक सबूत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर आईसीएमआर की ओर से तीन अलग-अलग स्टडीज कराई जा रही हैं। इने जरिए यह पता लगाया जाएगा कि आखिर कार्डिएक अरेस्ट के केस बढ़ने की वजह क्या है।

लोकसभा में एक सवाल के जवाब में हेल्थ मिनिस्टर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश के 40 अस्पतालों को रिसर्च सेंटरों में 18 से 45 साल की उम्र के लोगों की अचानक मौत के मामलों की जांच की जा रही है। इसके अलावा 30 कोविड-19 क्लीनिकल रजिस्ट्री हॉस्पिटल्स में भी ऐसे केसों पर अध्ययन चल रहा है। इनमें यह पता लगाने का प्रयास हो रहा है कि क्या 18 से 45 साल की उम्र के लोगों पर वैक्सीन का कुछ असर हुआ है। वहीं तीसरी स्टडी वर्चुअल और फिजिकल अटॉप्सी के जरिए हो रही है। इसमें बिना किसी बीमारी के ही अचानक



होने वाली मौतों का पता लगाया जा रहा है कि इनकी वजह क्या हो सकती है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हृदय रोग संबंधित समस्याओं के लिए सरकार प्रिवेंशन ऐंड कंट्रोल ऑफ नॉन-कम्युनिकेबल डिसीज के लिए नेशनल प्रोग्राम के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की मदद करेगी। इस प्रोग्राम के तहत इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना, मानव संसाधन तैयार करना, हेल्थ प्रमोशन, लोगों की स्क्रीनिंग करना, आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटरों की स्थापना जैसे प्रयास शामिल हैं। इसके अलावा 724 जिलों में नॉन-कम्युनिकेबल डिसीज क्लीनिक्स, 210 जिलों में कार्डिएक केयर यूनिट्स और 326 जिलों में डे केयर सेंटर्स की स्थापना की जाएगी।

### कोरोना काल के बाद चौंका रहे अचानक मौतों के मामले

गौरतलब है कि कोरोना काल के बाद से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब लोग चलते-फिरते, डांस करते हुए मौत का शिकार हो गए। ऐसी मौतों में 18 साल से लेकर 40 साल तक की उम्र के फिट लोग भी बड़ी संख्या में पाए गए हैं। बेहद कम उम्र में हार्ट अटैक से होने वाली मौतों ने हेल्थ एक्सपर्ट्स से लेकर आम लोगों तक सभी को चौंकाया है। कई मामले तो ऐसे भी सामने आए हैं, जिनमें जिम में वर्कआउट करने के दौरान ही मौत हो गई। एक मौत तो शादी के दौरान हल्दी की रस्म के बीच ही हो गई।

## सहकारिता आंदोलन के लिए पैक्स को मजबूत बनाने की जरूरत : शाह

**नयी दिल्ली।** गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता की सबसे छोटी इकाई पैक्स को मजबूत बनाने पर शुक्रवार को जोर देते हुए कहा कि इससे ही सहकारिता को गांव स्तर पर सुदृढ़ किया जा सकता है ।

शाह ने आज प्राथमिक कृषि ऋण समितियों पैक्स द्वारा कॉमन सर्विस सेंटर सी एस सी की सेवाएं शुरू करने पर एक राष्ट्रीय महासंगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि पैक्स और सी एस सी के जुड़ने से सहकारिता को मजबूत करने व डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के दो संकल्प एक साथ पूरे हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगर सहकारिता



आंदोलन को मज़बूत बनाना है तो इसकी सबसे छोटी इकाई पैक्स को मज़बूत बनाना होगा। शाह ने कहा कि जब तक यह मज़बूत नहीं होते सहकारिता आंदोलन खड़ा नहीं हो सकता। इसलिए सरकार ने यह तय किया है कि पैक्स का कम्प्यूटरीकरण कर उन्हें पारदर्शी बनाया जाए, जवाबदेही सुनिश्चित की जाए और साथ ही उनका आधुनिकीकरण किया जाए ताकि सरकार की डिजिटाइज़्ड योजनाओं को पैक्स के साथ जोड़ा जा सके। श्री शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के 20 दिन के भीतर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए 2,500 करोड़ रुपये प्रदान किए जिससे 65,000 पैक्स का कंप्यूटरीकरण हो रहा है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कहा कि न्यूनतम गवर्नमेंट,अधिकतम गवर्नेंस के साथ अतिम व्यक्ति तक भ्रष्टाचार रहित डिलीवरी के सूत्र को चरितार्थ करने का सी एस सी से बड़ा कोई और साधन नहीं हो सकता।

गौरवशाली भारत

नई दिल्ली
शनिवार 22 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## जैन मुनि की हत्या क्रूरतम अपराध : शिवराज



भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्नाटक में हाल ही में एक जैन मुनि की हत्या की घटना को आज क्रूरतम अपराध बताते हुए कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। चौहान ने यहां मीडिया से कहा कि कर्नाटक की घटना बेहद दुखद है। जीओ और जीने दो और अहिंसा को सबसे बड़ा धर्म मानने वाले धर्म के मुनि की इस तरह नृशंस हत्या की घटना को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

# शार्ट न्यूज

## फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने के आरोप में नौ के खिलाफ आरोप पत्र दायर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में क्राइम ब्रांच कश्मीर (सीबीके) ने शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एसकेआईएमएस) सौरा में फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने में कथित संलिप्तता के लिए नौ लोगों के खिलाफ मजिस्ट्रेट की अदालत में आरोप पत्र दायर किया है। सीबीके ने एक बयान में कहा कि उसकी आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) श्रीनगर ने नौ लोगों के खिलाफ पी/एस सीबीके की धारा 420, 468, 471 और 120-बी आरपीसी के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और प्रमाणपत्रों की जालसाजी करने के बाद एसकेआईएमएस, सौरा में धोखाधड़ी से नौकरियां हासिल करने में कथित संलिप्तता के मामले में आरोप पत्र पेश किया। मामले की शुरुआत सीबीके को निदेशक, एसकेआईएमएस सौरा से प्राप्त एक आधिकारिक संचार से हुई है, जिन्होंने शिकायत की थी कि 2015 के एसकेआईएमएस सौरा के आदेश संख्या सिम्स-23 (पी) के अनुसार, शकूर अहमद तांत्रे, मोहम्मद शाहिद मुर्तजा, शाज़िया हसन, मुदासिर बशीर सोफी और शमीम अहमद नाइक को उनकी शैक्षणिक साख, जन्मतिथि प्रमाणपत्र, आदि के सत्यापन या वास्तविकता के अधीन नर्सिंग ऑर्डरली के रूप में नियुक्त किया गया था।

## विजीलेंस द्वारा 30 हज़ार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में एएसआई गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने जालंधर जिले के थाना पतारा में तैनात सहायक सब इंस्पेक्टर (ए एसआई) राम प्रकाश को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ़्तार किया है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि राम प्रकाश को जसवीर सिंह जज निवासी गुरू नानक नगर गाँव काकी की शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। जसवीर सिंह गाँव कंगणीवाल में डेयरी फार्म चलाता है। शिकायतकर्ता ने थाना विजीलेंस ब्यूरो, जालंधर रेंज में पहुँच करके शिकायत दर्ज करवाई कि उसने 13 मई, 2022 को थाना पतारा में गुरप्रीत सिंह और अन्य के विरुद्ध केस दर्ज करवाया था और इस मामले में समझौता करने के लिए दूसरे पक्ष की तरफ से उस पर दबाव डाला जा रहा था। उसने आगे बताया कि गुरप्रीत सिंह और उसका भाई अमनप्रीत सिंह 27 सितंबर 2022 को उसके डेयरी फार्म पर आए और उसकी मारपीट की। इसके बाद बाद गुरप्रीत सिंह ने उसके (जसवीर सिंह) और उसके लड़के जसतेज सिंह के विरुद्ध थाना पतारा में आई. पी. सी. की धारा 323, 324, 326, 506, 148, 149 के अंतर्गत फ़र्ज़ी एफ. आई. आर. पांच अक्तूबर 2022 को दर्ज करवा दी।

## पंजाब यूथ कांग्रेस ने मणिपुर घटना पर मोदी का पुतला जलाकर किया प्रदर्शन

**जालंधर।** पंजाब युवा कांग्रेस ने हाल ही में मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई अमानवीय और शर्मनाक घटना की प्रतिक्रिया में आज जालंधर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब यूथ कांग्रेस के सचिव अंगद दत्ता ने उक्त घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक और निंदनीय है कि महिलाओं के खिलाफ ऐसे जघन्य कृत्य किए जाते हैं। मणिपुर की घटना ने न केवल राज्य बल्कि पूरे देश को शर्मसार किया है। जालंधर युवा कांग्रेस शहरी के जिला अध्यक्ष रणदीप संधू ने कहा कि उनका मिशन देश भर में महिलाओं के अधिकारों और कल्याण की रक्षा करना है। हम मांग करते हैं कि मणिपुर में पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने और भविष्य में ऐसी जघन्य घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए। जालंधर यूथ कांग्रेस कैंट के अध्यक्ष बॉब मल्होत्रा ने कहा कि भारत के युवा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से समझौता करने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेंगे, और वे किसी भी सरकार के खिलाफ एकजुट होंगे जो अपने नागरिकों की रक्षा करने में विफल रहती है।

## धारचूला व झूलाघाट झूलापुल अब आम लोगों के लिये देर तक खुले रहेंगे

पिथौरागढ़/नैनीताल। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित झूलाघाट और धारचूला झुलापुल अब आम लोगों के आवागमन के लिये एक घंटा देरी तक खुले रहेंगे। दोनों देशों के बीच इस बिन्दु पर सहमति बनी है। पिथौरागढ़ की जिलाधिकारी रीना जोशी की ओर से शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। जारी पत्र में कहा गया कि गत 14 जुलाई को आयोजित भारत-नेपाल सीमा समन्वय समिति की बैठक में नेपाल के दार्चुला और बैतड़ी के प्रमुख जिलाधिकारियों की ओर से पुलों के खुलने के समय में वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया था। उसी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। पत्र में आगे कहा गया है कि अब धारचूला एवं झूलाघाट झूलापुल आम लोगों के आवागमन के लिये ग्रीष्मकाल में (मार्च से अक्टूबर तक) प्रतिदिन प्रात: छह बजे से शाम सात बजे तक एवं शीतकाल में (नवम्बर से फरवरी तक) प्रतिदिन प्रात: छह बजे से शाम छह बजे तक खुले रहेंगे।

## टीएमसी ने शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को उन 13 बहादुर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने लोकतांत्रिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए विरोध प्रदर्शन के दौरान अपनी जान गंवा दी थी। पार्टी ने ट्विटर पर कहा, तीन दशक पहले, 21 जुलाई 1993 में उन 13 निडर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र के लोकाचार को बनाए रखने के लिए लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस हर साल आज के दिन उन 13 युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की याद में शहीद दिवस मनाती है, जिनकी 21 जुलाई, 1993 को ममता बनर्जी के नेतृत्व में कोलकाता में राज्य सचिवालय मार्च के दौरान पुलिस की फायरिंग में मौत हो गयी थी। सुश्री ममता उस समय कांग्रेस में थीं और उस वक्त राज्य में वाममोर्चा का शासन था। तृणमूल कांग्रेस ने कहा, आज, हम उनके सर्वोच्च बलिदान और वीरता का सम्मान करते हैं। उनके संघर्ष, आदर्श और साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के रूप में काम करेंगे।

## चंबल रिवर फ्रंट के दूसरे चरण का कार्यादेश जारी

कोटा। राजस्थान के कोटा में पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए बनाए जा रहे चंबल रिवर फ्रंट के 6.5 किलोमीटर के हरितिमा से आच्छादित रहने वाले दूसरे चरण की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन के दूसरे चरण का कार्यादेश जारी कर दिया गया है। कोटा में चंबल रिवर फ्रंट के प्रथम चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है और अगले महीने में पहले हफ्ते में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कर कमलों से इसके उद्घाटन की जोरशोर से तैयारियां की जा रही है जिसे कोटा उत्तर से कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की स्वप्निल परिकल्पना माना जाता है। नगर विकास न्यास मंडल की 202 वी बैठक शुक्रवार को नगर विकास न्यास के मीटिंग हॉल में संपन्न हुई जिसमें नगर विकास न्यास के अध्यक्ष एवं कलक्टर ओम प्रकाश बुनकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में कोटा में चंबल रिवर फ्रंट के दूसरे चरण सहित विभिन्न प्रस्तावों पर निर्णय कर अनुमोदन किया गया।

## अजमेर ब्लैकमेल कांड पर आधारित फिल्म अजमेर-92 हुई रिलीज

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के तीस वर्ष पुराने बहुचर्चित छायाचित्र ब्लैकमेल कांड पर आधारित फिल्म ..अजमेर-92.. आज रिलीज हो गई। अजमेर ब्लैकमेल कांड के लिए बनने के साथ ही विवाद में आई अजमेर-92 फिल्म का प्रसारण दो बार स्थगित करने के बाद आज पूर्व निर्धारित तारीख के अनुसार आज 21 जुलाई को रिलीज कर दी गई। रिलायंस एन्टरटेनमेंट के लिए पुष्पेंद्र सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म की अधिकांश शूटिंग मध्यप्रदेश के चंदेरी में अथवा इनडोर की गई है। सूत्र बताते हैं कि फिल्म के शुरुआत में अजमेर में शूटिंग के प्रयास हुए और कुछ शाट लिए भी गये लेकिन बाद में स्थानीय प्रशासन व सम्बंधित लोगों की ..बेरुखी.. के चलते यहां से ..पैक-अप.. कर लिया गया था।

# ‘आदिपुरुष’ के खिलाफ दायर याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म ‘आदिपुरुष’ के खिलाफ विभिन्न उच्च न्यायालयों में चल रही कार्यवाहियों पर शुक्रवार को रोक लगाते हुए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) प्रमाणन रद्द करने की मांग करने वाली याचिकाएं खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने ‘आदिपुरुष’ फिल्म को कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला होने का आरोप लगाते हुए इसके सीबीएफसी प्रमाणन को रद्द करने की मांग वाली एक अधिवक्ता एवं अन्य



की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद अपना यह आदेश पारित किया।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह की शुरुआत में फिल्म के निर्माता, निर्देशक और संवाद लेखक को व्यक्तिगत रूप से उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था। शीर्ष न्यायालय ने अधिवक्ता की जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए अपने आदेश में कहा, इस अदालत के लिए प्रमाणन की अपील पर सुनवाई करने और इस रोके रखने का कोई मामला नहीं है। अगर कोई अपीलीय प्राधिकारी के फैसले से असंतुष्ट है तो वह कानून के तहत उपलब्ध उपाय अपना सकता है।

शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में यह भी कहा कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, ग्रंथों और तथ्यों को विकृत करने के लिए फीचर फिल्म आदिपुरुष के प्रमाणन को रद्द करने की मांग करने वाले एक अधिवक्ता की ओर से संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाकर्ता दायर किया गया है। विभिन्न उच्च न्यायालयों में भी अनगिनत लोग आ रहे हैं।

शीर्ष अदालत की पीठ में अपने आदेश में कहा, हम यहां मान सकते हैं कि सिनेमैटोग्राफिक चित्रण मूल सामग्री के साथ खिलवाड़ करते हैं। यह किस हद तक स्वीकार्य है। इस अदालत के लिए अनुच्छेद 32 के तहत प्रत्येक व्यक्ति की संवेदनाओं के लिए हस्तक्षेप करना संभव नहीं है।

# इस बार प्रयागराज में मनाया जायेगा वायु सेना दिवस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वायु सेना दिवस समारोह इस वर्ष उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किया जायेगा तथा इस मौके पर वायु सेना के विमानों द्वारा किया जाने वाला एयर शो भी संगम किनारे होगा।

वायु सेना ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि उसके स्थापना दिवस की 91 वर्षगांठ आगामी 8 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मनायी जायेगी और इस अवसर पर विमानों की करतबबाजी का संगम क्षेत्र में प्रदर्शन किया जायेगा। यह कदम सशस्त्र सेनाओं के स्थापना दिवस देश के विभिन्न हिस्सों में मनाये जाने की



नीति के अनुरूप उठाया गया है। सशस्त्र सेनाओं के स्थापना दिवस एक वर्ष पहले तक केवल राजधानी दिल्ली में ही मनाये जाते थे। पिछले वर्ष से इनका आयोजन देश के अलग अलग हिस्सों में किया जा रहा है। पिछले वर्ष वायु सेना दिवस का आयोजन चंडीगढ में किया गया था। एयर डिस्पले का आयोजन सुखना झील के निकट किया गया था।

# भूस्खलन के कारण वैष्णो देवी यात्रा स्थगित

जम्मू। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर में भूस्खलन के कारण श्री माता वैष्णो देवी के नए मार्ग पर यात्रा शुक्रवार को स्थगित कर दी गई।

श्राइन बोड अधिकारी ने कहा, हिमकोटि में नए ट्रैक पर तड़के भूस्खलन हुआ। भूस्खलन के कारण नया ट्रैक बंद हो गया है और यात्रा रोक दी गई है लेकिन पारंपरिक मार्ग पर यात्रा सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि बैटरी कार सेवा भी निलंबित कर दी गई है और कर्मचारी ट्रैक को साफ करने के काम पर लगे हुए हैं।प्रतिदिन लगभग 20 हजार से 25 हजार तीर्थयात्री गुफा मंदिर में आते हैं।

इस साल के पहले छह महीनों में 50 लाख से अधिक भक्तों ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए।

### हरियाणा में तीन जिलों की पांच ग्राम पंचायतों के चुनाव 13 अगस्त को

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य निवार्चन आयोग ने अम्बाला जिले की आजमपुर, जींद जिले की चाबरी और भरताना, रोजखेड़ा और सोनीपत जिले की ग्राम पंचायत जुआन-एक के चुनावों की अधिसूचना जारी की है। आयोग के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से ही चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है। इन चुनावों के लिये नामांकन पत्र 28 जुलाई से तीन अगस्त तक भरे जाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर : अमरनाथ यात्रा आधार शिविर में झड़प मामले में तीन लोग गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अमरनाथ यात्रा के शेषनाग आधार शिविर में पिछले सप्ताह हुई झड़प में कथित तौर पर शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि शेषनाग आधार शिविर पर झड़प 15 जुलाई को हुई और इसमें टट्टूवालों और कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार ने कहा कि स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पा लिया गया था।

कुमार के हवाले से पुलिस ट्वीट में कहा गया, 15 जुलाई को शेषनाग में टट्टूवालों के बीच (आपस में) झड़प हुई थी। झडप के दौरान टट्टूवालों और कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। स्थिति को तुरंत नियंत्रण में ले लिया गया।

एडीजीपी ने कहा कि कुछ व्यक्तियों ने सोशल मीडिया पर एक भ्रामक और निराधार वीडियो अपलोड किया जिसमें दावा किया गया कि यात्रियों पर पथराव किया गया।

# सेब उत्पादकों की सुविधा के लिए सुचारू परिवहन : सुक्खू

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सेब उत्पादकों को सुविधा प्रदान करने और उनकी उपज के लिए एक सुचारू परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारी बारिश से आई आपदा के बाद राज्य सरकार सेब उत्पादक क्षेत्रों में सड़कों की बहाली पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि बागवानों को सुचारू परिवहन सुविधा सुनिश्चित हो सके।

सुक्खू ने यह बात आढ़ती संघ के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त



सड़कों की शीघ्र बहाली के लिए युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि परिवहन संबंधी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए, राज्य सरकार नेरी पुल के माध्यम से छैला से यशवंत नगर सड़क को मजबूत करने को प्राथमिकता दे रही है। सेब सीजन के दौरान बागवानों के सामने आने वाली किसी भी परिवहन बाधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत इसके लिए 70 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की परियोजना का एक प्रस्ताव तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि भंडारण सुविधाएं बढ़ाने के लिए सरकार राज्य भर में प्रमुख स्थानों पर नियंत्रित वातावरण (सीए) स्टोर स्थापित करने की योजना बना रही है। ये सीए स्टोर भावानगर (किन्नौर), संदासू (चिड़गांव), अणु (जुब्बल), चौपाल (शिमला), जाबली (सोलन), सुंदरनगर (मंडी), दत्तनगर (रामपुर बुशहर) और खड़ापत्थर (शिमला) में स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा, दिल्ली में कुंडली सीमा पर राज्य सरकार की भूमि पर एक और सीए स्टोर बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है।

सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार एक डिस्टिलरी स्थापित करने पर भी विचार कर रही है ताकि निम्न गुणवत्ता के सेब से भी बागवान लाभ अर्जित कर सकें।

# काली नदी के किनारे बसे लोगों के लिये विशेष चेतावनी जारी

एजेंसी

पिथौरागढ/नैनीताल। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिला प्रशासन की ओर से शनिवार यानी 22 जुलाई को काली नदी के किनारे बसे लोगों के लिये विशेष चेतावनी जारी की गयी है। लोगों से अपील की गयी है कि कोई भी सुबह पांच बजे से शाम आठ बजे तक काली नदी के किनारे और तटीय इलाके में न जाये। जिलाधिकारी रीना जोशी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि धारचूला के तपोवन में स्थापित धौलीगंगा पावर स्टेशन में बरसात के चलते और भारी मात्रा में सिल्ट एकत्र हो गयी है। पावर स्टेशन की ओर से शनिवार 22 जुलाई को सिल्ट हटाने का निर्णय लिया गया है। सिल्ट हटाने के लिये फ्लशिंग प्रक्रिया के तहत बांध के गेट खोला जाना आवश्यक है। इससे काली नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हो सकती है।

# भारी बारिश व बर्फबारी के कारण 32.24 करोड़ का नुकसान

केलांग। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल स्पीति खंड के तहत भारी बारिश और बर्फबारी के कारण 32.24 करोड़ का नुकसान हुआ है। अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने जानकारी देते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग में 14.58 करोड़ रुपए, जल शक्ति विभाग का 14.68 करोड़ रुपए, वन विभाग में 1 करोड़ 15 लाख, खंड विकास कार्यालय में 30लाख, पशुपालन विभाग में 26 लाख के करीब नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग में 64.96 लाख, उद्यान विभाग में 57000 रुपए और राजस्व विभाग में 92 लाख रुपए के नुकसान का आंकलन किया गया। उन्होंने कहा कि खुलासा गांव में 92 बीघा भूमि को भारी नुकसान हुआ है। यहां के सात घरों को शिफ्ट किया जा



चुका है। उन्होंने बताया कि स्पीति के सभी लिंक रोड़ भी बहाल कर दिए हैं ।इसके ही पेयजल योजनाएं भी बहाल कर दी है। चंद्रताल तक का मार्ग बहाल है। वहीं फंसे हुए गद्दी लोगों को भी रेस्क्यू किया जा चुका है। उन्होंने पर्यटको को सलाह दी कि मौसम के हिसाब से यात्रा करने निकले। खराब मौसम के दौरान यात्रा न करें। चंद्रताल घूमने वाले कुछ दिनों तक न ही घूमने जाएं क्योंकि बार-बार भूस्खलन हो रहा है।

### भारी बारिश को लेकर केसीआर की अध्यक्षता में बैठक

हैदराबाद ।तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने शुक्रवार को राज्य में बढ़ते अनाज उत्पादन के बाद किसानों को लाभ दिलाने के लिए संबद्ध खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के आवंटन, भारी बारिश की चेतावनी और अन्य मुद्दों पर सचिवालय में समीक्षा बैठक की।केसीआर ने अधिकारियों को राज्य भर में भारी बारिश के मद्देनजर तुरंत राहत उपाय करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ किया कि सरकारी मशीनरी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। राव ने सभी जिलों के अधिकारियों से फीडबैक लेने के बाद उन्हें जहां भी आवश्यकता हो, तत्काल उपाय करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से गोदावरी नदी और उसकी सहायक नदियों में बढ़ते जल स्तर के बारे में भी जानकारी ली।

# आतंकवादियों पर कर्नाटक के गृह मंत्री के बयान से मचा बवाल

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर के पांच संदिग्ध आतंकवादियों की गिरफ्तारी के संबंध में बयान से राज्य में विवाद छिड़ गया है। परमेश्वर ने कहा था कि विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बनाने के आरोप में गिरफ्तार किए गए संदिग्ध व्यक्तियों को आतंकवादी नहीं कहा जा सकता। उन्होंने गिरफ्तारियों के बाद कहा, कोई उन्हें अभी आतंकवादी नहीं कह सकता और उन्हें आरोपी व्यक्ति ही कहा जाना चाहिए।

सिटी क्राइम ब्रांच (सीसीबी) पुलिस ने शहर से पांच संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था



क्योंकि वे शहर के विभिन्न हिस्सों में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पांच संदिग्ध आतंकवादियों की गिरफ्तारी की जांच में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के साथ संबंधों का खुलासा हुआ है। आरोपियों ने सरगना मोहम्मद जुनैद के अफगानिस्तान सीमा क्षेत्र में बैठकर आतंकी मॉड्यूल संचालित करने की भी जानकारी दी है। हिंदू कार्यकर्ताओं और भाजपा ने आतंकवादी संदिग्धों पर परमेश्वर के नरम बयानों की आलोचना की है। भाजपा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर आतंकवादियों को क्लीन चिट देने की कोशिश को लेकर गृह मंत्री से सवाल किया। भाजपा की कर्नाटक इकाई ने गुरुवार को गृहमंत्री से सवाल किया,प्रथम दृष्टया सबूत के बावजूद गृह मंत्री ने गिरफ्तार पांच संदिग्ध आतंकवादियों को क्लीन चिट क्यों दी ? एमएलसी एवं पूर्व मंत्री कोटा श्रीनिवास पुजारी ने भी परमेश्वर की टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की थी।

# विधानसभा सत्र बुलाने की फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे राज्यपाल : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस विधानसभा का मानसून सत्र बुलाने की मंजूरी के लिए राजभवन भेजी गई फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं।

ममता बनर्जी सरकार की 24 जुलाई से मानसून सत्र शुरू करने की योजना है और इसकी मंजूरी के लिए फाइल राजभवन भेजी गई थी जिस पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। सूत्रों ने आज



यहां बताया राज्यपाल ने पूछा है कि इतनी महत्वपूर्ण फाइल इतने कम समय नोटिस पर क्यों भेजी गई और उन्होंने राज्य के संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेब चटर्जी को तुरंत मिलने के लिए बुलाया था। संबंधित मंत्री राज्य से बाहर थे और इसलिए बोस ने मुख्य सचिव या गृह सचिव को बुलाया, जिससे मानसून सत्र शुरू होने को लेकर अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गई। बनर्जी ने दोहराया, हमारे संघीय ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया है। राज्यपाल हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं और विधानसभा भी शुरू करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

### 44 किलोग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर की रामगंज थाना पुलिस ने 44 किलो 430 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अभिषेक अंदासु ने बताया कि सांसी बस्ती रामगंज निवासी चांदू उर्फ चांद (44) मोटर साइकिल पर कट्टों में अवैध मादक पदार्थ ले जा रहा था कि पुलिस को देखते ही झाडियों की ओर भाग गया। पुलिस ने एक अन्य की मदद से चांद को पकड़ने में सफल रहने के साथ उसकी मोटरसाइकिल एवं गांजे से भरे कट्टों को जब्त कर लिया।

# बक्सर में गंगा में डूबे चार बच्चे, तीन की मौत

एजेंसी

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले के सदर प्रखंड के कृतपुरा गांव के समीप गंगा में स्नान करने के दौरान चार बच्चे डूब गए जिनमें से तीन की मौत हो गई जबकि एक का इलाज अभी जारी है। मृतकों में डुमरांव के प्रभात खबर के संवाददाता मनोज मिश्रा का पुत्र भी शामिल है।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्रा एवं मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार पहुंच गए हैं और फिलहाल शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के मुताबिक कृतपुरा के समीप लक्ष्मीपुर निवासी संजय मिश्रा की माता का शुक्रवार को दशकर्म था। इसी में शामिल होने के लिए संजय मिश्रा के बहनोई डुमरांव निवासी मनोज मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा अपने पत्नी और



बच्चों के साथ पहुंचे हुए थे। उनके साथ साथ संजय मिश्रा के एक और रिश्तेदार जो कि मुगलसराय के चुपेपुर के निवासी धनंजय मिश्रा भी सपरिवार पहुंचे हुए थे दशकर्म के दौरान घर के सदस्य कृतपुरा के समीप गंगा घाट पर स्नान पहुंचे जहां संजय मिश्रा के पुत्र सत्यम मिश्रा (14), मनोज मिश्रा (18) के पुत्र विकास मिश्रा तथा धनंजय मिश्रा के 10 वर्षीय पुत्र प्रियांशु (10) और प्रिंस (15) गंगा में स्नान करने के लिए उतरे। वह स्नान कर ही रहे थे तभी पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

# प्रियंका ने दी पुरानी पेंशन और 500 रुपए में सिलेंडर की गारंटी

एजेंसी

ग्वालियर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व आज कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने की स्थिति में पुरानी पेंशन लागू करने के साथ 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। वाड्रा यहां कांग्रेस की ओर से आयोजित जन आक्रोश रैली को संबोधित कर रहीं थीं। इस दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह भी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें बनीं हैं, वहां-वहां चुनाव पूर्व किए गए वादे पूरे होने की गारंटी होती है।

उन्होंने कर्नाटक, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ का उदाहरण भी दिया।

इस के साथ ही उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना मध्यप्रदेश में भी लागू की जाएगी। महिलाओं के खाते में हर महीने डेढ़ हजार रुपए जमा होंगे। गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। 100 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी और उसके बाद 200 यूनिट पर बिजली बिल आधा होगा। वर्ष 2018 में शुरु की गई किसान कर्जमाफी को भी पूरा किया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### आयोग ने मणिपुर सरकार को नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने गत 04 मई को मणिपुर के कांगपोकपी जिले के बी फीनोम गांव में भीड़ द्वारा एक आदिवासी परिवार के पांच सदस्यों को पुलिस हिरासत से ले जाने की घटना में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लिया एवं मणिपुर सरकार को नोटिस जारी किया है। इस घटना में कथित तौर पर, भीड़ दवारा दो महिलाओं को नग्न घुमाया गया, उनमें से एक के साथ बेरहमी से सामूहिक बलात्कार किया गया और परिवार के दो पुरुष सदस्यों, जिन्होंने महिलाओं की रक्षा करने की कोशिश की उनकी हत्या कर दी गयी । आयोग ने मणिपुर के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर 04 सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में घटनाओं के संबंध में दर्ज प्राथमिकी की जांच की स्थिति, पीड़ित महिलाओं और अन्य घायल व्यक्तियों की स्वास्थ्य स्थिति के साथ-साथ पीड़ित व्यक्तियों/परिवारों को दिया गया मुआवजा, यदि कोई हो, शामिल होना चाहिए।

### वाहन चोर गिरोह का खुलासा, 3 गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की थाना बीटा 2 पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने 3 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन चोरों के कब्जे से पुलिस ने 6 चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध शस्त्र बरामद किये है। बीटा-2 पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस, बीट पुलिसिंग और गोपनीय सूचना की सहायता से चेकिंग के दौरान तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस ने अरबाज, आसिफ और सचिन को पीपल वाला गोलचक्कर के पास पार्क सिग्मा-3 से गिरफ्तार किया गया। इन लोगों के कब्जे से चोरी की 06 मोटरसाइकिल और 1 अवैध तमंचा मय 2 कारतूस जिंदा .315 बोर नाजायज बरामद किये गए। बीटा 2 थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि यह तीनों चोर बड़े ही शातिर किस्म के वाहन चोर हैं, जो कि घूम-फिरकर रेकी करके मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। यह लोग चोरी की मोटरसाइकिलों को पुलिस और अन्य लोगों को धोखा देने की नीयत से फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चलाते थे। इनके द्वारा रेकी करके दिल्ली/एनसीआर के अलग अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

### चाइल्ड पीजीआई में संविदा स्टाफ नर्स की हड़ताल

नोएडा। सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में संविदा और स्थायी स्टाफ नर्सों की लड़ाई सड़क पर आ गई है। संविदा स्टाफ नर्स को हटाने के विरोध में साथी संविदा स्टाफ नर्सों ने शुक्रवार सुबह अस्पताल के इमरजेंसी गेट के बाहर प्रदर्शन किया। संविदा स्टाफ नर्स के प्रदर्शन और हड़ताल से इलाज कराने के लिए पहुंचे मरीजों को परेशानी हो रही है। दरअसल, संविदा स्टाफ नर्स बदन चौधरी का कहना है कि 14 जुलाई की रात इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान स्थायी स्टाफ नर्स मरीज के पास थी। गलती से स्थायी स्टाफ नर्स से काम लेने के दौरान स्टाफ नर्स से कहासुनी हुई। स्टाफ नर्स ने अभद्रता का आरोप लगाकर देर रात अपने पति और भाई को बुलाया। स्टाफ नर्स के परिजन लोहे की राड लेकर आए और मारने की धमकी दी। गार्डों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। घटना के बाद प्रबंधन ने बिना पूरी बात सुने उनकी सेवाएं समाप्त कर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थायी स्टाफ नर्स संविदा पर तैनात स्टाफ नर्सों का मानसिक शोषण करते हैं। वहीं स्थायी स्टाफ नर्सों का कहना है कि बदन ने ड्यूटी के दौरान जान बूझकर महिला कर्मचारी का हाथ पकड़ा था, विरोध करने पर अभद्रता और जाति सूचक शब्द कहे।

### डेटा साइंटिस्ट ने गोवा घूमने के लिए 6 लाख लूटे

गाजियाबाद। गाजियाबाद में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। डेटा साइंटिस्ट ने गोवा घूमने के लिए मनी एक्सचेंज शॉप से 6 लाख रुपए लूट लिए। पुलिस ने डेटा साइंटिस्ट समेत चार आरोपियों को पकड़ लिया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने लाइटर पिस्टल दिखाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के पास से 1.15 लाख रुपए भारतीय करेंसी, 280 डॉलर और लूट में प्रयुक्त लाइटर पिस्टल और कार बरामद हुई है। लूट करके तीन बदमाश गोवा में मौज-मस्ती कर रहे थे, जहां से इन्हें दबोचा गया। वहां से ट्रांजिट रिमांड लेकर बदमाशों को गाजियाबाद लाया गया है। डीसीपी (ट्रांस हिंडन) विवेक चंद्र यादव ने बताया, दिल्ली के किदवई नगर निवासी अमनदीप की गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित एक्सप्रेस गार्डन में मनी एक्सचेंज शॉप है। यहां पर 15 जुलाई को तीन बदमाश आए और हथियार दिखाकर करीब 6 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। इस वारदात के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई थीं। शुक्रवार को पुलिस ने ये केस वर्कआउट करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

### मोदीनगर में बिजली घर पर प्रदर्शन

मोदीनगर। मोदीनगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने की मांग को लेकर लोगों ने बिजली सब स्टेशन पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि लोड अधिक होने के कारण फाल्ट होने के चलते घंटों बिजली आपूर्ति ठप रहती है। नगर की भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी की गली नम्बर 12 की बिजली आपूर्ति के लिए 100 केवीए का बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि लोड अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर में रोजाना कई बार फाल्ट होता है। फाल्ट होने पर तीन से चार घंटे बिजली नहीं आती है। बिजली ना आने के कारण भीषण गर्मी में लोग बेहाल हो रहे हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कॉलोनी के सैकड़ों लोग एकत्र होकर शुक्रवार सुबह सीकरी मार्ग स्थित बिजली सब स्टेशन पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। कॉलोनी के लोग अधिशासी अभियंता के कार्यालय के सामने बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। दो घंटे से अधिक समय चले हंगामा के कारण अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

### मोदीनगर में 25 गांवों में जलभराव

**मोदीनगर।** निकासी का प्रबंध न होने के कारण मोदीनगर व मुरादनगर क्षेत्र के 25 गांवों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। खेतों में दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। जिस कारण करीब दस हजार बीघा से अधिक ज्वार, धान व ईख की फसल नष्ट होने की कगार पर पहुंच गई। ग्रामीण प्रशासन के अधिकारियों से जल निकासी के प्रबंध करने का अनुरोध कर रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति ही कर रहे हैं। भारी बारिश के कारण शहर से लेकर गांव तक जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जलभराव के कारण कस्बा निवाड़ी, पतला के अलावाखिदौड़ा, मतौर, महमदपुर, छलावा, भनेड़ा, नगला आक्खू, पूठरी, सुहाना, ग्यासपुर, रावली कलां, काकड़ा, बंदीपुर, खिमावत्ती, पैंगा, सारा, सौंदा सहित 25 गांवों के खेतों में दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। पानी भरा होने के कारण खेतों की खड़ी फसल बर्बाद होने के कगार पर है। कस्बा पतला के योगेन्द्र चौधरी व खिदौड़ा के हरीश त्यागी का कहना है कि यदि और बारिश हुई तो स्थिति बद से बदतर हो जाएगी। उनका कहना है कि यदि पानी की निकासी नहीं हुई तो आने वाली गेहूं की फसल की बोआई में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### इंटरव्यू के बहाने होटल में बुलाकर युवती से की छेड़छाड़, आरोपी की तलाश में पुलिस

गाजियाबाद। पहाड़गंज दिल्ली की रहने वाली एक युवती को नौकरी के लिए इंटरव्यू के बहाने बुलाकर एक युवक ने उससे छेड़छाड़ की। युवती ने इसका विरोध कर दिया और 112 नंबर पर पुलिस को कॉल कर दी। पुलिस के डर से आरोपी फरार हो गया। युवती ने आरोपी के खिलाफ सिहानी गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहाड़गंज निवासी युवती का कहना है कि फिलहाल वह सिहानी गेट क्षेत्र की एक कॉलोनी में मौसेरी बहन के साथ रहती हैं। उनकी बहन ने अपने दोस्त मनीष चौधरी से उनकी नौकरी के लिए बात की थी। मनीष से उन्होंने फोन पर बात की तो उसने बायोडाटा और फोटो मंगा लिए। मनीष ने उन्हें इंटरव्यू कराने के बहाने एक होटल में बुलाया। वहां पहुंचने पर मनीष ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर भी वह छेड़छाड़ करता रहा।

# मणिपुर की घटना ने पूरे देश की आत्मा को झकझोर दिया

## मणिपुर हालात चिंताजनक बने हुए हैं : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि मणिपुर की घटना ने पूरे देश के लोगों की आत्मा को झकझोर दिया है।

केजरीवाल ने यहाँ त्यागराज स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले कुछ महीने से मणिपुर के अंदर जिस तरह के हालात बने हुए हैं वह चिंताजनक है। केंद्र सरकार खासकर प्रधानमंत्री ने कभी भी इसके ऊपर कुछ नहीं बोला, यह भी बेहद गंभीर बात है। इस घटना को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

केजरीवाल ने वायरल वीडियो को लेकर कहा कि इसमें साफ दिख रहा है कि दो बहनों को निर्वस्त्र करके परेड



कराई गई। उनके साथ सामूहिक तौर पर गलत काम किए गए। इस वीडियो ने पूरे देश की आत्मा को झकझोर दिया है। अब पता चला है कि वीडियो अभी के नहीं, बल्कि ढ़ाई माह पुराने हैं। वहां की राज्य सरकार ने ढ़ाई महीने में कुछ नहीं किया। यह बेहद शर्मनाक और आपराधिक मामला बनता है।

उन्होंने कहा कि उन्हें बेहद दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इसके लिए मणिपुर सरकार और केंद्र सरकार जिम्मेदार है। यह अक्सर देखने में आया है कि देश में जब भी इस तरह के कोई वाकये होते हैं तो प्रधानमंत्री चुप्पी साध लेते हैं। यह एक कमजोर नेता की निशानी है। जब कोई समस्या आती है तो कमजोर नेता चुपचाप अपने कमरे में बंद होकर बैठ जाता है। वहीं साहसी नेता कोई मुसीबत होती है तो आगे दिखाई देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेहद दुख की बात है कि मणिपुर में जबसे हालात बिगड़े हैं, प्रधानमंत्री अपने कमरे में बैठे हैं। यह एक कमजोर नेता की निशानी है। बेहद दुख की बात है कि ऐसे संवेदनशील समय में भी प्रधानमंत्री ने कोई कदम नहीं उठाए। अगर समय पर कदम उठाया होता तो हमारी बहनों के साथ अन्याय नहीं होता।

### भविष्य की सुरक्षा के लिए जल बचाना जरूरी : गोयल

**नई दिल्ली।** दिल्ली जलबोर्ड ने यमुना की स्वच्छता, जल संरक्षण और स्थायी जल प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कई प्रयास शुरू किए हैं। जलबोर्ड ने शुक्रवार को यमुना एक्शन प्लान-तीन के तहत जल बचाओ, जीवन बचाओ थीम के साथ जागरुकता सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर रामनिवास गोयल ने पानी बचाने और यमुना को साफ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पानी की स्थिति खराब हो गई है और अब समय आ गया है कि हर व्यक्ति जिम्मेदारी से काम करे और पानी बचाए। दरअसल संयुक्त राष्ट्र संघ का मानना है कि 2030 तक हर किसी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होना चाहिए। नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भारत के गांवों के 17 करोड़ घरों में से केवल 2.8 करोड़ घरों तक ही नल का शुद्ध पानी पहुंच पाता है। शहरों की स्थिति तो और भी खराब है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के कुछ इलाकों में 10 फीट की गहराई पर भी पानी था।

# विनेश और बजरंग ट्रायल विवाद पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया को एशियाई खेलों के ट्रायल से दी गई छूट की चुनौती याचिका पर फैसला शनिवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फोगाट और पुनिया को सीधे प्रवेश के खिलाफ अंडर-20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल और अंडर-23 एशियाई चैंपियन सुजीत कलकल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। उन्होंने कहा अदालत का प्रयास यह पता लगाना नहीं है कि कौन बेहतर है। प्रयास यह देखना है कि प्रक्रिया का पालन किया गया है या नहीं।

फोगट (53 किग्रा) और पुनिया (65 किग्रा) को मंगलवार को भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति द्वारा एशियाई खेलों के लिए सीधे प्रवेश दिया गया, जबकि अन्य पहलवानों को 22 और 23 जुलाई को चयन ट्रायल के माध्यम से भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की करनी होगी। पंघाल और



कलकल ने छूट को चुनौती दी और चतुष्कोणीय शोपीस के लिए निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की मांग की।

अधिवक्ता हृषिकेश बरुआ द्वारा दायर याचिका में मांग की गई है कि दो श्रेणियों (पुरुषों की फ्री स्टाइल 65 किग्रा और महिलाओं की 53 किग्रा) के संबंध में आईओए तदर्थ समिति द्वारा जारी निर्देश को रद्द किया जाए और फोगट और पुनिया को दी गई छूट रद्द की जाए। बरुआ ने कई आधारों पर फैसले की आलोचना की जिसमें यह भी शामिल है कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की आम सभा ने अगस्त 2022 में खिलाड़ियों को छूट देने के प्रावधान को वापस ले लिया था।

# पंतगबाजी के मांझे से कब तक मौत : पंचायत संघ

नईं दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने मांझे से मासूम बेटी की मृत्यु पर नांगलोई सईदान में पंच प्रमुखों के बैठक में शोक प्रकट करते हुए इसके लिए शासन प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया ।पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि हमने पहले भी इस विषय पर आवाज उठाई है कि ऐसे मांझे पर पूरे देश में प्रतिबंध सख्ताई से लगाया जाए ।ओर देश में आने वाले सभी रास्तो पर सख्ताई की जाए। पंचायत संघ ने कहा कि हर साल बेजुबान पक्षी भी हजारों की संख्या में मारे जाते हैं ।ओर खेतों में किसान व पशु भी घायल होते हैं । परन्तु हम सभी असंवेदनशील हो गए हैं ।ऐसी दुर्घटनाओ से पतंग महोत्सव का कोई अर्थ नहीं रह जाता ।ओर हम अपनी सभी पंचायतों में यह मुद्दा उठाते रहेंगे जब तक मांझे पर पुर्ण प्रतिबंध लगें । पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव व शिव कुमार यादव ने देश के सभी सांसदो से आग्रह किया है कि वे अपने अपने संसदीय क्षेत्र में मांझे पर सख्ताई से प्रतिबंध लगवाये । पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा व 360गांव सर्व खाप के सुरेश शौकीन ने देश के सभी राजनैतिक व सामाजिक संगठनों को आवाह्न किया कि इस विषय पर आवाज उठाएँ ।ओर सख्त कार्रवाही के लिए शासन प्रशासन पर दबाव बनाएँ।

# यूसीसी लागू हुआ तो ईंट से ईंट बजा देंगे : चंद्रशेखर

## जंतर-मंतर पर भीम आर्मी की तरफ से शक्ति प्रदर्शन किया गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर भीम आर्मी की तरफ से शक्ति प्रदर्शन किया गया। इस महारैली का मकसद 28 जून को चंद्रशेखर आजाद पर हुए हमले का विरोध करना और घटना की जांच की मांग करना था। देशभर के अलग-अलग राज्यों से भीम आर्मी संगठन से जुड़े कार्यकर्ता जंतर-मंतर पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

जंतर-मंतर से चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि हम इस देश में मांगने के लिए पैदा नहीं हुए। जिसने मेरा साथ दिया उसके लिए खून का कतरा- कतरा बहा दूंगा, जिसने फंसाया उसे माफ



कर दूंगा। आजाद ने कहा कि गरीब इस देश में राज करेगा, अमीर खून का आंसू रोएगा। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं दलित समाज में पैदा हुआ, मेरा समाज सम्राट अशोक की तरह ग्रेट है।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि गरीब कमजोरों की लड़ाई लड़ने आया हूं, पहले किसी दलित कमजोर लड़की की चुन्नी खींत देते थे, मूंछ मुंडवा देते थे, पगड़ी उतरवा देते थे, अब ऐसा नहीं कर पाएंगे।

बहुत सारे लोग सीबीआई की जांच कर रहे, लेकिन हम कहते हैं कि जिसकी रक्षा गुरु गोविंद सिंह जी के बच्चे करते हैं, गुरु बाल्मीकि के बच्चे करते हैं, उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

आजाद ने कहा कि आज भीम आर्मी का स्थापना दिवस है, आठ साल पहले हमने जो शपथ ली थी, वही दोहराता हूं कि मनुवादी और सामंतवादी लोगों की सोच की जड़ों को हिला कर रख देंगे। हर जगह अत्याचार बंद करने के लिए तीन बातें कर लो। जिनकी सत्ता होती है, उनके साथ अत्याचार नहीं होता, जिसके पास पांच बल हैं, बुद्धीबल, धनबल, बाहुबल, जनबल, मनोबल, जिसका मनोबल गिर जाए उसे कोई नहीं बचा सकता।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मेरी जान की सुरक्षा चाहते हो तो इस सरकार को उखाड़ कर फेंक दो, अगर तुम्हारा भाई मर गया होता तो आज तुम रो रहे होते कि आज तुम्हारा भाई चला गया। चंद्रशेखर अकेला आदमी है मर जाएगा कोई बात नहीं है, लेकिन आप लोगों का क्या होगा।

# तिलक लगाने वाले, केसरहित : भी सिख हो सकते हैं : ठाकुर दलीप सिंह जी

नई दिल्ली। नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह जी ने कहा कि सिख पंथ को घटाने के लिए यह मिथ्या प्रचार किया जा रहा है कि तिलक लगाने वाले, केसरहित (मोने) सिख नहीं हो सकते। सच्चाई तो यह है कि तिलक लगाने वाले केसरहित (मोने) भी सिख हो सकते हैं; यदि वह सिख गुरू साहिबान पर श्रद्धा रखें। परन्तु, केसरहित लोग, अमृतधारी खालसा नहीं हो सकते; क्योंकि उन्होंने अमृत पान करके खालसाई मर्यादा नहीं अपनाई। अमृतधारी खालसापंथसमुच्चे सिख पंथ का एक श्रेष्ठ-अंग है। लेकिन,समुच्चा सिख पंथ : केवल अमृतधारी खालसा ही नहीं;सिख पंथ तो सभी गुरू नानक-



पंथी संप्रदाओं को मिला कर बनता है। अन्य सिख संप्रदाओं की तरह अमृतधारी खालसा भी एक सिख संप्रदाय ही है। गुरद्वारा एक्ट में लिखी हुई सिख की परिभाषा, केवल गुरद्वारा चुनाव के लिए है। परंतु, यह परिभाषा गुरुवाणी आशे के विरुद्ध है। ठाकुर जी ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए बताया कि गुरू साहिबान के समय में भी सिख तिलक लगाते थे एवं सतगुरु जी स्वयं भी कई बार तिलक लगाते थे। तिलक लगाने के बारे में गुरु ग्रंथ साहिब में लिखा है रामदास सोढ़ी तिलकु दीआ। भाई गुरदास जी अनुसार~ गुरू जी के पास, संगत में बैठने वाले सिख तिलक लगाते थे मथैटिकेलालालाइसाधसंगतिचलिजाइ बहंदे। इस कारण,तिलकलगाने से; कोई सिख से हिन्दू नहीं बनजाताऔर बिना तिलक लगाए भी लोग हिन्दू होते हैं। जो सज्जन यह कहते हैं कि केसरहित (मोने) और/या तिलक लगाने वाले लोग सिख नहीं हैं; वह भोले हैं, या सिख विरोधी हैं। क्योंकि, गुरु ग्रन्थ साहिब में कहीं भी नहीं लिखा है कि केसरहित या तिलक लगाने वाला सिख नहीं हो सकता। सतगुरु नानक देव जी के प्रति श्रद्धा रखने वाला प्रत्येक प्राणीसिख है; भले ही वह मोना हो, या तिलक लगाता हो। जिस सर्प ने गुरु जी पर छाया की थी, वह भी सिख था ।क्योंकि सिखी श्रद्धा से है, सतिगुर की नित सरधा लागी मोकउ (पृष्ठ, म.4) ।संपूर्ण गुरुवाणी में, कहीं भी सिख का बाहरी स्वरूप और पहिरावा निर्धारित नहीं किया गया और न ही किसी चिह्न या वस्त्र को धारण करने की मनाही है। इसकारण, हर मोना हिंदू नहींहोता; हर केसाधारी सिख नहीं होता।

# एनडीएमसी स्कूलों में मिलेगी नशे की रोकथाम की शिक्षा

नई दिल्ली। एनडीएमसी ने अपने स्कूलों में शारीरिक दंड रोकने, बच्चों के साथ प्यार से व्यवहार करने और नशे की रोकथाम के लिए शिक्षा देने की पहल शुरू की है। इसके लिए स्कूलों के प्रमुखों को जिम्मेदारी दी गई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया।

एनडीएमसी के अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि सभी स्कूलों को न केवल अच्छे बुनियादी ढांचे, संकाय सदस्यों, सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों की आवश्यकता है, बल्कि बिना किसी तनाव के छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए प्यार, सम्मान और गरिमा के माहौल की भी आवश्यकता है। उन्होंने उल्लेख किया कि स्कूलों में शारीरिक दंड को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम और इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए कुछ दिशानिर्देशों में छात्रों पर इसके प्रतिकूल मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रभाव के कारण अवैध घोषित किया है। उन्होंने स्कूलों के आसपास के क्षेत्र में तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री और खरीद इत्यादि गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए विद्यालय प्रमुखों और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए।

# 64 वें दिन भी प्राधिकरण पर किसानों का धरना जारी

## महिलाओं ने प्राधिकरण के बाहर डाला डेरा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का धरना प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को धरने के 64वें दिन भारी संख्या में महिलाएं प्राधिकरण के बाहर डेरा डाले बैठी रही और प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान किसानों ने साफ तौर पर कहा कि जब तक उनकी मांगों को माना नहीं जाएगा। उनका धरना और प्रदर्शन इसी तरह से चलता रहेगा। 24 जून के फैसले के उल्लंघन के विरोध में किसान सभा ने 18 जुलाई से धरना प्रदर्शन शुरू किया है। धरना प्रदर्शन रात दिन चल रहा है। धरने की अध्यक्षता सतपाल सिंह ने कि उन्होंने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभी तक की सबसे निकम्मी सरकार है, सरकार ने मध्यस्थ के तौर पर अपने सांसद को भी नहीं बख्शा है।



सांसद ने जो किसानों से मध्यस्थता कर वादा किया था, उसका भी इन्होंने ख्याल नहीं किया है। सांसद सुरेंद्र नागर को धता बताते हुए पूर्व सीईओ रितु माहेश्वरी ने ताजा-ताजा समझौते का उल्लंघन कर दिया। अफसरों ने सांसद सुरेंद्र नागर की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करते हुए ने मध्यस्थ बनाया था। उन्होंने मध्यस्थता करते हुए किसानों को हाई पावर कमेटी के गठन पर राजी कर लिया था।

### नोएडा में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

नोएडा। दादरी रोड (डीएससी) पर अधूरे एलिवेटेड रोड को पूरा कराने के लिए भंगेल और सलारपुर के व्यापारियों ने धरना एवं प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कभी नोएडा प्राधिकरण की वर्किंग स्टाइल इतनी अच्छी थी कि मजबूती को आधार माना जाता था और गुणवत्ता की चेकिंग होती थी मगर अब अनुभवहीन अधिकारियों की वजह से यह प्रोजेक्ट लंबे समय से अटके पड़े हैं। एलिवेटेड रोड कितने लंबे समय से लटका पड़ा है इतने बड़े बड़े दावे नोएडा प्राधिकरण करती है, अब तो दोगुना समय लग चुका है। अब भी आधा काम बचा हुआ है। इस वजह से एलिवेटड के नीचे दुकान चलाने वाले व्यापारी कंगाल हो चुके है। व्यापारी दुकान बंद कर पलायन कर रहे है। कई दुकानदारों को घर चलाना तक दुभर हो गया है। प्राधिकरण ने कहा था कि डेढ़ साल में एलिवेटेड का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

# स्वर्णजयंती काल के अवसर पर पूर्व छात्रों द्वारा वर्तमान छात्रों को प्रोत्साहित किया

स्वर्णिम काल में प्रवेश करता हुआ आर. के. पुरम स्थित रामजस अंतरराष्ट्रीय विद्यालय ने आज RISKPMUN नामक व्याख्यान माला प्रारंभ की। मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के अध्यक्ष राजीव गुप्ता जी विद्यमान थे। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व छात्र उदित मल्होत्रा जी रहें, जिन्होंने भारत के वैश्विक पटल पर होने वाली समस्याओं पर चर्चा की तथा बच्चों को उनका निदान खोजने के लिए प्रेरित किया ।साथ ही सूचना के अधिकार से संबंधित भारत की अन्य देशों से तुलना की और भारत में सूचना का अधिकार अन्य देशों की अपेक्षा सुदृढ़ एवं मौलिक हैं , यह अभिव्यक्त किया द्य स्कूल की निर्देशिका श्रीमती रचना पंत एवं प्राचार्या ऋचा शर्मा ने छात्रों को विश्वस्तरीय समस्याओं को खोजना एवं उनका समाधान करने के लिए प्रोत्साहित किया।




# सीएसएएस यूजी एडमिशन के दूसरे चरण पर डीयू ने आयोजित किया वेबिनार

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय की प्रवेश शाखा द्वारा शुक्रवार, 21 जुलाई को एक जन जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को विस्तार से समझाने के लिए आयोजित इस वेबिनार में कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) यूजी एडमिशन 2023-24 के दूसरे चरण पर विस्तार से चर्चा की गई। वेबिनार का सीधा प्रसारण दिल्ली विश्वविद्यालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया गया। वेबिनार के दौरान डीन एडमिशन प्रो. हनीत गांधी ने पोर्टल पर डैशबोर्ड में विभिन्न गतिविधियों के द्वारा प्रैक्टिकल करके आवेदकों को कार्यक्रमों का चयन, महाविद्यालयों का चयन और प्राथमिकताएं भरने के चरण के बारे में बारीकी से समझाया। उनके द्वारा इस वेबिनार के माध्यम से आवेदकों को सीएसएएस फॉर्म भरने की प्रक्रिया को चरण-दर-चरण विस्तार से समझाया गया। गौरतलब है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के सभी प्रोग्रामों में प्रवेश के लिए सीएसएएस एकल खिड़की पोर्टल है। इस वेबिनार के माध्यम से उम्मीदवार यह समझने में सक्षम हुए कि फॉर्म कैसे भरें और अपने बारहवीं कक्षा के अंकों को कैसे अपडेट करें। उम्मीदवारों को सीएसएएस प्लेटफार्म और सीएसएएस के पहले चरण और दूसरे चरण को भरने की मुख्य विशेषताओं के बारे में भी प्रो. हनीत गांधी द्वारा विस्तार से समझाया गया।

### यूपी में लिफ्ट एक्ट लागू कराने की मांग

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर विकास समिति के सदस्यों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी से ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के कार्यालय में मिलकर उत्तर प्रदेश में लिफ्ट एक्ट को लागू करने के लिए ज्ञापन दिया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने सीईओ का स्वागत भी किया। गौतम बुद्ध नगर विकास समिति के सदस्यों ने सीईओ ग्रेटर नोएडा रवि कुमार एनजी से मुलाकात कर उनका पौधा देकर स्वागत किया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में लिफ्ट एक्ट को लागू करने के लिए ज्ञापन भी दिया। गौतमबुद्ध नगर समिति की अध्यक्ष रश्मि पाण्डेय ने बताया की हाईराइज सोसाइटी में लिफ्ट में फंसने की आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और अब यह एक राज्यव्यापी समस्या बन चुका है।

## संपादकीय

# सामंती संस्कार सभ्य समाज पर धब्बा

घरेलू सहायक रखने को लेकर कड़े नियम-कानून जब तक नहीं बनते तब तक ऐसी अमानवीय घटनाओं पर रोक लगने का दावा नहीं किया जा सकता।

घरेलू सहायकों-सहायिकाओं के प्रति आज भी बहुत सारे लोगों का व्यवहार सामंती जमाने वाला ही देखा जाता है, जब उन्हें नौकर मान कर छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित करना अपना अधिकार समझा जाता था। मगर यह मानसिकता जब पढ़े-लिखे, अच्छे पदों पर काम करने वाले, समाज के संभ्रांत माने जाने वाले लोगों में प्रकट होती है, तो समाज के सभ्य होने पर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगता है।

ताजा घटना दिल्ली के एक संभ्रांत माने जाने वाले इलाके की है, जिसमें हवाई जहाज उड़ाने वाली एक महिला और एक निजी विमान कंपनी में कर्मी उसके पति के अपनी घरेलू सहायिका को पीटने का तथ्य उजागर हुआ। वे मामूली बातों पर उसे पीटा करते थे। जब यह व्यवहार अपनी हदें पार गया और घरेलू सहायिका के रिश्तेदारों को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने मालिक पति-पत्नी को सरेआम पीटा।

ऐसी कई घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं। कुछ में तो मालिक क्रूरता की इस हद तक पहुंचते देखे गए, जब उन्होंने किसी मामूली गलती पर अपने घरेलू सहायक को सिगरेट से दाग दिया। गुरुग्राम की एक रिहाइशी इमारत में कुछ अरब नागरिक लंबे समय तक अपनी सहायिका का यौन शोषण करते और उसे मारते-पीटते रहे।

घरेलू सहायक लोग इसलिए रखते हैं कि वे उनके कामकाज में मदद करेंगे। मगर बहुत सारे लोग खुद को उनका मालिक समझ कर उन्हें प्रताड़ित करने का जैसे हक हासिल कर लेते हैं। कई लोग तो घरेलू सहायक अपने गांव से लाते हैं या किसी परिचित के जरिए उन्हें मंगा लेते हैं। उनका पुलिस में पंजीकरण भी नहीं कराते, जबकि नियम के मुताबिक बिना पंजीकरण के घरेलू सहायक नहीं रखा जाना चाहिए।

कई लोग घरेलू सहायक उपलब्ध कराने वाली एजंसियों के माध्यम से उन्हें काम पर रखते हैं। ऐसे सहायकों के पास एक सहारा होता है कि वे अपने खिलाफ होने वाली ज्यादतियों की शिकायत संबंधित एजंसी से कर सकते हैं। बहुत सारी ऐसी एजंसियां घरेलू सहायकों को प्रशिक्षण देकर उन्हें घरों में काम कर लगाती हैं, वे उनके बारे में जानकारी भी लेती रहती हैं।

मगर बहुत सारी एजंसियां अपना कमीशन पा जाने के बाद जैसे उन घरेलू सहायकों की सुध लेना ही भूल जाती हैं। अगर कभी कोई सहायक अपने साथ होने वाले दुर्व्यवहार की शिकायत करता भी है, तो वे उसे समझा-बुझा कर सहन करने की सीख देतीं या फिर चुप्पी साध जाती हैं। ऐसे में घरेलू सहायक यातना सहने को मजबूर होते हैं।

देश के कई हिस्सों में, जहां अतिशय गरीबी है, वहां से लड़के-लड़कियां घरेलू सहायक के रूप में काम करने के मकसद से महानगरों में आ जाते हैं। आदिवासी इलाकों से ऐसी भी शिकायतें बहुतायत में हैं कि कुछ एजंट उनकी लड़कियों को काम दिलाने के नाम पर ले आते हैं और फिर उन्हें घरेलू सहायक उपलब्ध कराने वाली एजंसियों के हवाले करके गायब हो जाते हैं।

ऐसे में बहुत सारी लड़कियों के बारे में उनके माता-पिता को पता भी नहीं चल पाता कि वे कहां हैं, क्या काम कर रही हैं। ऐसी लड़कियां अक्सर शोषण का शिकार होती हैं। दिल्ली में घरेलू सहायक उपलब्ध कराने वाली एजंसियां हर मुहल्ले में मिल जाएंगी, मगर उन पर नजर रखने का कोई तंत्र आज तक नहीं बन पाया है। जब तक घरेलू सहायक रखने को लेकर कड़े नियम-कानून नहीं बनते, कोई पुख्ता तंत्र विकसित नहीं होता, तब तक उनके साथ ऐसी घटनाओं पर रोक लगने का दावा नहीं किया जा सकता।

# हैवानियत की घटना पर सर्वोच्च न्यायालय का कड़ा रुख

**मणिपुर हिंसा के अब ऐसे घृणित पहलू उजागर होने लगे हैं, जो मानवता के लिए निहायत शर्मनाक हैं।**

सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें बहुत सारे लोग दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके सड़क पर घुमा रहे हैं। उनके साथ छेड़खानी भी होती दिख रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद स्वाभाविक ही सबका सिर झुक गया। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकार से सख्त लहजे में कहा है कि इस पर तत्काल कार्रवाई करें, वरना हम करेंगे।

प्रधानमंत्री ने भी चुप्पी तोड़ते हुए संसद में इस मामले को शर्मनाक बताया। मणिपुर पुलिस का कहना है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक कथित आरोपी को उसने गिरफ्तार भी कर लिया है। यह घटना चार मई की बताई जा रही है।

यानी हिंसा शुरू होने के दूसरे दिन की। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि करीब एक हजार लोगों की हथियारबंद भीड़ उनके गांव में घुस आई, आगजनी और कत्लो-गारत शुरू कर दिया। पुलिस उन दोनों महिलाओं को अपनी गाड़ी में थाने ले जा रही थी। तभी भीड़ सामने आ गई और पुलिस उन्हें भीड़ के बीच गाड़ी से उतार कर चली गई।

इस घटना पर जब मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से प्रतिक्रिया ली गई, तो उन्होंने कहा कि ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो चुकी हैं। उन सबके बारे में जांच चल रही है। विचित्र है कि करीब ढाई महीने से मणिपुर में हिंसा हो रही है, वहशी भीड़ वहां की महिलाओं को शत्रु संपत्ति समझ कर उनके साथ हैवानियत की हद तक क्रूर व्यवहार और उनकी अस्मत को तार-तार कर रही है और राज्य सरकार तमाशाई बनी बैठी है।

मुख्यमंत्री के बयान से यही जाहिर है कि ऐसी घटनाएं उनके लिए मामूली हैं। शर्म की बात है कि यह मध्ययुगीन मानसिकता आज भी खत्म नहीं हुई है, जब विजेता सेनाएं शत्रु पक्ष की महिलाओं की अस्मिता के साथ इसी तरह खिलवाड़ करती और कुचलती देखी जाती थीं। पीड़ित महिलाएं कुकी समुदाय की बताई जा रही हैं।

छिपी बात नहीं है कि पिछले ढाई महीने से किस कदर वहां की कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़पें जारी हैं और वे दोनों एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिहिंसा के भरे बैठे हैं।ऐसी स्थितियों में चूंकि महिलाएं सबसे आसान शिकार होती हैं और उनका अपमान कर जैसे पूरे समुदाय से बदला लेने का संतोष मिलता है, इसलिए जिन लोगों ने महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया उनके मन में भी यही भाव था। पीड़ित महिलाओं ने बताया है कि उनके साथ सामूहिक बलात्कार भी किया गया।

हैरानी की बात है कि यह घटना पुलिस की जानकारी में हुई थी और उसने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और दोषियों की तलाश करने में तत्परता अब दिखाई है, जब उसका वीडियो प्रसारित होना शुरू हुआ। केंद्र सरकार को भी शायद अभी इसकी गंभीरता का अंदाजा हुआ है, जब विपक्षी दलों ने इसके खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।

यह समझना मुश्किल नहीं है कि अगर केंद्र और राज्य सरकार ने संजीदगी दिखाई होती तो यह हिंसा बहुत पहले रुक गई होती। मगर न तो वहां की पुलिस इसे रोकने को लेकर गंभीर देखी गई और न राज्य सरकार ने दोनों समुदायों के बीच फैले भ्रम को दूर करने का कोई प्रयास किया। अब तक के सरकार के रवैए को देखते हुए बहुत से लोगों को भरोसा नहीं बन पा रहा है कि अब भी वह बहुत गंभीरता दिखाएगी।

**23 जुलाई 2023 को बालगंगाधर तिलक की जन्म जयंती पर विशेष**

# हिंदू राष्ट्रवाद के पितामह थे लोकमान्य तिलक



ललित गर्ग

बाल गंगाधर तिलक प्रखर राष्ट्रवादी, हिन्दूवादी नेता एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व थे। वे समाज सुधारक, राष्ट्रीय नेता, थे जिन्हें भारतीय इतिहास, संस्कृत, हिन्दू धर्म, गणित और खगोल विज्ञान में महारथ हासिल थी।

तिलक ने ही सबसे पहले ब्रिटिश राज के दौरान पूर्ण स्वराज की मांग उठाई थी। स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे ले कर रहूंगा। इस नारे ने बहुत से लोगों को प्रोत्साहित किया था।

आजादी के परवानों के लिए ये महज कुछ शब्द भर नहीं थे बल्कि एक जोश, एक जुनून था जिसके जरिए लाखों लोगों ने अपनी कुर्बानियां देकर मां भारती को अंग्रेजों से आजादी दिलाई। इस वाक्य को पढ़ने और सुनने वाले को बाल गंगाधर तिलक की याद आ ही जाती है।

लोकमान्य का अर्थ है लोगों द्वारा स्वीकृत किया गया नेता। लोकमान्य के अलावा इनको हिंदू राष्ट्रवाद का पितामह भी कहा जाता है।

बाल गंगाधर तिलक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के जनक के रूप में जाने जाते हैं। बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को महाराष्ट्र के रत्नागिरी के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। रत्नागिरी गांव से निकलकर आधुनिक कालेज में शिक्षा पाने वाले ये भारतीय पीढ़ी के पहले पढ़े लिखे नेता थे। इन्होंने कुछ समय तक स्कूल और कालेजों में गणित पढ़ाया। अप्रतिम प्रतिभा सम्पन्न तिलकजी कुशल मानवशिल्पी के साथ राष्ट्र-शिल्पी थे। उनकी वाणी तीक्ष्ण, तेजधार होने के साथ-साथ सीधी, सरल एवं हृदय को छूने एवं प्रभावकारी परिणाम करने वाली थी।

अपनी पारखी दृष्टि से व्यक्ति की क्षमताओं को पहचान कर न केवल उसका विकास करते थे अपितु उसे देश, समाज एवं राष्ट्र हित में नियोजित भी करते थे। राष्ट्रोत्थान की भावना जगाने में उनका कौशल अद्भुत था। एक सामाजिक-सांस्कृतिक-राष्ट्रीय व्यक्तित्व होते हुए भी तिलकजी ने भारतीय राजनीति की दिशा को राष्ट्रीयता की ओर कैसे परिवर्तित किया है, यह समझने के लिए भी उनके जीवन-दर्शन को पढ़ना आवश्यक है।

अखण्ड भारत का स्वप्न देखने एवं उसे आकार देने वालों में प्रखर राष्ट्रवादी नेता तिलक पश्चिमी शिक्षा पद्धिति के बड़े आलोचक थे। उनका मानना था इसके द्वारा भारतीय विद्यार्थियों को नीचा दिखाया जाता है और भारतीत संस्कृति को गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।

अंग्रेजी शिक्षा के ये आलोचक थे। इस वजह से ये मानते थे कि यह भारतीय सभ्यता के प्रति अनादर सिखाती है। कुछ सोच विचार के बाद वे इसी नतीजे में पहुंचें कि एक अच्छा नागरिक तभी बन सकता है, जब उसे अच्छी शिक्षा मिले।

भारत में शिक्षा को सुधारने के लिए उन्होंने अपने मित्र के साथ मिलकर 'डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी' की स्थापना की ताकि भारत में शिक्षा का स्तर सुधरे। शिक्षा का स्तर सुधारने की दिशा में भी काफी काम किया।



तिलक ने अंग्रेजों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी। जब अंग्रेजों ने तिलक को 1906 में विद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर 6 साल की सजा सुनाई और बर्मा के एक जेल में डाल दिया तो जेल में महान किताब गीता रहस्य लिख डाली जो तिलक जैसा व्यक्तित्व ही कर सकता है। गणेश उत्सव और शिवाजी के जन्म उत्सव जैसे सामाजिक उत्सवों को प्रतिष्ठित कर उन्होंने लोगों को एक साथ जोड़ने का काम भी किया।

बाल गंगाधर तिलक को ब्रिटिश राज के दौरान स्वराज के सबसे पहले और मजबूत अधिवक्ताओं में से एक माना जाता है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कई नेताओं से एक करीबी संधि बनाई, जिनमें बिपिन चन्द्र पाल, लाला लाजपत राय, अरविन्द घोष, वी0 ओ0 चिदम्बरम पिल्लै और मुहम्मद अली जिन्नाह शामिल थे।

बाल गंगाधर तिलक ने इंग्लिश में मराठा दर्पण व मराठी में केसरी नाम से दो दैनिक समाचार पत्र शुरू किए, ये दोनों जल्द ही जनता में बहुत लोकप्रिय हो गए। तिलक ने अंग्रेजी शासन की क्रूरता और भारतीय संस्कृति के प्रति हीन भावना की बहुत आलोचना की।

इन्होंने मांग की कि ब्रिटिश सरकार तुरन्त भारतीयों को पूर्ण स्वराज दे। वो अपने अखबार केसरी में अंग्रेजों के खिलाफ काफी आक्रामक लेख लिखते थे। इन्हीं लेखों की वजह से उनको कई बार जेल भेजा गया। तिलक अपने समय के सबसे प्रख्यात आमूल परिवर्तनवादियों में से एक थे। इसके अलावा वो जल्दी शादी करने के भी विरोधी थे। इसी वजह से वो शुरु से ही 1891 एज ऑफ कंसेन्ट विधेयक के खिलाफ थे, क्योंकि वे उसे हिन्दू धर्म में अतिक्रमण और एक खतरनाक उदाहरण के रूप में देख रहे थे। इस अधिनियम ने लड़की के विवाह करने की न्यूनतम आयु को 10 से बढ़ाकर 12 वर्ष कर दिया था।

तिलक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 1890 में जुड़े। चूंकि उन दिनों कांग्रेस का राज था, इस वजह से वो भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए लेकिन जल्द ही वे कांग्रेस के नरमपंथी रवैये के विरुद्ध हो गए, वो उनके विरोध में बोलने लगे। इसके अलावा कई अन्य नेता भी इसी तरह से विरोध में बोलने लगे और कई समर्थन में बोलने लगे।

जिसकी वजह से 1907 में कांग्रेस गरम दल और नरम दल में विभाजित हो गयी। गरम दल में तिलक के साथ लाला लाजपत राय और बिपिन चन्द्र पाल शामिल हो गए, इन तीनों को लाल-बाल-पाल के नाम से जाना जाने लगा।

1908 में तिलक ने क्रान्तिकारी प्रफुल्ल चाकी और खुदीराम बोस के बम हमले का समर्थन किया जिसकी वजह से उन्हें बर्मा (अब म्यांमार) स्थित मांडले की जेल भेज दिया गया। जेल से छूटकर वे फिर कांग्रेस में शामिल हो गए और 1916 में एनी बेसेंट और मुहम्मद अली जिन्ना के साथ अखिल भारतीय होम रूल लीग की स्थापना की।

बाल गंगाधर तिलक ने एक समय अपने पत्र केसरी में 'देश का दुर्भाग्य' नामक शीर्षक से लेख लिखा था जिसमें ब्रिटिश सरकार की नीतियों का विरोध किया गया था। इस वजह से उनको गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें 6 वर्ष के कठोर कारावास के अंतर्गत माण्डले (बर्मा) जेल में बन्द कर दिया गया था। कारावास के दौरान तिलक ने जेल प्रबंधन से कुछ किताबों और लिखने की मांग की लेकिन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें ऐसे किसी पत्र को लिखने पर रोक लगा दी जिसमें राजनैतिक गतिविधियां हो।

उन्होंने जेल में रहने के दौरान कई पुस्तकें लिखीं मगर श्रीमद्भगवद्गीता की व्याख्या को लेकर मांडले जेल में लिखी गयी गीता-रहस्य सर्वोत्कृष्ट है, ये किताब इतनी प्रसिद्ध हुई कि इसका कई भाषाओं में अनुवाद भी हुआ है। इसके अलावा वेद काल का निर्णय, आर्यों का मूल निवास स्थान, गीता रहस्य अथवा कर्मयोग शास्त्र, वेदों का काल-निर्णय और वेदांग ज्योतिष आदि है।

कारावास की सजा पूर्ण होने के कुछ समय पूर्व ही बाल गंगाधर तिलक की पत्नी का स्वर्गवास हो गया। इस खबर की जानकारी उन्हें जेल में भी एक खत से हुई। ब्रिटिश सरकार की तुगलकी नीतियों की वजह से वो अपनी मृतक पत्नी के अंतिम दर्शन भी नहीं कर पाए थे।

तिलक ने क्षेत्रीय सरकारों में कुछ हद तक भारतीयों की भागीदारी की शुरुआत करने वाले सुधारों को लागू करने के लिए प्रतिनिधियों को यह सलाह अवश्य दी कि वे उनके सहयोग की नीति का पालन करें। लेकिन नये सुधारों को निर्णायक दिशा देने से पहले ही 1 अगस्त 1920 ई. को मुंबई में उनकी मृत्यु हो गयी। उनकी मौत पर श्रद्धांजलि देते हुए महात्मा गांधी जी ने उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता कहा एवं जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें भारतीय क्रान्ति का जनक कहा था।

# विश्व की बड़ी आर्थिक शक्ति बन सकता है भारत

यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि पिछले एक दशक में भारत ने अपनी अंतरराष्ट्रीय इमेज को बहुत ही बहुआयामी निर्मित कर लिया है। भारत क्योंकि खनिज संपदा, हाइडल प्रोजेक्ट और वित्तीय संस्थानों के कारण एक मजबूत राष्ट्र बन कर उभरा है।

भारत एशिया की आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन चुका है। इसके अलावा भारत एक शक्तिशाली युवा देश भी है जिसके श्रमबल की गुणवत्ता के सुधार की बड़ी संभावना है ।भारतीय बैंकों में बचत की दर काफी ऊंची है और इसके अलावा मध्यमवर्गीय बचत से भारत में समृद्धि और विकास की अपार संभावनाएं मौजूद है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा जो कि इन दिनों तीसरी जी-20 वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंक के गवर्नर ओं की बैठक में भाग लेने के लिए गांधीनगर गुजरात आए हुए हैं उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने क्षेत्रीय समृद्धि को बढ़ावा देने और विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने में सराहनीय कार्य किए हैं ।अजय बंगा ने कहा कि विश्व बैंक भारत के आर्थिक रूप से वृद्धि को लेकर वे काफी आशावादी हैं और भारत को इन प्रयासों में तेजी लानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत करोना महामारी के समय पैदा हुई चुनौतियों से मजबूत बनकर उभरा है और भारत वैश्विक स्तर पर कायम आर्थिक सुस्ती के बीच बहुत अच्छे कार्य कर रहा है जिसे उसे आगे रखने में काफी मदद मिलेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर काफी सुस्ती होने के बावजूद अपने घरेलू उत्पाद की वजह से सुरक्षित है। भारत को चीन प्लस 1 रणनीति का फायदा उठाना चाहिए 3 प्लस 1 रणनीति का मतलब है कि अब दुनिया के विकसित देशों की कंपनियां अपने निर्माण केंद्र के तौर पर चीन के साथ किसी अन्य देश को भी जोड़ना चाहती है और वर्तमान समय में भारत देश ही एक संभावित विकल्प बनकर उभरा है भारत को इस रणनीति का अवसर 10 वर्षों तक नहीं खुला रहेगा यह अवसर केवल 3 से 5 वर्ष तक ही खुला रह सकता है जिसका भारत को पूरा फायदा उठाना चाहिए।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मार्टिन वुल्फ ने तो स्पष्ट रूप से कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था निश्चित रूप से दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई एक ताकत बनकर उभर रहा है और यही संभावनाएं पश्चिमी देशों को भारत पर दांव लगाने के लिए आकर्षित कर रही है उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती जनसंख्या और उसकी बचत करने क्षमता को देखते हुए भारत आगामी एक या दो दशक में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बन सकता है । अर्थशास्त्री तथा टिप्पणी कार मार्टिन वुल्फ़ ने कहा की आगामी दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था और आबादी दोनों तेजी से बढ़ेगी और इसी के दम पर भारत चीन को बराबरी की टक्कर दे सकेगा इसके अलावा भारत के पश्चिमी देशों जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया ,फ्रांस ,कनाडा, इंग्लैंड, इजराइल और खाड़ी के देशों से आर्थिक संबंध काफी मजबूत हैं।

## स्वप्न जाल सा बिखरा जीवन

स्वप्न जाल सा बिखरा जीवन
हवा महल सा उड़ता मन
शब्दों में गुंथे भाव सुमन।

प्यासे अलि कर ले गुंजन
श्वास की भी अंतिम
रहती इच्छाएं अनंत।

देह मृत पर शब्द जीवित
इतिहास उन्हीं में गुंठित
याद दिलाते हमें अतीत।

शूर वीरों के ही गीत
जीवन वही मूल्यवान
मातृभूमि के चरणों में जो
हंसते हंसते हो बलिदान।

जननी के वे अभिमान
जग देता उन्हें सम्मान
स्वर्ण से अंकित उनके है नाम।

मातृभूमि के चरणों में
मेरा शत-शत प्रणाम।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# महिलाओं के साथ दरिंदगी - 140 करोड़ देशवासियों के लिए शर्मिंदगी



गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सार्वजनिक जनसंख्या वाला देश जहां 140 करोड़ से अधिक निवासी हैं, वहां एक राज्य में 4 मई 2023 को दो महिलाओं के साथ शर्मसार दरिंदगी हुई जिसका वीडियो वायरल 20 जुलाई 2023 को सोशल मीडिया पर हवा से भी तेज गति से वायरल हुआ जिसमें मणिपुर से लेकर दिल्ली और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरा देश सुन्न रह गया,क्योंकि सबसे ताज्जुब की बात थी कि 4 मई 2023 की घटना हुई, 18 मई को शिकायत दर्ज हुई तथा 49 दिन बाद 21 जून को एफआईआर और फिर 78 दिन बाद 20 जुलाई 2023 को वीडियो वायरल होने पर चार आरोपियों की गिरफ्तारी से पूरा देश क्रोध में है परंतु एक राहत की बात यह हुई कि 20 जुलाई2023 को करीब-करीब भारत का पूरा संवैधानिक पदों पर बैठा महकमा एक्शन में आ गया जिसमें, पीएम से लेकर सीजेआई तक और राज्यपाल से लेकर महिलाआयोग तक ने स्वत:संज्ञान लेकर तीव्रता से कड़ी कार्रवाई करने की बात स्वत:संज्ञान लेकर कही जिसे सारे देशवासियों ने रेखांकित किया क्योंकि यह मामला महिलाओं के साथ दरिंदगी-140 करोड़ देशवासियों के लिए शर्मिंदगी का था। चूंकि भारत देश में संवैधानिक लोकतंत्र ढांचा बना हुआ है जहां ऐसी किसी भी प्रकार की दरिंदगी अस्वीकार्य है।वैसे भी भारत में महिलाओं को देवी तुल्य का दर्जा दिया गया है। अब आम जनता जनार्दन की नजरें लगी हुई है कि कितनी जल्द न्याय मिलता है या फिर मामला जांच एजेंसियों से लेकर अदालतों में पेशियों तक आ जाता है।हालांकि माननीय सीजेआई ने इसकी सुनवाई की तारीख 28 जुलाई निर्धारित कर दी है। पीएम ने कड़े तेवरों में दोषियों को नहीं बख्शने की बात कही वहीं महिला आयोग ने जांच के कदम बढ़ा दिए हैं। चूंकि संसद का मानसून सत्र भी शुरू है, जिसमें 20 जुलाई 2023 को पहले दिन ही श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद मणिपुर दरिंदगी मामला आई.एन.डी.आई.ए ने जोरशोर से उठाया,हंगामा हुआ,सदन को पहले 12 बजे फिर 2 बजे उसके बाद शुक्रवार 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया अब सरकार भी मणिपुर दरिंदगी मामले पर चर्चा के लिए तैयार है, जिसपर जनता जनार्दन नजरें लगाए बैठी है।

हालांकि इस 20 जुलाई से 11 अगस्त2023 वाले मानसून सत्र में 31 बिल शेड्यूल्ड किए गए हैं, डाटा प्रोटेक्शन, जन विश्वास बिल,अनुसंधान बिल जैसे महत्वपूर्ण बिल है। मेरा मानना है कि 23 दिन और 17 बैठकों वाले इस मानसून सत्र को सकारात्मक चर्चा कर सबसे अधिक कामकाज वाला ऐतिहासिक सत्र बनाकर विश्व को दिखा देंगे कि विविधता में एकता, हम लड़ते हैं तो काम भी बहुत करते हैं और महिलाओं के सम्मान सुरक्षा हिमाकत सहित मणिपुर मामले पर भी चर्चा कर अपने सुझाव दर्ज करवाना जानते हैं परंतु चुके आज शर्मनाक वीडियो वायरल से महिलाओं की अस्मिता का सवाल उठा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, महिलाओं के साथ हुई शर्मनाक दरिंदगी- संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों द्वारा स्वत:संज्ञान लेकर कार्यवाही को देशवासियों नें रेखांकित किया है।

साथियों बात अगर हम मणिपुर मामले की करें तो मीडिया अनुसार रिपोर्ट में दर्ज किया गया है, मणिपुर में पहली बार हिंसा भड़कने के एक दिन बाद यानी 4 मई की दोपहर करीब एक हजार लोग एके राइफल्स, एसएलआर, इंसास और .303 राइफल्स जैसे हथियारों के साथ गांव में घुस गए थे, इस दौरान उन्होंने गांव में तोड़फोड़ की, संपत्तियां लूटीं और घरों को जला दिया. शिकायत के अनुसार, लोग जान बचाने के लिए भागने लगे, इस दौरान पांच लोग खुद को बचाने के लिए जंगल की ओर भाग गए, इनमें दो पुरुष और तीन महिलाएं शामिल थीं, उनमें 56 वर्षीय एक व्यक्ति, उसका 19 वर्षीय बेटा और 21 वर्षीय बेटी के अलावा 42 वर्षीय और 52 वर्षीय महिलाएं भी शामिल थीं। जंगल में भागे हुए इन लोगों को पुलिस स्टेशन की एक टीम ने रेस्क्यू किया। हालांकि, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भीड़ ने पुलिस स्टेशन से दो किलोमीटर दूर से पुलिस टीम की कस्टडी से उन्हें छीन लिया। भीड़ ने 56 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी, इसके बाद तीनों महिलाओं को कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया, फिर 21 वर्षीय महिला का गैंगरेप किया गया, इस दौरान जब युवती के छोटे भाई ने उसे बचाने की कोशिश की तो भीड़ ने उसकी भी हत्या कर दी। इस दौरान एक महिला परिचित लोगों की मदद से मौके से भागने में सफल रही, वहीं गैंगरेप के बाद दोनों महिलाओं को सड़क पर निर्वस्त्र घुमाया गया।

साथियों बातों पर हम मामले की गंभीरता पर पीएम के बयान की करें तो,मॉनसून सत्र शुरू होने से पहले आज संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में मणिपुर घटना पर दुख प्रकट किया और कहा, पाप करने वाले कितने हैं, कौन हैं वो अपनी जगह है, पर बेइज्जती पूरे देश की हो रही है. 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है।

दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा मेरा दिल आज पीड़ा और क्रोध से भरा है। ये घटना किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। मणिपुर की बेटियों के साथ जो हुआ, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। ये बेइज्जती पूरे देश की हो रही है। उन्होंने कहा- मैं सभी मुख्यमंत्रियों से कहता हूं कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करें। माताओं-बहनों की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाएं। हिंदुस्तान के किसी भी कोने या किसी भी राज्य में राजनीतिक वाद-विवाद से ऊपर उठकर कानून-व्यवस्था और बहनों का सम्मान प्राथमिकता है, कठोर से कठोर कदम उठाएं। घटना चाहे राजस्थान की हो, छत्तीसगढ़ की हो या मणिपुर की हो, इस देश में हिंदुस्तान के किसी भी कोने में किसी भी राज्य सरकार में राजनीति से ऊपरउठकर के कानून व्यवस्था महत्व और नारी सम्मान होना चाहिए। मैं देशवासियों को भरोसा दिलाना चाहता हूं किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा। कानून अपनी पूरी शक्ति से एक के बाद एक कदम उठाएगा। मणिपुर में जो बेटियों के साथ हुआ है, उसे कभी माफ नहीं किया जा सकता।

साथियों बात अगर हम माननीया राज्यपाल के बयान की करें तो, उन्होंने कहा कि अपराधियों को पकड़ने और उन्हें सज़ा देने के लिए उन्होंने डीजीपी को निर्देश दिए हैं और उन पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई के लिए कहा है जो संबंधित पुलिस स्टेशन में तैनात थे, इस घटना को लेकर 18 मई को ज़िले में एफ़आईआर दर्ज की गई। इसके बाद इस केस को संबंधित पुलिस थाने में भेज दिया गया।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय महिला आयोग के स्वत: संज्ञान की करें तो, उन्होंने तुरंत ट्विटर को इसके वीडियो अपनेप्लेटफॉर्म से हटाने के निर्देश दिए हैं, इस बारे में आयोगने ट्विटरके पब्लिक पॉलिसी विभाग को औपचारिक रूप से निर्देश दिए हैं। आयोग का कहना है कि इस वीडियो से पीड़िता की पहचान ज़ाहिर हो रही है और ये दंडनीय अपराध है,वीडियो के वायरल होने के बाद मणिपुर के हालात को लेकर देशभर में गुस्से का माहौल है।

साथियों बात अगर हम माननीय सुप्रीम कोर्ट के तीन सदस्यीय बेंच द्वारा संज्ञान की करें तो गुरुवार (20 जुलाई) सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए केंद्र और मणिपुर सरकार से फौरन कार्रवाई करने को कहा, इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने घटना को लेकर सख्त टिप्पणी की, पीठ ने कहा, मणिपुर में दो महिलाओं की जिस तरीके से परेड कराई गई है, उसकी कल आई वीडियो से हम बहुत व्यथित हैं, सीजेआई ने कहा, मुझे लगता है कि अब वक्त आ गया है कि सरकार वाकई में आगे आए और कार्रवाई करे क्योंकि यह पूरी तरह अस्वीकार्य है, हम सरकार को कार्रवाई के लिए थोड़ा समय देंगे और अगर जमीनी स्तर पर कुछ नहीं होता है तो फिर हम कार्रवाई करेंगे उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक रूप से तनावपूर्ण इलाके में हिंसा को अंजाम देने के हथियार के रूप में महिलाओं का इस्तेमाल 'बहुत व्यथित' करने वाला है तथा यह 'पूरी तरह अस्वीकार्य' है, यह संवैधानिक और मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है।

## शार्ट न्यूज

### गंगा घाट पर स्नान करने गए लड़के की डूबने से मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में शुक्रवार को रामपुर गंगा घाट पर स्नान करने गए लड़के की डूबने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपीगंज थाना क्षेत्र के रामपुर घाट पर स्नान करते समय गंगा में डूब जाने से लड़के की मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनू (18 वर्ष) पुत्र संजय अग्रहरि, निवासी सोनखरी के रूप में हुई है, जो अपने दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने गया था। जहां स्नान करते समय वह नदी के गहरे पानी में उतरने से डूब गया। किशोर के नदी में डूबने के लगभग एक घंटे बाद उसके साथ गए दोस्तों ने स्थानीय नाविकों को जानकारी दी। गोताखोरों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह किशोर के शव को बाहर निकाला लिया और बिना पुलिस को सूचना दिए साथी उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लड़के के शव को लेकर घर पहुंचने पर कोहराम मच गया।

### पत्नी के हत्यारे पति को सात साल की सजा

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर की एक अदालत ने शुक्रवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को दोषी करार देते हुए सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी और 4000 रुपए का जुर्माना लगाया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव सिंह ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर 2019 को डिबाई थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। मोहल्ला बागवाला निवासी देवेंद्र ने अपनी पत्नी की दहेज न मिलने के कारण जहर देकर हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए 304बी और दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी देवेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतका का पोस्टमार्टम कराया और विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया मुकदमे की अंतिम सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश संख्या 12 के न्यायालय में हुई। अभियोजन पक्ष की पैरवी एडीजी सी राजीव सिंह ने की पुलिस ने भी दहेज हत्या को जनपद में घटित जघन्य अपराध की श्रेणी में चिह्नित करते हुए न्यायालय में सशक्त एवं प्रभावी पैरवी की एडीजे ने आज आरोपी देवेंद्र को दहेज के लिए पत्नी की जहर देकर हत्या करने का दोषी करार दिया और उसे सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं 4000 जुर्माना लगाया ।

### तालाब में मिला बच्चे का शव

**रायबरेली।** रायबरेली में शुक्रवार को तालाब में दूधमुंहे बच्चे का शव मिला। तालाब के पास से गुजर रहे लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव देखने से प्रतीत हो रहा था कि उसे जन्म के बाद ही उसकी मां ने फेंक दिया। पूरा मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कसेहटी ग्राम पंचायत का है। यहां पर एक तालाब में नवजात का शव जब मिला तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। जैसे ही तालाब में नवजात बच्चे के शव की सूचना ग्रामीणों की लगी। तो घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की माने तो बीते दो-तीन दिनों से यह शव पड़ा हुआ था। जिसे पंछी व कुत्ते नोंचकर खा रहे थे। लोगों में चर्चा है कि अबॉर्शन करके बच्चे को फेंक दिया गया है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि शादीशुदा महिला भी बच्चे को जन्म देने के बाद फेंक सकती है। इस घटना से लोगों में रोष व्याप्त है। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गलत इंजेक्शन लगाने से गर्भवती महिला की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में एक गर्भवती महिला की गलत इंजेक्शन लगने से मौत हो गई। महिला के पेट में दर्द उठने पर परिजन प्राइवेट अस्पताल लेकर गए थे। परिवार ने इंजेक्शन लगाने से डॉक्टर को मना किया था, लेकिन डॉक्टर ने इंजेक्शन लगा दिया था। दस मिनट बाद ही महिला ने दम तोड़ दिया। डॉक्टर खुद महिला को बरेली के अस्पताल लेकर गया था। वहां अस्पताल के बाहर शव छोड़कर डॉक्टर भाग गया। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कटरा क्षेत्र के ताहवरगंज निवासी ब्रज किशोर कश्यप की 28 साल की पत्नी शशि देवी चार महीने की गर्भवती थी। बुधवार की रात अचानक महिला के पेट में दर्द उठा। परिवार ने उनको कटरा क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल भर्ती कराया था। गुरुवार की रात डॉक्टर ने महिला को इंजेक्शन लगाने के लिए कहा। इस पर परिवार ने गर्भवती होने के कारण इंजेक्शन लगाने से मना कर दिया था। लेकिन डॉक्टर ने फिर भी इंजेक्शन लगा दिया। दस मिनट बाद ही महिला ने दम तोड़ दिया। उसके बाद डॉक्टर खुद मरीज को बरेली के एक अस्पताल लेकर गया।

### हत्या कर सबूत मिटाने पर उम्रकैद

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में 23 साल पहले हुए अपहरण और हत्या के मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाया है। पुलिस द्वारा पेश किए गए सबूत और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आर्थिक दंड भी लगाया गया है। एडीजे-11 रजनेश कुमार की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। उन्होंने अपहरण, हत्या और सबूत मिटाने के मामले में दोषी के ऊपर 45 हजार रुपए का आर्थिक दंड लगाया है। जिसका एक हिस्सा पीड़ित के परिवार को दिया जाएगा। आर्थिक दंड अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। एडीजीसी प्रमेंद्र जैन ने बताया कि घटना 7 अगस्त 2000 की है। जिसमें शाहगढ़ निवासी भारतेंदु सिंह ने अपने चचेरे भाई की हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि हाथरस के पंढ़ेर निवासी उनके साढ़ू वीरेंद्र सिंह अपनी साली की शादी अपने सगे छोटे भाई से कराना चाहते थे। लेकिन परिवार के लोग इस बात से राजी नहीं थे और उन्होंने साली की शादी उनके चचेरे भाई त्रिवेंद्र के साथ करा दी। यह शादी होने के बाद वीरेंद्र उनके चचेरे भाई त्रिवेंद्र के साथ रंजिश मानने लगा था और उसे जान से मारना चाहता था। घटना के दिन वीरेंद्र अपने दादों निवासी दोस्त शिवकुमार के साथ त्रिवेंद्र को लेकर गया था।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**हाथरस।** हाथरस में एक युवक ने फांसी पर लटक कर आत्महत्या कर ली। उसका शव शुक्रवार की सुबह शहर के निकट कोटा कपूरा चौराहे के निकट एक पेड़ पर लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखकर वहां सनसनी फैल गई। मौके पर काफी भीड़ लग गई और पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। हाथरस शहर में नाई का नगला निवासी 45 वर्षीय ताज मोहम्मद पुत्र अली मोहम्मद अपने मोहल्ले में ही परचून की दुकान करता था। जानकारी के मुताबिक युवक पिछले कई दिन से उदास चल रहा था। शुक्रवार की सुबह वह अपने घर से बिना बताए चला गया। इसके थोड़ी देर बाद उसका शव कोतवाली हाथरस सदर क्षेत्र अंतर्गत कोटा कपूरा चौराहे से थोड़ा पहले एक पेड़ पर लटका मिला। मौके पर काफी भीड़ लग गई और एकाएक सनसनी फैल गई। जब उसके शव की पहचान हुई 2 लोगों ने उसके परिजनों को सूचित किया। सूचना पाकर कोतवाली सदर पुलिस भी पहुंच गई। परिजन भी वहां आ गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की जानकारी मिलने पर मोहल्ले में जहां मातम छा गया तो परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम गृह पर भी मृतक के परिजन एकत्रित हो गए।

### नकली नोट छापने वाला गैंग पकड़ा

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में 200 रुपए के नकली नोट छापे जा रहे थे। थाना बुढ़ाना पुलिस और एसओजी ने छापेमारी की कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से 8 लाख रुपए से अधिक की भारतीय जाली मुद्रा और कागज तथा प्रिंटर आदि सामान बरामद हुआ है। मुजफ्फरनगर में नकली करेंसी नोट छापकर देश की अर्थव्यवस्था को बट्टा लगाए जाने का प्रयास किया जा रहा था। थाना बुढ़ाना पुलिस ने एसओजी दो के साथ कस्बे में संयुक्त कार्रवाई की। सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर करनाल हाईवे कुरथल मोड़ पर यात्री शेड में खड़ी डस्टर गाड़ी की तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि गाड़ी में सवार लोगों से जाली भारतीय मुद्रा बरामद की गई। गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर बैठे मंगेश पुत्र रामपाल निवासी गांव नगवा थाना बुढ़ाना की तलाशी ली गई तो 200 रुपए के नकली नोटों की कई गड्डियां बरामद हुईं।

# यूपी के 14 नगरों में 351 नगर वाटिकाएं विकसित

## वृक्षारोपण अभियान 2023 के तहत कई शहरों में नंदन वन विकसित कर रही योगी सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए योगी सरकार ने 14 नगरों में 351 नगर वाटिकाएं विकसित की हैं। वहीं वृक्षारोपण अभियान 2023 के तहत कई अन्य शहरों में भी योगी सरकार नंदन वन विकसित कर रही है। इसके विकसित होने के बाद आमजन प्रकृति की व्यवहारिक शिक्षा, योग, ट्रैकिंग, पक्षी अवलोकन व फोटोग्राफी के माध्यम से मनोरंजन एवं वन स्नान (फॉरेस्ट बॉथिंग) का आनंद ले सकेंगे। प्रदेश को हरा-भरा बनाने के लिए योगी सरकार ने 2023 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इस अभियान का आगाज करेंगे।

### प्रदूषण मुक्त वातावरण के लिए की जा रही नंदन वन की स्थापना

शहरों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए योगी सरकार ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। प्रदूषण मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाने व हरे-भरे वातावरण में कुछ क्षण विश्राम करने के लिए शहरों में हरियाली वृद्धि हेतु उपलब्ध रिक्त भूमि पर अधिक से अधिक पौध रोपित करने के साथ ही नंदन वन की स्थापना की जा रही है। हरियाली पुनर्स्थापित करने, हरा भरा वातावरण सृजित करने एवं वायु प्रदूषण को न्यूनतम करने के लिए शहरी क्षेत्रों में नगर वन, नगर वाटिका व नन्दन वन विकसित किए जा रहे हैं। वृक्षारोपण अभियान-2023 के अन्तर्गत प्रदेश में विकसित किए जा रहे नगर वाटिका व नन्दन वन में शहर निवासी प्राकृतिक वातावरण के मध्य प्रकृति की व्यवहारिक शिक्षा, योग, ट्रैकिंग, पक्षी अवलोकन व फोटोग्राफी के माध्यम से मनोरंजन एवं वन स्नान (फॉरेस्ट बॉथिंग) का आनन्द ले सकेंगे।

### 14 जनपदों में 351 नगर वाटिका विकसित

शहरी क्षेत्र में हरीतिमा संवर्धन, वृक्षों व जैव विविधता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने, क्षेत्र विशेष की महत्वपूर्ण वानस्पतिक प्रजातियों का संरक्षण, शहरवासियों को स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण उपलब्ध कराने के मुख्य उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए नगर-निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पालिका एवं शहरी स्थानीय निकायों के अन्तर्गत व 5 किलोमीटर परिधि में वन विभाग द्वारा 351 नगर वन व नगर वाटिका विकसित की गयी है। भारत सरकार द्वारा शत प्रतिशत वित्त पोषित योजना के अन्तर्गत विकसित किए गए नगर वन का न्यूनतम क्षेत्रफल 10 हेक्टेयर व अधिकतम क्षेत्रफल 50 हेक्टेयर है। शहर की घनी आबादी में न्यूनतम एक हेक्टेयर व अधिकतम 10 हेक्टेयर क्षेत्र में नगर वाटिकाएं विकसित की गई हैं।

# बदायूं में हाइटेंशन लाइन गिरने से परिवार के तीन सदस्यों की मौत

> ▸ पुलिस ने सभी घायलों को नजदीकी सीएचसी भर्ती कराया जहां से उन्हें गंभीर हालत में डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है।

**बदायूँ।** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के बिसौली क्षेत्र में गुरूवार और शुक्रवार की रात हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर सड़क किनारे सो रहे परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिसौली नगर के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह रोड़ पर देर-रात हाईटेंशन विद्युत लाईन का तार अचानक टूट कर गिरा और करंट की चपेट में आ जाने से घर के बाहर सड़क पर सो रहा साजिद अली का परिवार इसकी चपेट में आ गया। इस हादसे साजिद की पत्नी इशरत-बी (47),पुत्री निक्की (30) और पुत्र अरुण खान उर्फ अल्लू (25) की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में साजिद खान, असलम खान और आंनिब खान गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने सभी घायलों को नजदीकी सीएचसी भर्ती कराया जहां से उन्हें गंभीर हालत में डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है।

जिलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बिसौली नगर में हुई दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं जिनका उपचार कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह जिले भर में मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों कि नीचे सुरक्षा की व्यवस्था करें। साथ ही जर्जर और झूलते हुए तारों को भी तत्काल दुरुस्त करें।

उन्होंने बताया कि हाईटेंशन लाइनो के नीचे लोगों द्वारा अनाधिकृत रूप से मकान बना लिए गए हैं। विद्युत विभाग से कोई एनओसी भी नहीं ली गई है, इसका भी सर्वे कराकर लोगों को जागरूक करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

### भदोही में ट्रक और कार की टक्कर में महिला की मौत, कार चालक घायल

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात ट्रक और कार की टक्कर में महिला की मौत हो गयी है। जबकि कार चालक पति गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुरुवार देर रात औराई कोतवाली क्षेत्र के कोठरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात ट्रक की टक्कर से कार सवार जहां पत्नी की मौत हुई वही पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि गोपीगंज कोतवाली के धनापुर दक्षिणी गांव निवासी विजय कुमार मिश्रा (40) पुत्र बेचन मिश्रा पत्नी पूजा मिश्रा (35) और पुत्री रिया (तीन) के साथ अपने बीमार भाई पंकज मिश्रा को देखने वाराणसी गए थे।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो बदमाश घायल

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में गुरुवार देर रात आपराधिक घटना की योजना बना रहे तीन अंतरजनपदीय शातिर बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, जबकि तीसरे ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बदमाशों के पास से तमंचे, कारतूस और एक कार बरामद की है। पुलिस ने जिन बदमाशों को गिरफ्तार किया है उनके खिलाफ 24 से अधिक मामले अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं। वहीं पुलिस ने घायल बदमाशों को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की तैयारी कर रही है। जालौन पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने आज बताया कि उरई पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ बदमाश उरई कोतवाली क्षेत्र के राठ डकोर मार्ग पर डकैती की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर उरई कोतवाली पुलिस के साथ-साथ एसओजी और सर्विलांस टीम ने रात में सघन अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस को कुछ संदिग्ध लोग कार के पास खड़े हुए दिखाई दिए। उरई कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी टीम उन संदिग्ध लोगों के पास पहुंची। इसी दौरान बदमाशों ने पुलिस को देख फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर पुलिस ने अपना बचाव करते हुए जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई, जबकि एक ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

# दहेज हत्या में पति, सास-ससुर को 10 साल की सजा

**बलरामपुर।** बलरामपुर की जिला एवं सत्र न्यायलय की एक अदालत ने दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर पति-पत्नी और बेटे को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने तीनों पर दस-दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है । जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि मनोज कुमार चौहान निवासी ग्राम फरेंदा कोतवाली देहात द्वारा गौरा चौराहा थाना में 24 सितंबर 2020 को ग्राम नौबस्ता निवासी प्रभुदीन चौहान उर्फ देवा पुत्र साधु चौहान, साधु चौहान पुत्र संतराम चौहान और जुगरा पत्नी साधु चौहान ने मिलकर उसकी बहन श्रीदेवी की हत्या कर दी थी ।

उसकी बहन का विवाह 2014 में मुडिला नौबस्ता निवासी प्रभुदीन के साथ हुआ था। बहन के ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर अक्सर मारते पीटते थे। दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन श्रीदेवी की हत्या कर दी गई। तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

### स्कूटी टच होने पर युवक को सड़क पर गिरा गिराकर पीटा

**मेरठ।** मेरठ में अधिवक्ताओं की दबंगई का वीडियो सामने आया है। जिसमें वकील एक युवक को सड़क पर गिराकर पीटते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि उक्त युवक की स्कूटी से वकील की कार टच हो गई थी। इसके बाद कार में सवार अधिवक्ता इतने भड़क गए कि उन्होंने कमिश्नरी चौराहा के बीच रास्ते पर कार रोकी। इतना ही नहीं युवक की स्कूटी रोककर उसे स्कूटी से नीचे उतरवाया। पहले खूब खरी खोटी सुनाई। इसके बाद 4-5 वकीलों ने मिलकर युवक को सरेआम बीच सड़क पर चांटे मारे। चौराहे पर लातों से मारा।

# ज्ञानवापी परिसर का होगा एएसआई सर्वेक्षण

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की जिला अदालत ने शुक्रवार को हिंदू और मुस्लिम पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद पूरे ज्ञानवापी परिसर के पुरातात्विक और वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अपील स्वीकार कर ली है।



जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेशा ने वजूखाना के कब्जे वाले क्षेत्र को छोड़कर पूरे ज्ञानवापी परिसर के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का आदेश दिया है, जहां शिवलिंग नुमा आकृति पायी गयी थी। हिंदू पक्ष ने जिला न्यायाधीश से पूरे ज्ञानवापी परिसर के पुरातात्विक और वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने की अपील की थी , जिसे स्वीकार करते हुयेर अदालत ने एएसआई सर्वेक्षण का आदेश दिया।

सुनवाई की अगली तारीख चार अगस्त मुकर्रर की गयी है। मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने इससे पहले पूरे ज्ञानवापी परिसर के एएसआई के सर्वेक्षण पर यह कहते हुए आपत्ति जताई थी कि परिसर के अंदर खुदाई से संरचनाओं को नुकसान हो सकता है।

हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा कि उन्होंने पहले भी मुस्लिम पक्ष के वकीलों को आश्वासन दिया था कि ज्ञानवापी परिसर की संरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा और एएसआई सर्वेक्षण के लिए आधुनिक तकनीक जैसे ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार सिस्टम और अन्य तरीकों का उपयोग करेगा।

जिला जज ने हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनीं और एएसआई सर्वे का आदेश दिया।

# कौशांबी में फर्जी फास्ट-टैग आईडी बनाकर 2 करोड़ की ठगी

## पुलिस ने गिरोह के 6 सदस्यों को किया गिरफ्तार, 5 की तलाश जारी; फर्जी टैग बनाकर गाड़ियां कराते थे पास

**कौशांबी।** कौशांबी के कोखराज व साइबर पुलिस टीम ने अपने ज्वाइंट ऑपरेशन में फर्जी फास्ट टैग आईडी से चोरी करने वाले हाइटेक गैंग का खुलासा किया है। पुलिस की गिरफ्त में गैंग के आधा दर्जन सदस्य आए हैं। जबकि 5 सदस्य व सरगना फरार बताए जा रहे हैं।

एसपी बृजेश श्रीवास्तव के मुताबिक यह गिरोह टोल प्लाजा के समीप सक्रिय रहकर ट्रक चालकों को महज 500 रुपए मे फास्ट टैग देकर टोल प्लाजा को अब तक 2 करोड़ से



अधिक का फ्रॉड किया है। आरोपी बदमाशों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया, कौशांबी पुलिस को विशिष्ट सूत्रों से जानकारी मिली थी कि कोखराज के सिहोरी टोल प्लाजा से कूट रचित फास्ट टैग के जरिए भारी वाहनों को बड़ी संख्या मे पास कराया जा रहा है। इसके खुलासे के लिए उनके द्वारा साइबर सहित 3 टीमों का गठन किया गया था।

इनके द्वारा बृहस्पतिवार को गैंग के 6 सदस्य को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 20 अदद फास्ट टैग कार्ड (जो अवैध हैं), 4 मोबाइल फोन (जो घटना के दौरान प्रयोग में आए जाते थे) बरामद किया गया है।

# हापुड़ में पुलिस मुठभेड़ में गौ-तस्कर गिरफ्तार

**हापुड़।** हापुड़ की पिलखुवा कोतवाली पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक तस्कर घायल हो गया। घायल को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा, कारतूस और एक बाइक बरामद की है। सीओ पिलखुवा वरुण मिश्रा ने बताया कि पुलिस डूहरी पेट्रोल पंप पर संदिग्ध लोगों और वाहनों की तलाश कर रही थी। इसी बीच में एक संदिग्ध बाइक पर आते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की तो गोली लगने आरोपी घायल हो गया। घायल को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ में गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम मारूफ निवासी दौताई थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ बताया है।

# आजमगढ़ पुलिस ने 25 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले की रौनापार थाने की पुलिस ने 25 हजार के इनामी गैंगरेप में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता के भाई ने 26 जून को रौनापार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि दीनानाथ निषाद, विनय निषाद और गामा उर्फ प्रमोद ने पीड़िता के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों दीनानाथ निषाद उर्फ विशू निषाद और विनय को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में गामा उर्फ प्रमोद साहनी फरार चल रहा था। जिले के एसपी अनुराग आर्य ने फरार आरोपी पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था। मामले में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में आरोपी के बारे में सूचना मिली और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में भदौरा तिराहे के पास पुलिस को सूचना मिली



की आरोपी गामा उर्फ प्रमोद साहनी कहीं भागने के प्रयास में है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। आरोपी की पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी। पुलिस का कहना है कि आरोपी के विरूद्ध रेप के साथ ही एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा भदौरा तिराहे से समय करीब 7.15 बजे अभियुक्त गामा उर्फ प्रमोद साहनी पुत्र श्याम बिहारी को हिरासत पुलिस मे लिया गया।

### नहर में डूबकर किशोर की मौत

**झांसी।** झांसी में बीएचएल के पास राजघाट नहर में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। वह बिना बताए घर से नहाने चला गया था। नहर किनारे उसके कपड़े मिलने पर परिजन उसकी तलाश में जुट गए। करीब 15 घंटे बाद शुक्रवार को उसकी लाश नहर में मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बीएचईएल के सुभाष नगर निवासी विनोद कुमार झा ने बताया कि मेरा 15 साल का बेटा आशीष झा पढ़ाई छोड़ चुका था। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे वह घर के बाहर खेल रहा था। खेलते हुए वह नहाने के लिए चौकापुरा स्थित राजघाट नहर पर पहुंच गया। वहां नहाते वक्त वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। इसके बाद आसपास के लोगों ने बेटे के डूबने की जानकारी दी तो हम लोग मौके पर पहुंचे। नहर के किनारे आशीष के कपड़े रखे हुए थे। उसी के आधार पर नहर में तलाश शुरू की।

# पीलीभीत में लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

## एंटी करप्शन की टीम ने पकड़ा, किसान से जमीन की तूदाबंदी के एवज में मांगे थे 10 हजार रुपये

**पीलीभीत।** पीलीभीत में किसान से रु 10000 की रिश्वत लेते एक लेखपाल को एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए लेखपाल को एंटी करप्शन की टीम अपने साथ ले गई है। पीलीभीत के माधोटांडा थाने में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत लेखपाल के विरुद्ध मुकदमा भी पंजीकृत किया जा रहा है।

दरअसल, मूल रूप से बीसलपुर का रहने वाला सुनील कुमार पीलीभीत की पूरनपुर तहसील में बतौर लेखपाल तैनात है। आरोप है कि पूरनपुर तहसील क्षेत्र के कुरैया गांव के रहने वाले किसान बक्शी सिंह को अपने खेत की तुदाबंदी करानी थी। जिसके एवज में



लेखपाल द्वारा रु 10000 की मांग की जा रही थी।

किसान ने लेखपाल की मांग से परेशान होकर पूरे मामले की सूचना एंटी करप्शन टीम को दी एंटी करप्शन की टीम शुक्रवार को पीलीभीत पहुंची और ट्रैप के जरिए टीम ने पूरनपुर में लेखपाल को रु 10000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

घटनाक्रम के बाद एंटी करप्शन की टीम लेखपाल को अपने साथ ही पीलीभीत के माधोटांडा थाने में ले आई जहां पीड़ित किसान की तहरीर पर लेखपाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। एंटी करप्शन की टीम ने आरोपी लेखपाल के पास से रिश्वत में दिए गए रु 10000 भी बरामद किए है।

यह कोई पहला मामला नहीं है कि एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते लेखपाल को पकड़ा हुआ इससे पहले भी पीलीभीत के अमरिया तहसील में कार्यरत लेखपाल अनुराग गंगवार को एंटी करप्शन की टीम ने किसान से रिश्वत लेते पकड़ा था।

## शार्ट न्यूज

### एनएचपीसी को अरुणाचल प्रदेश में 3800 मेगावाट की दो परियोजनाएं मिलीं

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने एनएचपीसी लिमिटेड को 2000 मेगावाट की सुबानसिरी अपर जलविद्युत परियोजना और 1800 मेगावाट की कमला जलविद्युत परियोजना के आवंटन के लिए दिनांक 21.07.2023 को अपनी मंजूरी दे दी है। सुबानसिरी अपर जलविद्युत परियोजना अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबानसिरी जिले में सुबानसिरी नदी पर स्थित है, जोकि ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी है। कमला जलविद्युत परियोजना का निर्माण अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में कमला नदी पर किया जाना है, जोकि सुबानसिरी नदी की सहायक नदी है। यह जलविद्युत परियोजनाओं के विकास में एनएचपीसी क्षमताओं की मान्यता को दर्शाता है। एनएचपीसी पहले से ही सुबानसिरी नदी पर 2000 मेगावाट की सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का निर्माण कर रही है जो चालू होने के करीब है और एनएचपीसी ने हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में दिबांग नदी पर 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना का निर्माण शुरू किया है।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज के पहली तिमाही के लाभ में 11 प्रतिशत की गिरावट

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम एवं पेट्रो रसायन से लेकर दूरसंचार और रिटेल कारोबार के क्षेत्र में काम करने वाली देश की दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही अप्रैल-जून 2023 में 16011 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ जो पिछले साल इसी तिमाही के 17955 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 11 प्रतिशत कम है। जून तिमाही में कंपनी का राजस्व भी सालना आधार पर 5.3 प्रतिशत घटकर 2.07 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में राजस्व 2.19 लाख करोड़ रुपये था। कंपनी ने शुक्रवार को जारी तिमाही वित्तीय रिपोर्ट में कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण उसके तेल से लेकर पेट्रो रसायन कारोबार का राजस्व प्रभावित हुआ। कंपनी के खुदरा और दूरसंचार कारोबार की आय में अच्छी वृद्धि देखने को मिली। कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है, वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में एक साल पहले की तुलना में कच्चे तेल की कीमतों में 31 प्रतिशत गिरावट के कारण ओ2सी (तेल से रसायन) कारोबार के राजस्व में बड़ी गिरावट रही जिससे उसका समग्र राजस्व पिछले साल के मुकाबले 4.7 प्रतिशत कम रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर नौ रुपये की दर से लाभांश देने की घोषणा की है।

### पीएफसी ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में किए 2.37 लाख करोड़ रुपये करार

पणजी। ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) ने अदानी, ग्रीनको, राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी जैसीसार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की 20 कंपनियों के साथ स्वच्छ उर्जा क्षेत्र परियोजनाओं में सहयोग के लिए 2.37 लाख करोड़ से अधिक के करार किए हैं। कंपनी की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार के साथ ये करार ( एमओयू )सौर, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी स्टोरेज, इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए उपकरण का विनिर्माण करने वाली कंपनियों के साथ किए गए हैं। पावर फाइनेंस के साथ हस्ताक्षर करने वाली कंपनियों में अदानी, ग्रीनको, रिन्यू, कॉन्टिनम, अवाडा, जेबीएम ऑटो, मेघा इंजीनियरिंग और राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी जैसी कंपनियां शामिल हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक गोवा में हाल में हरित ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी जी20 की एक बैठक के दौरान इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कंपनी की ओर से परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त) एवं सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), पीएफसी, राजीव रंजन झा, निदेशक (परियोजनाएं) और मनोज शर्मा, निदेशक (वाणिज्यिक) उपस्थित थे।

### रिलायंस जियो का जून तिमाही का लाभ 12 प्रतिशत की वृद्धि से 4863 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** रिलायंस समूह की कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून-2023) के दौरान 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4863 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी ने 4335 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी द्वारा शुक्रवार को जारी तिमाही वित्तीय परिणामों के अनुसार पहली तिमाही में जियो ने परिचालन से 24042 करोड़ रुपये की आय दर्ज की । यह एक वर्ष पहले इसी दौरान कंपनी द्वारा दर्ज 21,873 करोड़ रुपये की परिचालन आय से 10 प्रतिशत अधिक है । तिमाही-दर-तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़ा है। इसे पिछली तिमाही में शुद्ध लाभ 4716 करोड़ रुपये था। इसी तरह परिचालन राजस्व में तिमाही आधार पर वृद्धि 2.7 प्रतिशत रही। मार्च 2023 में समाप्त तिमाही में परिचालन से आय 23,394 करोड़ रुपये थी । कंपनी की विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 17,594 करोड़ रुपये रहा जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में हुए खर्च की तुलना में नौ प्रतिशत अधिक है। जून 2022 को समाप्त तिमाही में कुल खर्च 16137 करोड़ रुपये था।

### किआ ने लॉन्च की नई सेल्टोस, कीमत 10,89,900 रुपये से शुरू

नयी दिल्ली। प्रीमियम कार निर्माता कंपनी किआ इंडिया ने आज नई सेल्टोस को पूरे भारत में 10,89,900 रुपये (एक्स-शोरूम) की विशेष प्रारंभिक कीमत पर लॉन्च की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि गत 4 जुलाई नई सेल्टोस से पर्दा उठाया गया था। नई सेल्टोस कंपनी की ओर से पेश की गई एक बहुप्रतीक्षित एसयूवी है। टॉप मॉडल में नई सेल्टोस डीजल और पेट्रोल दोनों इंजनों में ए डी ए एस जीटी-लाइन और एक्स लाइन के साथ 18 वेरिएंट में आती है। इसकी अखिल भारतीय एक्स-शोरूम कीमत क्रमश: 19,79,900 और 19,99,900 रुपये है। पिछले हफ्ते, प्री बुकिंग में नई सेल्टोस को ज़बरदस्त रिस्पॉन्स प्राप्त हुआ है। इसी के साथ ही यह इस सेगमेंट में पहले दिन सबसे ज्यादा 13,424 यूनिट्स की बुकिंग प्राप्त करने वाली कार बन गई है। नई सेल्टोस स्पोर्टियर परफॉर्मेंस, मस्कुलर एक्सटीरियर, फ्यूचरिस्टिक केबिन और अत्याधुनिक तकनीक के साथ सेल्टोस ब्रांड की विरासत को नए आयाम पर लेकर जाती है। 15 सेफ्टी फीचर (पूरी रेंज के लिए स्टैंडर्ड फीचर) और 17 ए डी ए एस लेवल 2 ऑटोनोमस फीचर्स के साथ 32 सेफ्टी के साथ, नई सेल्टोस सुरक्षित और स्मार्ट ड्राइव अनुभव प्रदान करेगी।

### पेट्रोलियम डीलर्स ने दी हड़ताल की धमकी

**नई दिल्ली।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के पेट्रोलियम डीलरों ने शनिवार से राष्ट्रव्यापी हड़ताल की धमकी दी है क्योंकि वे शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार से असंतुष्ट हैं। एक पाकिस्तानी अखबार की खबर के अनुसार पाकिस्तान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन (पीपीडीए) के अध्यक्ष समीउल्लाह खान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दो प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री पर लाभ मार्जिन को बढ़ाकर पांच प्रतिशत करने में सरकार की असमर्थता पर निराशा जताई। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में पेट्रोलियम डीलर्स के लिए मार्जिन 6 रुपये प्रति लीटर (2.4 प्रतिशत) निर्धारित है। 5 प्रतिशत मार्जिन निर्धारित होने पर यह 12 रुपये प्रति लीटर से अधिक होगा। पेट्रोल और डीजल की मौजूदा कीमत क्रमश: 253 रुपये प्रति लीटर और 253.50 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों के निर्धारण के लिए 16 जुलाई से प्रभावी नवीनतम पाक्षिक दरों से संकेत मिलता है कि डीलरों को दावा किए गए 6 रुपये प्रति लीटर के बजाय 7 रुपये प्रति लीटर का मुनाफ हो रहा है। हालांकि, यह 7 रुपये की यह मार्जिन डीलरों की ओर से लगातार की जा रही 5 प्रतिशत की मांग से काफी कम है। बता दें कि शहबाज शरीफ सरकार ने अप्रैल 2022 में सत्ता संभालने के बाद डीलरों के लिए 5 प्रतिशत मार्जिन की घोषणा करने का वादा किया था। एक डीलर ने बाद में अखबार को बताया कि राज्य मंत्री (पेट्रोलियम डिवीजन) मुसादिक मलिक ने एसोसिएशन के अध्यक्ष से संपर्क किया और शनिवार को कराची में उनके साथ एक बैठक आयोजित करने का वादा किया।

# दीर्घकालिक आर्थिक साझीदारी स्थापित करेंगे भारत-श्रीलंका

**नयी दिल्ली।** भारत एवं श्रीलंका ने दीर्घकालिक आर्थिक साझीदारी के विज़न के आधार पर आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग समझौता (ईटीसीए) करने, समुद्री, हवाई, ऊर्जा और जनता के बीच कनेक्टिविटी मजबूत बनाने के साथ पर्यटन, ऊर्जा, व्यापार, उच्च शिक्षा और कौशल विकास में आपसी सहयोग को गति देने का आज फैसला किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के बीच यहां हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय हुए। श्री मोदी ने श्रीलंका में रहने वाले तमिल समुदाय के हितों को भी मजबूती से उठाया। दोनों नेताओं ने एकांत में भी बातचीत की और एक साथ दोपहर का भोजन ग्रहण किया। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय क्वात्रा एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।

बैठक में दोनों देशों के बीच आर्थिक लेनदेन के लिए यूपीए की स्वीकार्यता, परस्पर व्यापार भारतीय रुपए में करने, भारत से श्रीलंका तक पेट्रोलियम पाइपलाइन बिछाने और यात्री नौका सेवा शुरू करने सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। भारत एवं श्रीलंका के बीच एक पुल बनाने की व्यवहार्यता का भी अध्ययन करने का फैसला लिया गया हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह पुल धनुष्कोटि से पौराणिक रामसेतु के मार्ग पर बनाने का प्रस्ताव या कहीं अन्य। पर्यटन में वृद्धि के लिए जागरूकता बढ़ाने और भारत के बौद्ध सर्किट एवं रामायण ट्रेल के साथ-साथ श्रीलंका में बौद्ध, हिंदू और अन्य धार्मिक पूजा के प्राचीन स्थानों को लोकप्रिय बनाने की भी बात कही गयी है। बैठक के बाद जारी एक संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया गया।



बैठक के बाद श्री विक्रमसिंघे शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और रात आठ बजे स्वदेश रवाना हो जाएंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति कल शाम यहां पहुंचे थे। शाम को विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर और सुबह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार श्री डोभाल ने उनसे भेंट की थी। बाद में दोनों नेताओं ने प्रेस वक्तव्य दिये। श्री मोदी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति श्री विक्रमसिन्घे और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में हार्दिक स्वागत किया और राष्ट्रपति श्री विक्रमसिन्घे उनके कार्यकाल का एक वर्ष पूरा करने पर भारत की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, पिछला एक वर्ष, श्रीलंका के लोगों के लिए चुनौतियों से भरा रहा है। एक निकटतम मित्र होने के नाते, हमेशा की तरह, हम इस संकट के काल में भी श्रीलंका के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। जिस साहस के साथ, इन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना किया, उसके लिए मैं श्रीलंका के लोगों का ह्रदय से अभिनंदन करता हूँ।

मोदी ने कहा कि हमारे संबंध हमारी सभ्यताओं की तरह ही प्राचीन भी है और व्यापक भी हैं। भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और 'सागर' विज़न, दोनों में भी श्रीलंका का एक महत्वपूर्ण स्थान है। आज हमने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। हमारा मानना है कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित और विकास एक दूसरे से जुड़ें हैं। और इसलिए, यह आवश्यक है कि हम एक-दूसरे की सुरक्षा और संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए साथ मिलकर काम करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमने श्रीलंका के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के आधार पर हमारी आर्थिक साझीदारी के लिए एक दृष्टि पत्र अपनाया है।

यह दोनों देशों के लोगों के बीच समुद्री, हवाई, ऊर्जा और जनता के बीच कनेक्टिविटी को मजबूती देने के साथ साथ पर्यटन, विद्युत, व्यापार, उच्च शिक्षा और कौशल विकास में आपसी सहयोग को गति देने का विज़न है। हमने तय किया है कि आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग समझौता (ईटीसीए) पर शीघ्र ही बातचीत शुरू की जाएगी। इससे दोनों देशों के लिए व्यापार और आर्थिक सहयोग की नई संभावनाएं खुलेंगी। हम भारत और श्रीलंका के बीच व्यापार और लोगों का आवागमन बढ़ाने के लिए हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने पर सहमत हैं। तमिलनाडु के नागपट्टनम और श्रीलंका के कांकेसंतुरई के बीच यात्री नौका सेवा शुरू करने का निर्णय भी लिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने तय किया है, कि दोनों देशों के बीच विद्युत ग्रिड्स को जोड़ने के काम को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

भारत और श्रीलंका के बीच, पेट्रोलियम पाइपलाइन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन किया जाएगा। इसके अलावा, एक पुल बनाने की व्यवहार्यता को भी जांचने का निर्णय लिया गया। आज श्रीलंका में यूपीआई को लांच करने के लिए हुए समझौते से फिनटेक कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी।

## परिचालन में उत्कृष्टता के लिये 'ओएनडीसी एकेडमी' लॉन्च

नयी दिल्ली। देश में ई-कॉमर्स तंत्र को लोकतांत्रिक बनाने के लिये बनी कंपनी ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी एनएसई एकेडमी लिमिटेड के सहयोग में आज ओएनडीसी एकेडमी लॉन्च करने की घोषणा की।



ओएनडीसी के एमडी एवं सीईओ टी. कोशी ने आज यहां यह घोषणा करते हुए कहा कि ओएनडीसी एकेडमी का मकसद सर्टिफिकेशन के साथ सीखने का विशिष्ट अनुभव प्रदान करके बड़े और छोटे विक्रेताओं के लिये समान अवसर निर्मित करना है, जो ई-कॉमर्स में ज्यादा प्रभावी ढंग से परिचालन करने और इसके ज्यादा से ज्यादा अवसरों का लाभ उठाने में प्रतिभागियों की मदद करेंगे।

उन्होंने कहा कि ओएनडीसी एकेडमी ने शैक्षणिक संसाधनों के एक भंडार की कल्पना की है, जिसमें पाठ्य एवं वीडियो सामग्री शामिल है। यह सभी प्रतिभागियों के लिये ई-कॉमर्स की एक सफल यात्रा के लिये व्यापक मार्गदर्शन एवं सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों की पेशकश करती है, चाहे वे विक्रेता हों या ई-कॉमर्स को संभव बनाने वाले बायर या सेलर ऐप्स। ओएनडीसी एकेडमी खासतौर पर विक्रेताओं और विक्रेता तंत्र के प्रतिभागियों के लिए लर्निंग कंटेन्ट देने पर फोकस करेगी, ताकि उनके ईकॉमर्स परिचालन का प्रभावी तरीके से प्रबंधन हो सके।

एनएसई एकेडमी नेटवर्क प्रतिभागियों, विक्रेताओं, सर्विस इनेबलर्स आदि को विभिन्न प्रक्रियाओं, सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों और ओएनडीसी नेटवर्क के माध्यम से शामिल करने तथा सफल होने के दूसरे पहलुओं पर प्रशिक्षित एवं सशक्त करने के लिये टेक्नोलॉजी और सर्टिफिकेशन प्लेटफॉर्म देगी।

कोशी ने कहा, ओएनडीसी एकेडमी के साथ हमारा लक्ष्य लोकतांत्रिक डिजिटल वाणिज्य में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को सशक्त करना है, जैसे कि अकेला व्यक्ति, छोटे व्यवसाय और स्थापित ब्राण्ड्स, ताकि वे डिजिटल कॉमर्स का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अलग-अलग बारीकियों को समझ सकें। लर्निंग मॉड्यूल्स ओएनडीसी नेटवर्क में अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न भूमिकाओं की जरूरतों को पूरा करेंगे, और ज्यादा सुलभता के लिये कई भाषाओं में उपलब्ध होंगे।

एनएसई एकेडमी के सीईओ अभिलाष मिश्रा ने कहा, हम ओएनडीसी एकेडमी को शक्ति देने के लिये ओएनडीसी के साथ साझेदारी करके गौरवान्वित एवं सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हम ओएनडीसी का नेटवर्क बढ़ाने तथा ई-कॉमर्स की एक सफल यात्रा के लिये सर्टिफाइड नेटवर्क प्रतिभागियों का बड़ा समूह तैयार करके इसके लक्ष्य में योगदान करेंगे।

ओएनडीसी एकेडमी कई भारतीय भाषाओं में प्रोग्राम की पेशकश करते हुए डिजिटल कॉमर्स से सम्बंधित संवादपरक वीडियो और शिक्षण सामग्री प्रदान करेगी। सर्टिफिकेशन प्रोग्राम एनएसई एकेडमी के सहयोग में विकसित किया गया है और नेटवर्क के परिचालन को लेकर इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों की समझ का सत?यापन करता है। इसके अलावा, प्रमाणित प्रतिभागी ओएनडीसी की वेबसाइट पर दिखाई देंगे, जिससे ई-कॉमर्स की यात्रा को अपनाये जाने और समृद्ध बनाने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा।

## डीजीसीए से गो फर्स्ट को मिली राहत

नई दिल्ली। विमानन नियामक डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ गो फर्स्ट एयरलाइन को विमान परिचालन फिर शुरू करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कुछ शर्तों के साथ 15 विमानों और रोजाना 114 उड़ानें के साथ परिचालन फिर से शुरू करने की गो फर्स्ट की योजना को मंजूरी दे दी है। गो फर्स्ट के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया चल रही है। कंपनी ने तीन मई से अपनी विमान सेवाएं बंद कर दी थीं। डीजीसीए ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 15 विमानों और 114 दैनिक उड़ानों के संचालन के लिए एयरलाइन की परिचालन योजना फिर से शुरू करने की समीक्षा की गई है और इसे स्वीकार कर लिया गया है। डीजीसीए ने कहा, यह मंजूरी दिल्ली उच्च न्यायालय और एनसीएलटी की दिल्ली पीठ के समक्ष लंबित रिट याचिकाओं या आवेदनों के नतीजों पर निर्भर है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गो फर्स्ट अंतरिम वित्त पोषण की उपलब्धता और डीजीसीए से निर्धारित उड़ानों की मंजूरी मिलने के बाद सेवाओं का परिचालन फिर से शुरू कर सकता है। इसके अलावा, नियामक ने गो फर्स्ट को सभी लागू नियामकीय जरूरतों को पूरा करने और विमानों के उड़ान भरने योग्य होने की भी नियमित जांच करने का निर्देश दिया। एयरलाइन के समाधान पेशेवर (आरपी) ने सेवाएं फिर बहाल करने की योजना 28 जून को डीजीसीए को सौंपी थी। उसके बाद डीजीसीए ने कंपनी की मुंबई और दिल्ली में उड़ानों से संबंधित विभिन्न सुविधाओं का विशेष ऑडिट किया था। विज्ञप्ति में कहा गया है, डीजीसीए ने सुनिश्चित किया है कि विशेष ऑडिट के निष्कर्षों पर गो फर्स्ट द्वारा पर्याप्त रूप से ध्यान दिया गया है।

## इंफोसिस के राजस्व अनुमान में कटौती से शेयर बाजार शिखर से गिरा

एजेंसी

मुंबई । देश की दूसरी बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंफोसिस के राजस्व अनुमान में कटौती से उसके शेयर समेत 21 कंपनियों में आठ प्रतिशत से अधिक तक की गिरावट के दबाव में आज सेंसेक्स 1.31 प्रतिशत लुढ़ककर 67 हजार अंक के शिखर से नीचे गिर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 887.64 अंक का गोता लगाकर 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 66,684.26 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 234.15 अंक लुढ़ककर 19,745.00 अंक पर रहा। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली कंपनियों में बिकवाली हुई लेकिन छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। इससे बीएसई का मिडकैप 0.26 प्रतिशत टूटकर 29,547.28 अंक पर आ गया। वहीं, स्मॉलकैप 0.13 प्रतिशत चढ़कर 34,146.66 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3514 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें से 1772 में गिरावट जबकि 1615 में तेजी रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियों में बिकवाली जबकि शेष 14 में लिवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

विश्लेषकों के अनुसार, इंफोसिस ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जारी परिणाम में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपने राजस्व अनुमान में को 4-7 फीसदी से घटाकर 1-3.5 फीसदी कर दिया है।

इन नतीजों से साफ है कि वैश्विक आर्थिक मंदी का इंफोसिस के नतीजों पर असर पड़ा है। इससे बीएसई के 14 समूह लुढ़क गए, जिसमे सबसे अधिक 4.40 प्रतिशत का नुकसान आईटी समूह के शेयरों को हुआ।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति से मिले अदाणी समूह के मुखिया

नई दिल्ली। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने श्रीलंका में कई परियोजनाओं पर चर्चा करने के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ बैठक की। उद्योगपति ने कहा कि चर्चा में कोलंबो पोर्ट वेस्ट कंटेनर टर्मिनल (डब्ल्यूसीटी) का विकास भी शामिल था। विक्रमसिंघे दो दिन की भारत यात्रा पर हैं। अदाणी समूह की एक प्रमुख सहायक कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) को मार्च 2021 में कोलंबो में वेस्ट कंटेनर टर्मिनल (डब्ल्यूसीटी) के विकास और संचालन के लिए श्रीलंका के अधिकारियों से आशय पत्र (एलओआई) प्राप्त हुआ। एपीएसईजेड श्रीलंका के सबसे बड़े विविध समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी (एसएलपीए) के साथ साझेदारी करेगा।

## इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमी-कंडक्टर सेक्टर में अपार संभावनाएं : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमी-कंडक्टर सेक्टर में शोध, डिजाइनिंग, निर्माण, टेस्टिंग आदि की वैश्विक स्तर पर मांग के अनुरूप प्रदेश में सुविधाएं तथा व्यवस्था उपलब्ध कराना प्रदेश की औद्योगिक प्रगति के लिए आवश्यक है। चौहान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमी-कंडक्टर टॉस्क फोर्स की बैठक को संबोधित कर रहे थे। निवास कार्यालय में बैठक में मुख्यमंत्री ने टॉस्क फोर्स द्वारा प्रस्तुत 'स्ट्रेटजी फॉर बूस्टिंग इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर इन मध्य प्रदेश' पर रिपोर्ट का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक विकास- तकनीकी नवाचार और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार में इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने तथा युवाओं को इस सेक्टर में अवसर उपलब्ध कराने के



लिए निश्चित रोडमेप बनाकर समय-सीमा में गतिविधियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में इलेट्रॉनिक प्रोडक्ट की डिजाइनिंग के लिए प्रदेश में सेंटर फॉर एक्सीलेंस की स्थापना, निजी औद्योगिक घरानों का निवेश आकर्षित करने, प्रदेश में निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निश्चित क्रय की व्यवस्था स्थापित करने, शिक्षण संस्थाओं में शोध संस्कृति के विकास और राज्य शासन तथा उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय के बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया। इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) पर मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सितंबर 2022 में टॉस्क फोर्स गठित की गई थी। फ़ोर्स में सैमसंग के पूर्व वाईस चेयरमेन दीपक भारद्वाज, साइंटेक टेक्नोलॉजी के अंबरीश केला, माइबॉक्स के सीईओ अमित खरबन्दा, आई.आई.टी. इंदौर के प्रोफेसर संतोष विश्वकर्मा, एपिक इंडिया के हरीश वाधवा, डेकी इलेक्ट्रॉनिक्स के विनोद शर्मा शामिल हैं।

टॉस्क फोर्स को राज्य में ईएसडीएम क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार करने का काम सौंपा गया था। टॉस्क फोर्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए समग्र नीति बनाई जाएगी जिसके जिससे लगभग दस बिलियन डॉलर का निवेश आकर्षित करने की योजना है।

## टॉर्क मोटर्स ने जयपुर में पहला एक्सपीरियंस जोन लॉन्च किया

एजेंसी

जयपुर। देश की पहली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल निर्माता, टॉर्क मोटर्स ने राजस्थान में प्रवेश की घोषणा करते हुए शुक्रवार को जयपुर में अपने पहले एक्सपीरियंस जोन का उद्घाटन किया।

कंपनी के अनुसार जयपुर के सोडाला स्थित जी1-जी4, गीतांजलि टावर्स, अजमेर रोड यह 3एस फैसिलिटी ब्रांड की क्रेटोस-आर मोटरसाइकिल का ठिकाना होगी और क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बिक्री एवं बिक्री के बाद की सेवाएं प्रदान करेगी। नया एक्सपीरियंस जोन जयपुर शहर के ग्राहकों और संभावित ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेगा और राजस्थान राज्य में टॉर्क मोटर्स की उपस्थिति स्थापित करने में मदद करेगी। ग्राहक क्रेटोस-आर के करीब जा सकेंगे और व्यापक टेस्ट राइड्स के माध्यम से भारत की पहली इलेक्ट्रिक



मोटरसाइकिल का गहन अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

इस अवसर पर टॉर्क मोटर्स के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कपिल शेल्के ने कहा यह एक्सपीरियंस ज़ोन हमारी नेटवर्क विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि यह राजस्थान राज्य में हमारे प्रवेश का प्रतीक है। हम पेश किए गए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तत्पर हैं। यह राज्य की राजस्थान इलेक्ट्रिक वाहन नीति (आरईवीपी) के अनुरूप ईवी दोपहिया वाहनों के लिए क्षेत्र की बढ़ती मांग को पूरा करेगी।

टॉर्क मोटर्स ने गत वर्ष जनवरी में अपनी प्रमुख मोटरसाइकिल क्रेटोस-आर लॉन्च की। इसके लॉन्च के बाद से, कंपनी को कई बुकिंग के माध्यम से अपनी स्वदेशी रूप से विकसित इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इस साल की शुरुआत में ऑटो एक्सपो में, ब्रांड ने महत्वपूर्ण बदलावों के साथ नया क्रेटोस-आर पेश किया। मोटरसाइकिल में अब पूरी तरह से ब्लैक मोटर और बैटरी पैक के साथ-साथ बेहतर स्टाइल डिकल्स हैं और यह फास्ट-चार्जिंग पोर्ट के साथ आती है।

यह मोटरसाइकिल पांच ट्रेंडी कॅलर्स में उपलब्ध है, जिसमें ग्रे रंगों के साथ नया जेट ब्लैक भी शामिल है। 2,999 रुपए मासिक ईएमआई विकल्पों के साथ, टॉर्क मोटर्स ने क्रेटोस-आर को सभी के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रमुख वित्तीय संगठनों के साथ सहयोग किया है।

## प्राइम डे सेल से प्राइम सदस्यों को 300 करोड़ की बचत

एजेंसी

बेंगलुरु। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉट इन पर प्राइम डे सेल के दौरान प्राइम सदस्यों को 300 करोड़ की बचत हुई क्योंकि हजारों विक्रेता, ब्रांड और बैंक भागीदार प्राइम मैंबरों के लिए बड़ी बचत की पेशकश करने के लिए एक साथ आए थे।

कंपनी ने जारी बयान में कहा कि प्राइम डे का 7वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा प्राइम डे इवेंट साबित हुआ है। 15-16 जुलाई को प्राइम डे 2023 ने प्राइम मैंबरों को शानदार डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉक बस्टर मनोरंजन के माध्यम से इस मौके का भरपूर आनंद उठाने में मदद की है। इस प्राइम डे पर हजारों विक्रेता, ब्रांड और बैंक भागीदार प्राइम मैंबर्स को लगभग 300 करोड़ रुपये की बड़ी बचत की पेशकश करने के लिए एक साथ आए थे।

उसने कहा कि प्राइम मैंबरों ने इस प्राइम डे पर सबसे तेज़ डिलीवरी का आनंद लिया। इस दौरान ग्राहकों को एक ही दिन में सबसे अधिक डिलीवरी प्राप्त हुई।

महानगरों में 3 में से 1 ऑर्डर प्राइम डे ख़त्म होने से पहले डिलीवर किया गया था, और अधिकांश टियर 1 और 2 शहरों में 2 में से 1 ऑर्डर दो दिनों से भी कम समय में डिलीवर किया गया था।

इस प्राइम डे इवेंट में प्राइम मेंबरशिप में जोरदार वृद्धि देखी गई और पिछले साल के प्राइम डे इवेंट की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक सदस्यों ने खरीदारी की।

गौरवशाली भारत



नई दिल्ली
शनिवार 22 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## जम्मू-कश्मीर खेल परिषद को मिला 'अस्थायी' सीएसओ, डीएसओ

जम्मू। जम्मू कश्मीर खेल परिषद ने नियमित व्यवस्था होने तक मुख्य खेल अधिकारी (सीएसओ) और मंडल खेल अधिकारी (डीएसओ) कश्मीर को कथित तौर पर अस्थायी आधार पर नियुक्त किया है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के सरकारी आदेश का हवाला देते हुए जम्मू कश्मीर खेल परिषद ने नियमित व्यवस्था होने तक जेकेएएस रैंक के दो अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश दिये। खेल परिषद के सचिव की ओर से गुरुवार को जारी आदेश में कहा गया, जम्मू-कश्मीर खेल परिषद में शामिल होने के परिणामस्वरूप मोहम्मद हनीफ, जेकेएएस और मुजफ्फर हुसैन वानी, जेकेएएस, जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के भर्ती नियमों के अनुसार नियमित व्यवस्था होने तक क्रमश: मुख्य खेल अधिकारी और मंडल खेल अधिकारी (कश्मीर) के तौर पर कार्यभार संभालेंगे। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर खेल परिषद के एक अधिकारी को निलंबित करने के बाद डीएसओ कश्मीर का पद हाल ही में रिक्त हुआ था। सीएसओ के रूप में अब्दुल कय्यूम की सेवानिवृत्ति के बाद मार्च, 2019 से मुख्य खेल अधिकारी का पद खाली है और अभी तक स्थायी आधार पर इस पद पर किसी की नियुक्ति नहीं हुई है।

## केएससीए टी20 की नीलामी शनिवार को

बेंगलुरु। मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, मनीष पांडे और अभिनव मनोहर जैसे प्रमुख सितारों सहित कर्नाटक राज्य के 700 क्रिकेटरों पर शनिवार को महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 की नीलामी में बोली लगेगी। इस साल का टूर्नामेंट 14 से 30 अगस्त तक एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। मंगलुरु ड्रैगन्स और शिवमोग्गा लायंस टूर्नामेंट की नयी टीमें हैं। गत चैंपियन गुलबर्गा मिस्टिक्स, उपविजेता बेंगलुरु ब्लास्टर्स, मैसूरु वॉरियर्स और हुबली टाइगर्स सहित भाग लेने वाली टीमों की संख्या छह हो गयी है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी के पास नीलामी में 50 लाख रुपये खर्च कर सकेगी। उन्हें कम से कम 16 और अधिक से अधिक 18 खिलाड़ी खरीदने होंगे। खिलाड़ियों को चार श्रेणियों में बांटा जाएगा। श्रेणी-ए में जहां भारत और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खिलाड़ी शामिल होंगे, वहीं श्रेणी-बी में विजय हजारे ट्रॉफी, रणजी ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसे बीसीसीआई राज्य टूर्नामेंट खेल चुके वरिष्ठ खिलाड़ी होंगे। श्रेणी सी में अन्य सभी बीसीसीआई टूर्नामेंट के खिलाड़ी शामिल होंगे, जबकि श्रेणी डी कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के सभी पंजीकृत खिलाड़ियों के लिये आरक्षित है।

## नाइजीरिया ने कनाडा को ड्रॉ पर रोका

मेलबर्न। गोलकीपर चिआमका नाडोजी के उत्कृष्ट रक्षण की मदद से नाइजीरिया ने शुक्रवार को फीफा महिला विश्व कप 2023 के अपने पहले मुकाबले में कनाडा को शून्य गोल के ड्रॉ पर रोक लिया। मेलबर्न रेक्टेंगुलर स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में कनाडा अधिकतर समय नाइजीरिया पर हावी रहा, लेकिन नाडोजी के रक्षण को नहीं भेद सका। नाडोजी ने 50वें मिनट में बेहद महत्वपूर्ण पेनल्टी बचाई और बायीं ओर छलांग लगाकर कप्तान क्रिस्टीन सिंक्लेयर को गोल करने का मौका नहीं दिया। दूसरे हाफ में नाइजीरिया कनाडाई गोल के पास बमुश्किल पहुंच सका, लेकिन कनाडाई खिलाड़ियों को गोल करने से रोकने के लिए पूरी ताकत से बचाव किया। अंतिम सीटी बजने के बाद, नाडोज़ी अपने घुटनों के बल बैठ गईं और उन्होंने अपनी मुट्ठियां हवा में तानकर, ज़ोर से दहाड़ लगाकर जश्न मनाया। इस ड्रॉ के बाद कनाडा और नाइजीरिया दोनों ने ग्रुप बी में एक एक अंक बांटा, हालांकि मिडफील्डर डेबरा एबियोडन को लाल कार्ड मिलने के कारण नाइजीरिया को झटका लगा। एबियोडन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाइजीरिया के अगले मैच में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। इस बीच, स्पेन ने ग्रुप सी में कोस्टा रिका को 3-0 से हराया। स्विट्जरलैंड ने ग्रुप ए में फिलिपींस को 2-0 से मात दी।

## महिला विश्वकप में पहला मैच जीती न्यूजीलैंड की टीम, बड़ा उलटफेर कर नॉर्वे को हराया

नई दिल्ली। सह-मेजबान न्यूजीलैंड की टीम ने गुरुवार को बड़ा उलटफेर करते हुए महिला फुटबाल विश्वकप में पहली बार जीत का स्वाद चख लिया। हन्ना विलकिंसन के गोल की मदद से न्यूजीलैंड की टीम ने टूर्नामेंट के पहले ही मैच में नॉर्वे को 1-0 से शिकस्त दी। ग्रुप-ए के इस मुकाबले में पहले हाफ में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाईं। 1995 की विजेता टीम नॉर्वे को पहले हाफ में गोल करने के मौके मिले, लेकिन न्यूजीलैंड ने उसे गोल में बदलने नहीं दिए। फिर दूसरे हाफ में न्यूजीलैंड की टीम नॉर्वे के डिफेंस को भेदने में सफल हो गई। दूसरे हाफ में 48वें मिनट में हन्ना विलकिंसन ने बॉक्स के अंदर से गोल कर न्यूजीलैंड को मैच में 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि इसके बाद दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाईं। रिकॉर्ड करीब 42,137 दर्शक ईडन पार्क स्टेडियम में मौजूद थे जो न्यूजीलैंड में फुटबाल मैच में एक रिकॉर्ड संख्या है। इस दौरान, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस भी मैच देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने इससे पहले हुए पांच विश्वकप में शिरकत की थी, लेकिन कोई मैच जीतने में सफल नहीं हो पाई थी। दोनों टीमें विश्वकप में 32 साल पहले आमने-सामने हुई थी और तब नॉर्वे ने 1991 में सह न्यूजीलैंड की टीम को 4-0 से शिकस्त दी थी।

## मनिका बत्रा ने दिलाई बेंगलुरु स्मैशर्स को पहली जीत, चेन्नई लायंस को 8-7 से हराया

नई दिल्ली। अल्टीमेट टेबल टेनिस के चौथे सीजन में बेंगलुरू की टीम ने पहली जीत हासिल कर ली है। बेंगलुरु की इस जीत में सबसे अहम योगदान रहा भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का। भारत की सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुतीर्था मुखर्जी को हराकर एक बार फिर से अपना दबदबा कायम किया और अपनी टीम बेंगलुरू स्मैशर्स को सीजन की पहली जीत दिलाई। मौजूदा चैंपियन चेन्नई लायंस पर 8-7 की जीत के साथ बेंगलुरु स्मैशर्स अब लीग तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। मनिका, जो पिछले मुकाबले में मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन श्रीजा अकुला से हार गई थीं। उन्होंने इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चेन्नई लायंस की पैडलर के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी ने पहले गेम की धमाकेदार शुरुआत की और अपने शक्तिशाली फोरहैंड से सुतीर्था को चौंका दिया। बाद में मनिका ने अपने सटीक बैकहैंड का भी इस्तेमाल करते हुए गेम को 11-6 के अंतर से जीत लिया। दूसरे गेम में सुतीर्था ने जोरदार वापसी की। उन्होंने मैच की शुरुआत में बढ़त ले ली और अपने तेज नेट प्ले और टेबल के दोनों ओर सटीक शॉट्स से मनिका को दबाव में डाल दिया।

## भारतीय फुटबॉल टीम 2018 के बाद पहली बार रैंकिंग में शीर्ष 99 में शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने बृहस्पतिवार को 2018 के बाद पहली बार फीफा रैंकिंग में शीर्ष 99 में प्रवेश किया। टीम सैफ चैंपियनशिप खिताब की बदौलत एक पायदान के फायदे से 99वें स्थान पर पहुंच गई। वर्ष 2018 के बाद पहली बार फीफा रैंकिंग में भारत ने इस महीने के शुरू में बंगलूरू में हुई सैफ चैंपियनशिप में लेबनान और कुवैत पर क्रमश: सेमीफाइनल और फाइनल में पेनल्टी शूटआउट से जीत दर्ज की। लेबनान को भी दो पायदान का फायदा हुआ जिससे वह भारत से बिल्कुल नीचे 100वें स्थान पर मौजूद है जबकि कुवैत चार पायदान की छलांग से बृहस्पतिवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में 137वें स्थान पर पहुंच गया। पश्चिम एशियाई देश लेबनान और कुवैत को सैफ चैंपियनशिप के लिए आमंत्रित किया गया था ताकि टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा का स्तर मजबूत रहे। भारत के अब 1208.69 अंक हो गए हैं। भारत की सर्वश्रेष्ठ फीफा रैंकिंग 94 रही है जो टीम ने 1996 में हासिल की थी। टीम 1993 में भी 99वें स्थान पर पहुंची थी जबकि 2017 और 2018 में 96वां स्थान हासिल करने में सफल रही थी। पिछले महीने टीम 100वें स्थान पर थी।

# पेरिस ओलंपिक की तैयारी में महत्वपूर्ण होगी प्रो लीग : सविता




नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने शुक्रवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारी के लिये एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीज़न-5 में बड़ी टीमों से भिड़ने का अनुभव महत्वपूर्ण होगा। भारत की महिला और पुरुष टीम प्रो लीग में अपना अभियान अगले साल भुवनेश्वर में शुरू करेगी। एफआईएच नेशन्स लीग की चैंपियन बनने के बाद एफआईएच प्रो लीग के इस संस्करण में पदोन्नत होने वाली महिला टीम छह फरवरी 2024 को कलिंगा स्टेडियम में चीन के खिलाफ सबसे पहले मैदान में उतरेगी। इसके बाद भारत का सामना नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से होगा।

सविता ने कहा, हमने एफआईएच नेशन्स कप 2022 में कुछ महान टीमों के साथ मुकाबला किया और एफआईएच प्रो लीग में अपनी जगह बनाई। टीम दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ खेलने और उनके खिलाफ अपनी क्षमता का परीक्षण करने की चुनौती का इंतजार कर रही है। भुवनेश्वर के बाद भारतीय महिलाएं राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर भी चीन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेंगी। घरेलू मैचों के बाद, भारतीय महिलाएं बेल्जियम के एंटवर्प और ग्रेट ब्रिटेन के ली वैली में प्रो लीग मुकाबले खेलेंगी, जहां उनका सामना क्रमश: अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन से होगा।

उन्होंने कहा, इन मैचो में हमारे पास यह देखने का अच्छा मौका होगा कि हम कहां खड़े हैं, और हम इस अवसर का उपयोग विशेष रूप से पेरिस 2024 से पहले अपने खेल के मानक को बढ़ाने के लिये करना चाहते हैं।

इस बीच, भारतीय पुरुष हॉकी टीम 10 फरवरी 2024 को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के अपने पहले मैच में स्पेन से भिड़ेगी।

एफआईएच प्रो लीग 2022-23 में भारत चौथे स्थान पर रहा था और इस बार वह पोडियम पर जगह बनाने के लिये प्रतिस्पर्धा करेगा।

### बाबर के चेक पर दो अलग-अलग इनाम, वाडियो वायरल

कोलंबो। श्रीलंका के गॉल में पहले टेस्ट में मेजबान टीम पर पाकिस्तान की जीत के बाद बाबर आज़म की दो अलग-अलग पुरस्कार राशि का चेक स्वीकार करते हुए एक तस्वीर वायरल हो गयी है। बाबर को दिये गये चेक पर शब्दों में दो हज़ार डॉलर जबकि अंकों में 5,000 डॉलर लिखा था। एक प्रशंसक ने तस्वीर पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'जीएसटी काटने के बाद।' किसी और ने टिप्पणी की, 'सीटीसी बनाम इन हैंड सैलरी।' श्रीलंका क्रिकेट ने बाद में एक बयान में कहा कि गुरुवार को श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच पहला टेस्ट मैच जीतने के लिये पुरस्कार राशि के रूप में विजेता टीम को 5000 अमेरिकी डॉलर दिये गये। एसएलसी ने प्रस्तुत किये गये चेक में हुई गलती पर दुख जताया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एसएलसी ने इस घटना के लिये पूरी जिम्मेदारी ली है और क्रिकेट-प्रेमी जनता को आश्वासन दिया है कि इस तरह की 'त्रुटियों' से भविष्य में बचने के लिये कदम उठाये जायेंगे।

# एशिया कप में यातायात से बंगलादेश परेशान

एजेंसी

ढाका। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के क्रिकेट परिचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने गुरुवार को कहा कि एशिया कप 2023 में अत्यधिक यातायात उनके खिलाड़ियों को प्रभावित करेगा।

उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप के लिये टीम को पाकिस्तान भेजने से मना किया था, जिसके कारण यह टूर्नामेंट हाइब्रिड प्रारूप में हो रहा है। इस प्रारूप के तहत, पाकिस्तान चार मैचों की मेज़बानी करेगा, जबकि भारत के मैचों सहित अन्य नौ मुकाबले श्रीलंका में खेले जायेंगे।

बंगलादेश 31 अगस्त को श्रीलंका के खिलाफ कैंडी में अपना पहला ग्रुप-बी मैच खेलने के बाद तीन सितंबर को अफगानिस्तान से भिड़ने के लिये पाकिस्तान जायेगी। बंगलादेश अगर सुपर-4 में क्वालीफाई करती है उसे पुन: श्रीलंका जाना होगा।

क्रिकबज़ की ओर से प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, यूनुस ने यहां पत्रकारों से कहा, हमें पहला मैच खेलने के लिये लाहौर जाना होगा। पहले दौर में दो मैच हैं, एक श्रीलंका में और दूसरा पाकिस्तान में। हमें जाना होगा क्योंकि हम कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, यात्रा को आरामदायक बनाने के लिये एशिया कप अधिकारियों (एशियाई क्रिकेट परिषद) ने टीमों को चार्टर्ड उड़ानों में यात्रा कराने का फैसला किया है। हम चार्टर्ड विमानों से यात्रा करेंगे। यह एशियाई क्रिकेट की जिम्मेदारी है परिषद।

निश्चित रूप से, हम गुणवत्तापूर्ण एयरलाइन से यात्रा करना चाहेंगे, अगर वह राष्ट्रीय एयरलाइन या चार्टर्ड विमान है तो यह सभी के लिये अच्छा होगा। यूनुस ने यात्रा के प्रभाव पर कहा, अगर आप यात्रा करते हैं तो ज़ाहिर तौर पर एक प्रभाव पड़ेगा।

## बुमराह, प्रसिद्ध पूर्ण फिटनेस के करीब


मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा अपनी रिहैब प्रक्रिया के आखिरी चरण में हैं और नेट्स में पूरी तेज़ी के साथ गेंदबाज़ी कर रहे हैं। शाह ने बीसीसीआई की ओर से जारी मेडिकल अप्डेट में कहा, दोनों तेज गेंदबाज अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और नेट्स में पूरी तेज़ी के साथ गेंदबाज़ी कर रहे हैं। यह जोड़ी अब कुछ अभ्यास मैच खेलेगी, जिनका आयोजन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) द्वारा होगा। बीसीसीआई मेडिकल टीम उनकी प्रगति से खुश है और अभ्यास मैचों के बाद उनका आकलन कर अंतिम निर्णय लेगी। बुमराह ने लगभग एक साल से भारत के लिये कोई मैच नहीं खेला है। राष्ट्रीय टीम के लिये वह आखिरी बार सितंबर 2022 में मैदान पर उतरे थे। दूसरी ओर, प्रसिद्ध इस साल स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हो गये थे। इस बीच, शाह ने कहा कि केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने अभ्यास सत्रों में बल्लेबाजी शुरू कर दी है जबकि ऋषभ पंत ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू कर दिया है। शाह ने कहा, उन्होंने (पंत) अपनी रिहैब प्रक्रिया में उल्लेखनीय प्रगति की है और नेट्स पर बल्लेबाजी के साथ-साथ कीपिंग भी शुरू कर दी है। वह वर्तमान में उनके लिये तैयार किये गये एक फिटनेस कार्यक्रम का पालन कर रहे हैं जिसमें ताकत, लचीलापन और दौड़ शामिल है।

# कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग

एजेंसी

योसु। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को जापान के युगो कोबायाशी और ताकुरो होकी को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

सात्विक-चिराग ने अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को 21-14, 21-17 से हराने के लिए सिर्फ 40 मिनट का समय लिया। सेमीफाइनल में विश्व नंबर तीन भारतीय जोड़ी विश्व नंबर दो चीन के लियांग वेंग किंग और वांग चैंग से भिड़ेगी।




यह कोबायाशी और होकी के विरुद्ध सात्विक-चिराग की तीसरी जीत थी जिसके लिए उन्हें ज़रा भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी। इस मुकाबले का मुख्य आकर्षण सात्विक का आक्रामक रवैया रहा जिन्होंने एक बार फिर 500 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से स्मैश मारा। पहले गेम में स्कोर जब 5-5 पर बराबर था तब भारतीय युगल ने आक्रामक रुख अपनाते हुए ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। जापान ने ब्रेक के बाद वापसी करनी चाही लेकिन सात्विक के स्मैश की मदद से भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में जापानी युगल ने बेहतर अनुशासन दिखाया, हालांकि भारतीय जोड़ी 11-9 की बढ़त बनाने में कामयाब रही। सात्विक-चिराग जब 14-9 से आगे थे तब कोबायाशी-होकी ने संघर्ष करते हुए स्कोर 16-16 पर बराबर कर लिया। भारतीय युगल ने इसके बाद अपने जापानी प्रतिद्वंदियों को सिर्फ दो अंक लेने दिए और सीधे सेटों में मुकाबला जीत लिया।

# समुद्र में तैरता मिला 5300 किलो कोकीन

### इसकी कीमत 7 हजार करोड़ रुपए; पुलिस ने 5 लोगों को किया गिरफ्तार

**रोम।** इटली ने समुद्र में तैरती 5300 किलो कोकीन को जब्त किया है। इसकी जानकारी शुक्रवार को सिसली शहर की पुलिस ने दी। कोकेन की कीमत 7 हजार करोड़ रुपए बताई गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस को जानकारी मिली थी कि साउथ अमेरिका से एक जहाज में कोकीन भेजी जा रहा है।



तब से इटली का कोस्ट गार्ड वहां से आने वाले जहाजों पर नजर रख रहा था। तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए कोकीन के पैकेटों को समुद्र में फेंक दिया था। इसके बाद इटली में ड्रग माफिया कोकीन को मछली पकड़ने वाली बोट में डालकर ले जा रहे थे। इसी दौरान इटली के सर्विलांस एयरक्राफ्ट की नजर इन पर पड़ गई।

### 3 देशों के 5 लोग गिरफ्तार

तस्करों को ड्रग्स ले जाते हुए देखने के बाद कोस्ट गार्ड के एयरक्राफ्ट ने सिसली की पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर 2 ट्यूनिशिया, 1 इटली, 1 अल्बानिया और एक फ्रेंच तस्कर को गिरफ्तार किया। इन लोगों से पूछताछ कर इटली में कोकेन भेजने वाले तस्करों के बारे में पता लगाया जा रहा है। वहीं, पुलिस के समय पर लिए गए एक्शन की सिसली राज्य के राष्ट्रपति रिनाटो शिफानी ने सराहना की है। उन्होंने कहा- ड्रग्स हमारे देश के लिए काफी बड़ी मुसीबत है। कुछ बेशर्म लोग परिवारों और लोगों को खतरे में डालने के लिए इसके बीज बोए हैं।

### अप्रैल में 2 हजार किलो कोकीन तैरता मिला

इससे पहले अप्रैल के महीने में भी इटली के कोस्ट गार्ड ने समुद्र में तैरती ड्रग्स को जब्त किया था। सिसिली कोस्ट पर तैर रहे 2 हजार किलो कोकीन के जखीरे पर इटली के मैरिटाइम सर्विलांस एयरक्राफ्ट की नजर पड़ी थी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को अलर्ट किया। 70 पैकेटों को इटली के कस्टम विभाग ने जब्त कर लिया था। जब इसे जमीन पर लाकर पैकेट खोले गए तो उसमें कोकीन निकला। कस्टम के अधिकारियों के मुताबिक कोकीन के पैकेटों को मछली पकड़ने के जाल में लपेट कर फेंका गया था। इसके साथ लुमिनस ट्रैकिंग डिवाइस भी बांधा गया था, ताकि इसे बाद में रिकवर किया जा सके। अधिकारियों के मुताबिक इसे छिपाने के लिए कार्गो शिप से फेंका गया था। तस्करों को उम्मीद थी कि वो बाद में इसे ढूंढ कर तय जगह पर सप्लाई कर देंगे।

### न्यूजीलैंड ने प्रशांत महासागर से निकाला था 3500 किलो कोकीन

समुद्र से इस तरह से कोकीन पकड़ा जाना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले फरवरी में न्यूजीलैंड ने प्रशांत महासागर से 3,500 किलोग्राम कोकीन मिला था। इसकी कीमत 4 हजार करोड़ रुपए थी। इसे काले और पिंक कलर के 81 पैकेटों में सील कर प्रशांत महासागर में फेंका गया था।

## कंजर्वेटिव पार्टी ने एक सीट पर जीता उप-चुनाव, दो पर मिली हार

लंदन। ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के सीट से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई सीट पर उप-चुनाव जीत लिया है, लेकिन उसे दो अन्य सीटों पर हुए उप-चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। ब्रिटेन मीडिया ने शुक्रवार को यह रिपोर्ट दी हैं। स्काई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को ब्रिटेन में तीन निर्वाचन क्षेत्रों में उप-चुनाव कराए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि उप-चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार स्टीव टकवेल ने उक्सब्रिज और साउथ रुइस्लिप पर 495 मतों के मामूली अंतर से जीत दर्ज की। स्काई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, लिबरल डेमोक्रेट उम्मीदवार ने दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के समरसेट काउंटी में हुए उपचुनाव में बहुत बड़ी जीत हासिल की है, उन्हें अपने कंजर्वेटिव प्रतिद्वंद्वी से करीब दोगुने मत प्राप्त हुए। रिपोर्ट में बताया गया है कि सेल्बी और आइंस्टी की उत्तरी यॉर्कशायर सीट पर लेबर पार्टी की जीत के कीर माथेर (25) ब्रिटिश संसद के सबसे युवा सांसद बन गए है।

## परमाणु हमला किया तो उत्तर कोरिया के शासन का अंत होगा: दक्षिण कोरिया

सोल। दक्षिण कोरियाई ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उस पर परमाणु हमला किया गया तो यह 'उत्तर कोरिया के शासन का अंत' हो जायेगा। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने आज यह चेतावनी उत्तर कोरिया के उस बयान के बाद आयी जिसमें उसने कहा है कि क्षेत्र में अमेरिकी परमाणु हथियारों की तैनाती उसके परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए पर्याप्त कारण हो सकती है। गुरुवार को उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री कांग सुन नाम ने हाल ही में दक्षिण कोरिया में अमेरिकी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी की तैनाती की आलोचना करते हुए कहा, यह प्योंगयांग के लिए संभावित रूप से आत्मरक्षा के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए पर्याप्त आधार है। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से कहा है कि दक्षिण कोरिया-अमेरिकी गठबंधन खिलाफ उत्तर कोरियाई परमाणु हमले की स्थिति में तत्काल, जबरदस्त और निर्णायक कदम उठाया जायेगा। उसने कहा, हम फिर से चेतावनी देते हैं हमले के परिणामस्वरूप उत्तर कोरियाई शासन का अंत होगा ।उल्लखेनीय है कि अमेरिका की ओहियो श्रेणी की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी यूएसएस केंटुकी ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्व में बुसान में बंदरगाह बनाया। इसी दिन दोनों देशों के परमाणु सलाहकार समूह की बैठक हुई, जिसके दौरान दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक-योल और उनके अमेरिकी समकक्ष जो बाइडेन ने उत्तर कोरिया को रोकने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## आलोचना के बाद जेलेंस्की ने ब्रिटेन में राजदूत प्रिस्टाइको को किया बर्खास्त

कीव। उक्रेन ने ब्रिटिश सैन्य सहायता के लिए आभार जताने को लेकर उपजे विवाद पर राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की की प्रतिक्रिया की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के बाद ब्रिटेन के राजदूत वादिम प्रिस्टाइको को बर्खास्त कर दिया है। प्रिस्टाइको ने हर सुबह ब्रिटेन के रक्षा मंत्री को धन्यवाद देने के जेलेंस्की के वादे को 'अस्वस्थ व्यंग्य' करार दिया था। यूक्रेन ने बर्खास्तगी का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया लेकिन पुष्टि की कि श्री प्रिस्टाइको अब राजदूत नहीं हैं। इस महीने की शुरुआत में ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री बेन वालेस ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन को चेतावनी दी थी कि उसके सहयोगी 'अमेजॉन नहीं हैं'। उन्होंने कहा कि पश्चिमी राजनेताओं को और अधिक देने के लिए राजी करने के लिए यूक्रेन को प्राप्त हथियारों के लिए आभार व्यक्त करने की आवश्यकता है। वालेस नाटो शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे जब जेलेंस्की ने यूक्रेन को सदस्य बनाने में देरी के लिए सैन्य गठबंधन की आलोचना की। वालेस की टिप्पणी से यूक्रेन में गुस्सा फैल गया और बाद में उन्होंने कहा कि उनके शब्दों को 'कुछ हद तक गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया'। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस बात से 'आश्चर्यचकित' हुए हैं कि यूक्रेन ब्रिटेन के समर्थन को कितना महत्व देता है।

# इंग्लैंड की संसद में उठा मणिपुर का मुद्दा

### सांसद ने कहा- हिंसा में चर्च भी जलाए जा रहे, 100 से ज्यादा लोग मरे

एजेंसी

लंदन। मणिपुर में दो समुदायों के बीच 3 मई को शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। इस बीच ये मुद्दा ब्रिटेन की संसद में भी उठाया गया है। ब्रिटेन में धार्मिक आजादी से जुड़े मामलों की स्पेशल राजदूत और सांसद फियोना ब्रूस ने गुरुवार को बीबीसी पर मणिपुर हिंसा की ठीक से रिपोर्टिंग न करने के आरोप लगाए हैं। ब्रूस ने ब्रिटेन के निचले सदन में सवाल किया- मणिपुर में मई से कई सौ चर्च जलाए गए हैं, 100 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 50 हजार से ज्यादा लोगों को घर छोड़ना पड़ा है। न सिर्फ चर्च बल्कि उनसे जुड़े स्कूलों को भी निशाने पर रखा गया है। ब्रूस ने कहा कि इससे साफ होता है कि ये सब प्लानिंग के तहत किया जा रहा है और धर्म इन हमलों में बड़ा फैक्टर है।



ब्रूस ने कहा कि मणिपुर में लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। उन्होंने पूछा है कि इंगलैंड का चर्च उन लोगों की ओर गौर करने के लिए क्या कर सकता है। ब्रूस ने ये सब बातें अंतरराष्ट्रीय धार्मिक आजादी को लेकर बनाई गई एक रिपोर्ट के आधार पर कही हैं। जो बीबीसी में काम कर चुके रिपोर्टर डेविड कैंपनेल ने बनाई है।

वहीं, एंड्रयू सेलोउस नाम के एक दूसरे सांसद ने मणिपुर के मुद्दे को ब्रिटिश संसद में उठाने के लिए ब्रूस की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ब्रूस ने इस मुद्दे को संसद के सामने लाकर बड़ा काम किया है। मेरी तरह वो भी चाहती हैं कि इस मुद्दे पर बीबीसी और दूसरे मीडिया संस्थान ठीक से रिपोर्टिंग करें। एंड्रयू ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि कैंटरबरी के आर्चबिशप इस मुद्दे पर ध्यान देंगे।

## बंगलादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 155 हुई

ढाका। बंगलादेश में डेंगू बुखार से नौ और लोगों की मौतों की पुष्टि के साथ ही मृतकों की संख्या 155 हो गई है। बंगलादेश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीएफएचएस) ने यह जानकारी दी है। उसने बताया कि मृतकों के इन आंकड़े में जुलाई में 108 और जून में 34 मौतें शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत डीजीएचएस द्वारा बताए गए आंकड़ों के अनुसार कि जुलाई में पहले 20 दिनों के दौरान पिछले महीने 5,956 लोगों के मच्छर जनित बीमारी से संक्रमित होने के बाद डेंगू के 19,569 और मामले दर्ज किए गए। आंकड़ों में बताया गया है कि स्थानीय समयानुसार गुरुवार सुबह 8:00 बजे तक 24 घंटों में ढाका में 845 मामले सहित डेंगू के कुल 1,755 नए मामले सामने आए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज़

### निलंबित आईपीएस जीपी सिंह बर्खास्त किए गए



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीनियर आईपीएस जीपी सिंह को बर्खास्त कर दिया गया है। चुनावी साल में किसी पुलिस अफसर पर ये बड़ी कार्रवाई की तरह है। पिछले साल 2022 में जीपी सिंह को गिरफ्तार किया गया था। सिंह पर राजद्रोह, आय से अधिक संपत्ति जैसे मामले हैं। कुछ महीने जेल में बिताने के बाद सिंह को जमानत मिली थी। मगर अब उनकी सेवा खत्म हो चुकी है। जीपी सिंह को लेकर तीन सदस्य कमेटी बनाई गई थी, जिसे राजस्थान के आईपीएस लीड कर रहे थे। नियमों के मुताबिक 20 की सेवा या 50 साल की उम्र पूरी कर चुके हैं, उन्हें कंपलसरी रिटायरमेंट दी जाती है। कमेटी ने सिफारिश की थी कि जीपी सिंह को कंपलसरी रिटायरमेंट दी जाए। जानकार बताते हैं कि ऐसा कई बार दंड के तौर पर किया जाता है। मगर इसमें पेंशन वगैरह मिलती है। यदि जीपी सिंह बर्खास्त किए जाते तो पेंशन वगैरह के हकदार नहीं होते।

### लैंगिक उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतों की जांच हेतु आन्तरिक परिवाद समिति का करे गठन

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**




बलरामपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द्र ने बताया की महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 की धारा 4 के अनुपालन में जनपद स्तर पर आन्तरिक परिवाद समिति के गठन का प्राविधान किया गया है अत: ऐसे प्रत्येक शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं अशासकीय (निजी) विभाग, संगठन, उपक्रम, स्थापन, उद्यम, संस्था, शाखा अथवा यूनिट में जहां कार्मिकों की संख्या 10 से अधिक है, ऐसे सभी कार्यालयों के नियोजकों द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतों की जांच हेतु आन्तरिक परिवाद समिति का गठन किया जायेगा। यदि कोई नियोजक अपने कार्यस्थल में नियम के अनुसार आन्तरिक परिवाद समिति का गठन न किये जाने पर सिद्ध दोष ठहराया जाता है तो नियोजक पर रू0 50 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किये जाने का प्राविधान है तथा नियोजक द्वारा दूसरी बार सिद्धदोष ठहराये जाने पर पहली दोष सिद्धि पर अधिरोपित दण्ड से दुगने दण्ड का दायी होगा।

### देश के 13 करोड़ घरों में पहुंचा नल से जल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश में 12.6 करोड़ से अधिक घरों को नल से जल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है और 64 प्रतिशत से अधिक गांव खुले में शौच से मुक्त घोषित किये गये हैं। शेखावत ने शुक्रवार को रूरल वाश पार्टनर्स फोरम-आरडब्ल्यूपीएफ के गठन की पहली वर्षगांठ पर यहां आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आरडब्ल्यूपीएफ के इस समारोह के माध्यम से स्वच्छ सुजल भारत की दिशा में प्रगति में तेजी लोने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरडब्ल्यूपीएफ भारत के ग्रामीण वॉश क्षेत्र में काम करने वाला संगठन है जो पेयजल और स्वच्छता विभाग के लिए काम कर रहा है। इस फोरम का मुख्य उद्देश्य जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण को शीघ्रता से आगे बढाना है। इस फोरम के माध्यम से ग्रामीण वॉश क्षेत्र में काम करने वाले सभी संगठनों को एक सामूहिक मंच प्रदान करने का काम किया गया है।

### मणिपुर घटना के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रयागराज। मणिपुर में कुकी समुदाय की दो महिलाओं को सड़क पर निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना को शर्मनाक बताते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में केन्द्र और मणिपुर सरकार के विरोध में नारेबाजी कर प्रर्दशन किया। जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार के अध्यक्ष सुरेश यादव की अगुवाई में जुटे बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर केन्द्र की मोदी सरकार और मणिपुर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लिखे पोस्टर लिए नारेबाजी कर रहे थे। यादव ने मणिपुर ने कहा कि सरकार शुरू में ही मैतेयी समुदाय के लोगों के खिलाफ सख्ती बरतती तो शायद इस हिंसा पर समय रहते काबू पाया जा सकता था। उन्होंने बीरेन सिंह सरकार की कानून व्यवस्था को लुंजपुंज बताते हुए बर्खास्तगी की मांग करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग की।

# बृजमोहन ने उठाया जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों का मामला

**छत्तीसगढ़ में 73 प्रतिशत ग्रामीण परिवार हैं, जिनमें से केवल 47 लाख को ही नल से पानी की आपूर्ति होती है**

रायपुर। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल बृजमोहन अग्रवाल, ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों का मामला उठाते हुए सरकार पर गंभीर आरोप लगाया।

अग्रवाल ने ध्यानाकर्षण में कहा की प्रदेश के 67 लाख से अधिक बीपीएल परिवारों को शुद्ध पेयजल पहुंचाने हेतु संचालित जल जीवन मिशन योजना का 40 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं किया गया है।

बस्तर, कोण्डागांव, नारायणपुर, सरगुजा, बैगाचक (कवर्धा), लोरमी, पेण्ड्रा जैसे दूरस्थ आदिवासी इलाकों में तो 20 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं हुआ है। अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 73 प्रतिशत ग्रामीण परिवार हैं, जिनमें से केवल 47 लाख (12.5 प्रतिशत) को ही नल से पानी की आपूर्ति होती है।



केन्द्र सरकार से मिली राशि का पहले वर्ष 18.85 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 50.23 प्रतिशत और तीसरे वर्ष 26 प्रतिशत ही राज्य सरकार खर्च कर पाई है, वहीं चौथे वर्ष 2,223.98 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है, इसके बावजूद काम बहुत धीरे चल रहा है। इसके कारण केंद्र सरकार ने पहली किस्त के रूप में केवल 491 करोड़ रुपये ही जारी किया। प्रदेश के 168 गांवों और बसाहटों के भूजल में बीमारी का कारण बनने वाले आर्सेनिक और फ्लोराइड जैसे तत्व घुले हुए हैं परंतु वहां जल जीवन मिशन योजना के तहत अभी तक केवल 22.50 फीसदी ही काम हो पाया है।

अग्रवाल ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में एक बड़ी रकम अनावश्यक रूप से एक निजी बैंक में पड़ी रही। योजना के क्रियान्वयन में जुटा अमला और ठेकेदार कई महीनों तक भुगतान को लेकर विभाग का चक्कर काटते रहते हैं।

अग्रवाल ने कहा कि बस्तर जिले में कुल 1 लाख 63 हजार लोगों के घरों तक नल के कनेक्शन दिए जाने हैं, लेकिन योजना को शुरू हुए पूरे 3 साल बीत जाने के बाद भी सिर्फ 41 हजार घरों तक ही नल कनेक्शन पहुंचे हैं। जल मिशन के नाम पर निर्धारित मान के बजाए घटिया पाईप लाईन बिछायी जा रही है। बिलासपुर जिले में करोड़ों के ईओआई टेंडर भ्रष्टाचार के कारण निरस्त करने पड़े एवं महासमुंद जिले में तो अधिकारियों ने करीबी ठेकेदारों से सांठ-गांठ कर अपने रिश्तेदारों तक को टेंडर दे दिया है। करीबियों को टेंडर देने ऑनलाईन टेंडर के समय व तिथि में बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तन किया गया है। कुछ टेंडरों में 4 से 40 मिनट तक का ही समय बढ़ाया गया है।

अग्रवाल ने कहा कि अनेक जिलों में नियमों को ताक में रखकर जल जीवन मिशन के पैसे से कार्ययोजना से बाहर जाकर करोड़ों की सामग्रियां क्रय की गई हैं। समय पर शुद्ध पेयजल नही मिलने से प्रदेश की जनता में राज्य सरकार के खिलाफ भारी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

## कृषि मंत्रालय ने तीन महत्वपूर्ण पहलों को किसानों को किया समर्पित

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) में किसानों को और अधिक सहूलियत देते हुए सटीक उपज अनुमान एवं पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण पहलों- येस्टेक (प्रौद्योगिकी पर आधारित उपज अनुमान प्रणाली), विंड्स (मौसम सूचना डेटा सूचना प्रणाली) और एआईडीई (मध्यस्थ नामांकन के लिए ऐप) को किसानों को समर्पित किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय के तहत, राज्यांश लंबित होने से किसानों को क्लेम मिलने में होने वाली कठिनाइयों से राहत प्रदान करते हुए आठ राज्यों के लगभग 5.60 लाख लाभार्थी किसानों को अपने स्तर पर 258 करोड़ रु. बतौर क्लेम जारी किए। इनमें गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम, ओडिशा व आंध्र प्रदेश के किसान शामिल हैं।

कार्यक्रम में श्री तोमर ने कहा कि कृषि का जीवन व देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। कृषि के समक्ष कितनी भी अनुकूलता हो, इसके बाद भी कृषक को प्रकृति पर निर्भर करना पड़ता है और प्रकृति नाराज हो जाएं तो किसान अपने श्रम से इसकी भरपाई नहीं कर पाता है, इसलिए यह जरूरी समझा गया कि प्राकृतिक प्रकोप से होने वाले नुकसान की भरपाई की व्यवस्था होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कामकाज संभालते ही गांव-गरीब-किसान तीनों पर फोकस किया और अनेक योजनाओं के माध्यम से प्रयत्न किया गया है कि गांवों के जीवन में बदलाव आएं, गरीबों का जीवन बदलें और किसान समृद्ध हों। इस दिशा में कृषि मंत्रालय के जरिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी अनेक योजनाओं का सृजन किया गया। कृषि क्षेत्र में तकनीक के प्रयोग पर बल दिया गया।

अच्छे खाद-बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की गई। कृषि के बजट को देखें तो 2013 की तुलना में लगभग पांच गुना की वृद्धि की गई। इनका सद्परिणाम भी दिख रहा है। हम खाद्यान्न, बागवानी, दुग्ध उत्पादन में दुनिया में अच्छी अवस्था में हैं।

## नौसेना के दूसरे क्विज में जी-20 देशों के स्कूली बच्चे भी लेंगे हिस्सा

नयी दिल्ली । नौसेना के दूसरे वार्षिक क्विज 'जी -20 थिंक' में देश भर के स्कूलों के साथ साथ जी-20 देशों के स्कूली बच्चे भी हिस्सा ले सकेंगे। इस क्विज के लिए 31 जुलाई तक पंजीकरण किया जा सकता है।

नौसेना के अनुसार करीब एक हजार स्कूल इसके लिए पहले ही पंजीकरण कर चुके हैं। पिछले वर्ष थिंक-22 में देश भर से 6425 स्कूलों ने भाग लिया था। इसकी शानदार सफलता के आधार पर इस साल प्रतियोगिता को अंतर्राष्ट्रीय रूप दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य जी-20 की भारत की अध्यक्षता के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण-'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के साथ समुचित तालमेल रखते हुए राष्ट्रीय विरासत, संस्कृति और मूल्यों में हमारे गौरव को परिलक्षित करना है।

जी-20 थिंक में दो स्तर पर क्विज का आयोजन किया जा रहा है पहला राष्ट्रीय तथा दूसरा अंतर्राष्ट्रीय राउंड है। राष्ट्रीय राउंड में देश के सभी हिस्सों से 10 हजार से अधिक स्कूलों की भागीदारी की संभावना है। कई ऑनलाइन राउंड के बाद 16 नवंबर को मुंबई में होने वाले सेमीफाइनल के लिए सोलह स्कूलों का चयन किया जाएगा।

इसके बाद शीर्ष आठ टीमें 18 नवंबर को ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित होने वाले फाइनल में नेशनल क्राउन के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इंटरनेशनल राउंड के लिए भारतीय टीम का चयन एक प्रतिष्ठित जूरी द्वारा किया जाएगा। सभी सेमीफाइनल टीमों को नौसेना डॉकयार्ड का दौरा करने और जहाजों व पनडुब्बियों पर नौसेना कर्मियों के साथ बातचीत करने का अवसर भी मिलेगा।

इंटरनेशनल राउंड में जी-20 देशों के साथ-साथ 9 अन्य देशों के आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे, जिसमें उन देशों की दसवीं तथा बारहवीं कक्षा के दो छात्रों की एक टीम होगी। क्विज अंग्रेजी में आयोजित किया जायेगा और यह अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा। समुचित प्रक्रिया के बाद 22 नवंबर को ऐतिहासिक इंडिया गेट पर भारतीय टीम के साथ इंटरनेशनल फाइनल में भाग लेने के लिए ग्यारह अंतरराष्ट्रीय टीमों का चयन किया जाएगा।

### श्रीनगर में सार्वजनिक स्थानों पर 'तेज धार वाले हथियारों' की बिक्री पर प्रतिबंध

श्रीनगर । श्रीनगर जिले के कई इलाकों में हाल ही में हुई चाकूबाजी की घटनाओं के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को सार्वजनिक स्थानों पर 'तेज धार वाले हथियारों' की बिक्री, खरीद और ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि कमरवारी, बेमिना, क्रालपोरा, बटमालू, नौहट्टा, कोठीबाग, रामबाग सहित श्रीनगर जिले के विभिन्न इलाकों में हाल ही में हुई चाकूबाजी के हमलों के मद्देनजर, डीएम ऐजाज असद ने शुक्रवार को जिले के सार्वजनिक स्थानों पर 'तेज धार वाले हथियारों' की बिक्री, खरीद और ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में, डीएम की ओर से सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आज एक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश में लिखा है कि, श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से संचार के माध्यम से बताया गया है कि पिछले कुछ महीनों के दौरान जिला श्रीनगर जिला में तेज धार वाले हथियारों का उपयोग करके चाकू मारने/हमलों की कई घटनाएं हुई हैं। आदेश में कहा गया है कि, एसएसपी ने चालू वर्ष के पिछले तीन महीनों के दौरान जिला श्रीनगर के कमरवारी, बेमिना, क्रालपोरा, बटमालू, नौहट्टा, कोठीबाग और रामबाग इलाकों में चाकूबाजी की घटनाओं की रूपरेखा तैयार की है।

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन पेश करते हैं अपनी प्रथम 'ग्रीन बिल्डिंग प्रोफेशनल'

**आर्किटेक्चर की छात्रा रमीसा यास्मीन बनती हैं आईजीबीसी प्रमाणित ग्रीन एक्सपर्ट**

अपने द्वारा तैयार किए छात्र जब ऊंचाइयां छूते हैं, एक गुरु और विद्यालय के लिए उससे ज़्यादा आनंदित करने वाला कुछ नहीं हो सकता। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन को कुछ ऐसा ही अनुभव हुआ जब उनके स्कूल ऑफ़ आर्किटेक्चर के चौथे वर्ष की छात्रा सुश्री रामिसा यास्मीन ने आईजीबीसी मान्यता प्राप्त प्रोफेशनल एसोसिएट की उपाधि हासिल की।

इस उपलब्धि ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन की झोली में एक और उपलब्धि जोड़ दी, जिससे उन्हें अपना पहला प्रमाणित हरित वास्तुकार मिल गया। एनईपी 2020 दिशानिर्देशों का पालन करते हुए, WUD ने अपनी स्थापना के बाद से विभिन्न स्थिरता लक्ष्यों को नियोजित किया और अपनाया है ताकि न केवल छात्रों को पुरस्कृत करियर बनाने में मदद मिल सके बल्कि एक हरित और उज्जवल भविष्य के निर्माण में भी योगदान दिया जा सके।

इस इरादे के हिस्से के रूप में, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर ने परिसर में एक IGBC छात्र अध्याय की शुरुआत की, जो स्नातक छात्रों को सस्टेनेबल



विचारधाराओं का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। साथ ही उन्हें एक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करता है जो राष्ट्र और उसके साथ दुनिया का निर्माण करते समय आंतरिक रूप से उनके दिमाग को हरित सोचने के लिए तैयार करता है।

सम्मान से हर्षित, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन के कुलपति डॉ. संजय गुप्ता ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, स्थिरता आज पूरी दुनिया में सबसे मजबूत प्रेरक शक्ति है और वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन में हम इसे अपने शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा बनाने के लिए सभी प्रयास करेंगे।

हमारी पहली ग्रीन बिल्डिंग प्रोफेशनल, हमारी चौथे वर्ष की आर्किटेक्चर छात्रा, रामिसा यास्मीन के साथ साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। उन्हें और स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर को बधाई, जिन्होंने यहां IGBC छात्र चैप्टर शुरू करने की पहल की।

हम एक ऐसी दुनिया से संबंधित हैं जिसके संसाधन तेजी से कम हो रहे हैं, ऐसे मॉडलों के निर्माण के साथ-साथ विकल्प और कटौती समय की मांग है जो आत्मनिर्भर हों और पहले से मौजूद प्रणालियों पर अत्यधिक दबाव न डालें।

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ़ डिज़ाइन जैसे विश्वविद्यालय बेहतर कल के लिए आशा की किरण हैं क्योंकि उनका मानना है कि प्रगति तब तक नहीं मानी जा सकती जब तक कि यह प्रकृति के अस्तित्व को समायोजित न कर ले।

# समस्या : स्वच्छ भारत मिशन को पार्षद कर रहे कमजोर






**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**

- जल जनित एवं मच्छर जनित रोगों से मंडरा रहा संक्रमण का खतरा
- सीवर चैम्बर के खुले ढक्कन दे रहे हादसों को न्यौता
- नालियों के ओवर फ्लो से बढ़ रही भीषण बिमारियों की आशंका
- जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, पीड़ित परिवारों ने लगाई कई बार गुहार

यमुना विहार। मानसूनी बारिश के कारण दिल्ली के कुछ भागों में आयी बाढ़ को देखते हुए और निचले इलाकों में जलभराव की समस्या की स्थिति से निपटने के लिए जहां एक तरफ दिल्ली सरकार ने जल जनित एवं मच्छर जनित रोगों से सावधान रहने की सलाह दे रही है।

तो वहीं यमुना विहार इलाकों में रह रहे लोगों के लिए सीवर नालियों के पानी निकासी में रुकावट और जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं से परेशान होना पड़ रहा है।

गौरवशाली भारत को मिली जानकारी में, यमुना विहार क्षेत्र जहां पर जरा सी बारिश होने पर जलभराव की समस्या बन जाती है और ऐसे में अगर नगर निगम कर्मचारी सही तरीके से अपना कार्य ना करें तो समस्या ज्यादा गंभीर हो जाती है यही समस्या क्षेत्र यमुना विहार के सी-वन ब्लॉक में बनी हुई है। पिछले 2 से 3 वर्षों से लगातार पीड़ित परिवार यहां के एमएलए और निगम पार्षद के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन, समस्या जैस की तस बनी हुई है। जिम्मेदार इस गंभीर समस्या पर कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं।

यहां तक कि, नगर निगम कर्मचारी भी इस एरिया में अपनी सेवाओं से वंचित दिखाई पड़ रहे हैं।

बता दें कि, इन नालियों के मध्य से पीने की पाइपलाइन समेत गैस ईंधन की एचपीजी पाइपलाइन भी गुजर रही है। चैम्बर के खुले ढक्कन सरेआम हादसों को न्यौता दे रहे हैं। साथ ही खुली नालियों के ओवर फ्लो से भीषण बिमारियों की आशंका बढ़ रही है। गली में फैला यत्र-तत्र कचरा सहित बदबूदार जलभराव से संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है।

जहाँ एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है वहीं यमुना विहार के इस क्षेत्र में नगर निगम पार्षद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान को कमजोर करने में लगे हैं।

### बाराबंकी में युवक ने की बहन की हत्या

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने प्रेम प्रसंग से क्षुब्ध होकर अपनी बहन की गला काट कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव में 18 वर्षीय युवती का एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक माह पूर्व वह युवक के साथ चली गई थी जिसके बाद युवक और युवती को पुलिस ने बरामद किया था। युवक जेल चला गया था जबकि युवती परिजनों को सौंप दी गई थी। इस घटना से युवती का भाई उससे नाराज चल रहा था। शुक्रवार सुबह युवती नहाने के लिए घर के पास अहाते में गई थी। इसी दौरान उसका भाई रियाज धारदार हथियार लेकर पहुंचा और बहन पर ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए।

## नोडल अधिकारी व मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज, ड्रग वेयर हाउस व नाला निर्माण निरीक्षण किया



**निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता संग किये जाय पूर्ण**

सोनभद्र । जनपद में निर्माणाधीन स्थल एंव अन्य स्थानों का मण्डलायुक्त व नोडल अधिकारी का संयुक्त दायित्व निर्वहन करते डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने आकस्मिक निरीक्षण किया एवं खामियों पर चेतावनी भी दी। निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के निरीक्षण की तारतम्यता में मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, लोक निर्माणा विभाग के अधिकारी व मेडिकल कालेज निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधि के साथ बैठक की। इस दौरान मण्डलायुक्त ने मेडिकल कालेज निर्माण कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की जिस कड़ी में यह तथ्य संज्ञान में आया कि मेडिकल कालेज निर्माण कार्य की प्रगति धीमी है, जिस पर मण्डलायुक्त ने मेडिकल कालेज के निर्माण हेतु नामित एजेन्सी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये।

मण्डलायुक्त ने कहा कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता में है, इसका निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा किया जाय और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा कालेज के निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जॉच की जाय। इस सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ ही निर्माण कार्य के दौरान मैनपावर की संख्या बढ़ाने और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा मैनपावर की संख्या का मूल्यांकन करते हुए उसकी भी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश निर्गत किये मण्डलायुक्त ने। निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के बॉय्ज हास्टल, गर्ल्स हास्टल सहित विभिन्न एकेडमिक का निरीक्षण किया।

## परफेक्ट ब्यूटी एंपायर के ब्यूटी अवॉर्ड शो में योग विशेषज्ञ अलका सिंह को किया सम्मानित

**परफेक्ट ब्यूटी एंपायर द्वारा दिल्ली के वाई डब्ल्यू सी ए में किया गया मेकअप कंपटीशन और लाइव स्टेज मेकअप का आयोजन**

नई दिल्ली। परफेक्ट ब्यूटी एंपायर की डायरेक्टर हरजिंदर चीमा डायरेक्टर डॉ नदीम अहमद को डायरेक्टर जपनाम चीमा को डायरेक्टर डॉ अलका सिंह के द्वारा यह आयोजन किया गया। मेकअप की दुनिया में एक नया नाम जुड़ गया जिसका आगाज़ YWCA मे हुआ। योग की दुनिया का एक जाना माना नाम रोग विशेषज्ञ अलका सिंह पूरे शो के दौरान मौजूद रही। शेड्स ऑफ इंडिया मैगजीन की डायरेक्टर सविता अरोरा द्वारा अल्कासिंह जी को क्राउन पहनाया गया और अवार्ड से सम्मानित किया गया। परफेक्ट ब्यूटी अंपायर ब्यूटी अवार्ड शो बहुत ही मनमोहक और शानदार रहा।



अलका सिंह स्वास्थ्य का संदेश देती हैं उनका कहना है कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, इसलिए इसे नियमित योग करके बरकरार रखें। आज योग ने पूरी दुनिया को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया है।

आज योग जहां पर है वहां तक उसे पहुंचाने में आधुनिक भारत के कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।अलका सिंह एक ऐसा नाम है, जिन्होंने अपनी मेहनत और योग में उच्च श्रेणी के अनुभव के चलते अपनी अलग पहचान बनाई है।

इस शो के अंदर अवार्ड शो मेकअप कंपटीशन और ब्राइडल लाइव स्टेज का आयोजन हुआ। सभी में वहां शो की बड़ी तारीफ की सभी का एक्सपीरियंस यहां का बहुत गजब रहा। शो के अंदर मुख्य भूमिका में सहयोगी रहे गीता डागर जी SHIZZB इंडिया की डायरेक्टर, सविता अरोड़ा जी शेड्स ऑफ इंडिया मैगजीन डायरेक्टर फाउंडर, शिल्पी बहादुर, स्मृति चड्ढा महाजन शिल्पस्मृति स्पार्कलिंग इवेंट, परफेक्ट ब्यूटी एंपायर के द्वारा किए गए इस इवेंट के अंदर लाइव स्टेज परफॉर्मेंस में माही मेहज़बी ने इंडियन ब्राइडल लुक दिया, कोटा राजस्थान की बॉलीवुड मेकअप आर्टिस्ट शिवानी कक्कड़ ने भी बॉलीवुड ब्राइडल लुक दिया, वहीं दिल्ली की जानी-मानी मैकअप आर्टिस्ट सोनिया शर्मा ने भी स्टेज पर अपनी लाइव परफॉर्मेंस दी. ब्राइडल कंपटीशन की बात करें तो 3 विनर घोषित किए गए निशा फर्स्ट रनर अप रही,2nd रनर अप पल्लवी मेकओवर रही,3rd रनर अप काजल गुर्जर रही। बॉलीवुड सेलिब्रिटीयों ने पहुंचकर अपनी मौजूदगी दर्ज की बॉलीवुड एक्टर जुनेद हुसैन खान, राज शर्मा, राखी तंवर, उस्ताद मोहम्मद जुनेद खान सेलिब्रिटी सिंगर ने पहुंचकर अपनी मौजूदगी दर्ज की। SHIZZB इंडिया द्वारा सभी अतिथियों और विजेताओं को सम्मानित किया गया।